www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 30 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -295 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





राजनीतिक फायदे के लिए मुद्दे को तूल दे रही भाजपा 02

■ टॉप-10 बिल्डरों पर 94.61 करोड़ बकाया
■ सांसद का घेराव करने सड़क पर उतरे किसान 03

■ इजरायली सेना ने पिछले 48 घंटों में 350 से अधिक...
■ चीन ने ताइवान के पास स्थायी रूप से चार... 07

'बिग बॉस 17' एक यादगार यात्रा,... 10

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का बड़ा दावा

# मोदी फिर प्रधानमंत्री बने तो यह आखिरी चुनाव होगा

## 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका



■ ओडिशा में कार्यकर्ताओं को कर रहे थे संबोधित
■ बीजेपी और आरएसएस को जहर के समान बताया

**भुवनेश्वर,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को आशंका व्यक्त की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर फिर से जीतते हैं तो यह देश का आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, अगर नरेंद्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। वह ओडिशा के भुवनेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने लोगों से बीजेपी और आरएसएस से दूर रहने का आग्रह करते हुए आरोप लगाया कि वे जहर के समान हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहा, आपको और एक बात कहता हूं, ये आखिरी चुनाव है। अगर मोदी जी फिर से आ गए तो चुनाव नहीं होने देंगे। देश में तानाशाही आ जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा, 'मानो या न मानो, अभी भी देख रहे हम, परसों ही हमारे पास के एक नेता को उधर लेकर गए...' उन्होंने कहा, देखो, एक-एक को नोटिस देना, डराना, धमकाना- उसकी दोस्ती अगर नहीं छोड़ेंगे, फिर हम देख लेंगे।'

**रूस में इलेक्शन जैसा होगा हाल**

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, डरकर कोई दोस्ती छोड़ रहा है, कोई पार्टी छोड़ रहा है, कोई गठबंधन छोड़ रहा है, अरे, इतने डरपोक लोग अगर रहे तो क्या ये मुल्क बचेगा, क्या ये संविधान बचेगा, क्या ये डेमोक्रेसी बचेगी। इसलिए ये आखिरी मौका है आपको वोट देने का। इसके बाद कोई वोट नहीं देगा क्योंकि रूस में पुतिन का जो प्रेसिडेंट इलेक्शन होता है, वैसा ही होता चला जाएगा।' आप अगर चाहते हो तो डेमोक्रेसी बच सकती है। अगर आप नहीं चाहते हो, गुलाम रहना चाहते हो तो फिर आपकी मर्जी।

**एक व्यक्ति के छोड़ने से कमजोर नहीं होंगे**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए में लौटने पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि इसका चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के महागठबंधन छोड़ने से हम कमजोर नहीं होंगे। उन्होंने कहा, हम बीजेपी को हराएंगे।'

बिहार पहुंची भारत जोड़ो यात्रा, राहुल बोले

## देश के विकास के लिए सामाजिक व आर्थिक न्याय जरूरी



■ किशनगंज जिले में एक रैली को किया संबोधित
■ दो भाइयों में झगड़ा कराना बीजेपी की विचारधारा

**पटना।** बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी ने कहा कि देश तभी विकसित होगा, जब लोगों को सामाजिक और वित्तीय न्याय मिलेगा। बिहार के किशनगंज जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए, कांग्रेस नेता ने कहा, मैं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए यहां बिहार आया हूं। जब मैंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की और 4000 किमी की यात्रा की, तो कई लोगों ने कहा कि हमारी यात्रा उस भूमि पर नहीं गई, जो सामाजिक न्याय के लिए जानी जाती है। उन्होंने मुझसे पूर्वोत्तर क्षेत्र से महाराष्ट्र तक एक और यात्रा करने के लिए कहा और मैंने स्वीकार कर लिया और भारत जोड़ो यात्रा में न्याय जोड़कर मणिपुर से महाराष्ट्र तक यात्रा शुरू करने का फैसला किया।'

मैं मणिपुर से आया हूं और बीजेपी की विचारधारा को करीब से देखा हूं। मैं मणिपुर के लोगों से बातचीत करता हूं। वह राज्य सात महीने से बीजेपी और आरएसएस की विभाजनकारी विचारधारा के कारण जल रहा है। उन्होंने मणिपुर में लोगों को दो समुदायों में बांट दिया है। हालात ऐसे हैं कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के दुश्मन बने हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री पिछले सात महीनों से वहां नहीं गए हैं। दो भाइयों के बीच झगड़ा कराना बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा है।'

# ईडी ने लालू प्रसाद से की पूछताछ

करीब नौ घंटे बाद बाहर निकले राजद सुप्रीमो



नौकरी के बदले जमीन मामला

**पटना,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव से सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 'नौकरी के बदले जमीन' मामले में पूछताछ की। लालू प्रसाद से करीब नौ घंटे तक पूछताछ की गई। 'नौकरी के बदले जमीन' मामले ईडी के समन के बाद श्री यादव पटना स्थित ईडी कार्यालय गए। उनके साथ उनकी बेटी और राजद की राज्यसभा सदस्य मीसा भारती भी थीं, लेकिन उन्हें ईडी कार्यालय परिसर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई।

बाद में श्रीमती भारती को ईडी कार्यालय परिसर के अंदर जाने की इजाजत दे दी गई। वह श्री यादव के लिए दवा-पानी सौंपकर ईडी दफ्तर से बाहर निकलीं। जब अधिकारियों ने उन्हें कार्यालय परिसर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी तो उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई थी।

नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े मामले की जांच ईडी कर रही है। आरोप के अनुसार, श्री यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील सरकार के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

## राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव




■ 50 सदस्यों का कार्यकाल दो अप्रैल को पूरा हो रहा
■ छह सदस्यों का तीन को पूरा हो जाएगा कार्यकाल

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने एलान किया है कि राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आंध्र प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों, बिहार में छह सीटों, छत्तीसगढ़ में एक सीट पर, गुजरात में चार सीटों, हरियाणा में एक सीट पर, हिमाचल प्रदेश में एक सीट पर, कर्नाटक में चार सीटों, मध्य प्रदेश में पांच सीटों, महाराष्ट्र में छह सीटों, तेलंगाना में तीन सीटों, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों, उत्तराखंड में एक सीट पर, पश्चिम बंगाल में पांच सीटों, ओडिशा में तीन सीटों और राजस्थान में तीन सीटों पर चुनाव होने हैं। जिन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल इस साल समाप्त हो रहा है, उनमें अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह आदि का नाम शामिल है।

सरकार ने बजट सत्र से पहले बुलाई सर्वदलीय बैठक

## संसद भवन की लाइब्रेरी में आज होगी बैठक

■ संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने दी जानकारी
■ बजट सत्र की 31 जनवरी से होगी शुरुआत



**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। संसद का बजट सत्र शुरू होने से एक दिन पहले मंगलवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस सर्वदलीय बैठक में सरकार सभी राजनीतिक दलों से आगामी बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए सहयोग की अपील करेगी। सरकार की तरफ से केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार यानि 30 जनवरी को सुबह 11:30 बजे संसद भवन परिसर के पार्लियामेंट लाइब्रेरी बिल्डिंग में बजट सत्र के एजेंडे को लेकर यह सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक के लिए संसद के दोनों सदनों -- लोक सभा और राज्य सभा में सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स को आमंत्रित किया गया है।

### एक फरवरी को पेश होगा आम बजट

बजट सत्र के दूसरे दिन 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। चूंकि यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट होगा और इसके बाद सरकार को लोक सभा चुनाव के मैदान में जाना है, इसलिए यह कहा जा रहा है कि इस अंतरिम बजट में मोदी सरकार महिलाओं, किसानों, युवाओं और देश के गरीबों के लिए कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा कर सकती है।



आपको बता दें कि संसद का आगामी बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और इसके 9 फरवरी तक चलने की संभावना है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट सत्र होगा। बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। राष्ट्रपति दोनों सदनों-लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर का दावा

## सात दिनों के भीतर सीएए लागू होगा



**कोलकाता,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने देश में अगले सात दिनों के भीतर नागरिक संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करने का दावा किया है। उन्होंने दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में एक सार्वजनिक बैठक में भाषण के दौरान यह बात कही। शांतनु ठाकुर ने लिखित में इसकी गारंटी भी दी है। मीडिया से बात करते हुए शांतनु ठाकुर ने कहा, 'धार्मिक, सामाजिक और नीति पर विचार करने के बाद ही सीएए को लागू किया जाएगा। सीएए को अचानक लागू करने से देश में तनाव की स्थिति पैदा हो सकती थी। अब गृह मंत्रालय की तरफ से इस फैसले को लिया गया है। सात दिनों के भीतर देश में सीएए लागू किया जाएगा। इसकी गारंटी मैंने आपको दे दी है। राज्य में इसे लागू करने की आवश्यकता नहीं है। इसे लेकर हमें मुख्यमंत्री से बात करने की जरूरत नहीं है। यह केंद्र सरकार का मुद्दा है।'

### बीजेपी के फेक आईडी कार्ड मत लेना: ममता

*देश में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के लागू होने की चर्चा फिर से तेज हो गई। इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) चीफ ममता बनर्जी ने सोमवार को बीजेपी पर हमला किया। कूच बिहार जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पूर्वी राज्य के सीमावर्ती इलाके के लोगों से आग्रह किया कि वो बीजेपी के फर्जी पहचान पत्र को स्वीकार न करें, नहीं तो वो राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के दायरे में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ एक राजनीतिक चाल है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने की परीक्षा पर चर्चा

## दबाव झेलने के लिए सामर्थ्यवान बनें



■ अच्छी नींद व संतुलित आहार को बताया जरूरी

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। छात्रों के साथ 'परीक्षा पर चर्चा' करते हुए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वयं को प्रेशर झेलने के लिए सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। यह मानकर चलना चाहिए जीवन में दबाव तो बनता रहता है। प्रधानमंत्री ने छात्रों को पढ़ाई करने के साथ-साथ अच्छी नींद, संतुलित आहार व फिजिकल एक्टिविटी के लिए भी प्रेरित किया। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री से पहला प्रश्न ओमान में भारतीय स्कूल की छात्रा डेन्या ने पूछा। दिल्ली के कक्षा 12 के छात्र अर्श व अन्य छात्रों ने पूछा कि सामाजिक अपेक्षाएं दबाव बनाती हैं और इन दबाव से कैसे बाहर निकल सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दबाव वह होता है जो हमने खुद ही तैयार किया है, मसलन सुबह इतने बजे उठना ही उठना है, इतने प्रश्न हल करने ही हैं। हमें धीरे-धीरे आगे बढ़ना चाहिए, जितना हमने आज किया अगले दिन उससे थोड़ा आगे बढ़कर करें।

## सिमी पर लगा प्रतिबंध 5 साल के लिए और बढ़ा

गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट करके दी जानकारी

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्र सरकार का इस्लॉमिक चरम पंथ के खिलाफ रवैया सख्त बना हुआ है। सोमवार को आतंकवादी संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगा प्रतिबंध अगले पांच साल के लिए और बढा दिया गया। इसकी जानकारी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट करके दी। बतादें कि सिमी एक चरमपंथी संगठन है। पहली बार इस पर प्रतिबंध देश में 9/11 की आंतकी कार्रवाई के बाद लगाया था। सिमी पर आरोप लगा था कि इसके संबंध आतंकवादी संगठनों के साथ है और यह आतंकवादी हमले मे भी शामिल है। हालांकि 5 अगस्त 2008 में एक विशेष न्यायाधिकरण ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया था, लेकिन अगले दिन 6 अगस्त 2008 को सुप्रीम कोर्ट ने फिर से प्रतिबंध लगाने का आदेश दे दिया।

आंदोलन | *लद्दाखियों ने 3 फरवरी को लेह चलो का दिया नारा*

# राज्य के दर्जे के लिए लद्दाखियों ने भरी हुंकार

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 29 जनवरी (देशबन्धु)। कई सालों की जंग के बाद लद्दाखियों को जो यूटी का दर्जा मिला वे उससे नाखुश हैं। यही कारण है कि अब उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरते हुए आंदोलन की शुरुआत करते हुए 3 फरवरी को लेह चलो का नारा दिया है। दरअसल उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने उनकी मांगों का मसौदा स्वीकृत करने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया है।**

■ छठी अनुसूची में स्थान पाने को आंदोलन हुआ तेज

और अब लद्दाख की जनता अब अपनी मांगों के प्रति खुल कर मैदान में आ गई है। अब केंद्र सरकार से मुलाकातों के बाद केंद्र के आग्रह पर लद्दाख के नेताओं ने केंद्र को मसौदा तो सौंपा पर उस पर कोई सकारात्मक रूख नहीं अपनाया गया है जिसमें लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग के साथ ही 6वीं अनुसूची को भी लागू करने की मांग की गई थी जबकि ऐसा न होने पर आंदोलन तेज करने की धमकी व चेतावनी दी गई थी।




**गृह मंत्रालय को सौंपा था मसौदा**

जानकारी के लिए लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और 6वीं अनुसूची की मांग करते हुए लेह और करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस की सर्वोच्च संस्था ने कुछ दिन पहले गृह मंत्रालय को एक विस्तृत मसौदा सौंपा था। शीर्ष संस्था के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने पत्रकारों को यह जानकारी दी थी। मसौदे में बताया गया था कि इतिहास, सामरिक महत्व, पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखते हुए; उत्तर पूर्व के अन्य राज्यों के साथ समानता और विभिन्न अन्य मापदंडों के आधार पर, लद्दाख राज्य का दर्जा पाने का हकदार है। और अब विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों और लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) ने लोगों से 3 फरवरी, 2024 को निर्धारित 'लेह चलो' आंदोलन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है। एक बयान में कहा गया है कि लेह के एनडीएस स्टेडियम में 3 फरवरी को सुबह 10 बजे के आसपास शुरू होने वाले विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य छठी अनुसूची से संबंधित प्रमुख मुद्दों के समाधान के लिए सरकार पर दबाव डालना है।

शीर्ष निकाय के उपाध्यक्ष त्सेरिंग लाक्रोक ने गृह राज्य मंत्री के साथ शीर्ष निकाय और केडीए के बीच एक पूर्व बैठक का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने मांगों की लिखित पुष्टि का अनुरोध किया था।


सार संक्षेप

### भारत-सऊदी अरब संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू



**नई दिल्ली।** भारत और सऊदी अरब के सैनिकों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' सोमवार को राजस्थान की महाजन रेंज में शुरू हो गया। सैन्य अभ्यास आज से शुरू होकर 10 फरवरी तक चलेगा। सऊदी अरब के 45 सदस्यों के सैन्य दल का नेतृत्व रॉयल सऊदी लैंड फोर्स कर रही है। भारतीय सेना की टुकड़ी में भी 45 सैन्यकर्मी शामिल हैं जिनका प्रतिनिधित्व ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स की एक बटालियन कर रही है।

### भारतीय युद्धपोत ने ईरानी नौका को लुटेरों से बचाया



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए समुद्री लुटेरों के कब्जे से ईरान की एक नौका को छुड़ा लिया तथा बंधक बनाये गए 17 नाविकों को भी सुरक्षित बचा लिया। आईएनएस सुमित्रा ने ईरान के ध्वज वाली नौका से लुटेरों के कब्जे में घिरने का संदेश मिलते ही मानक प्रक्रिया के अनुसार तुरंत कदम उठाते हुए कार्रवाई की और नौका को घेर लिया।

### न्यूजक्लिक के संपादक की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को मीडिया आउटलेट न्यूज़क्लिक पर लगे आरोपों पर यूएपीए के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में इसके संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ा दी। इन पर चीन के समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए पैसे लेने का आरोप है।

### अंगीठी के धुएं से दम घुटने से मां-बेटे की मौत



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में अपने घर में अंगीठी के कारण दम घुटने से 23 वर्षीय एक महिला और उसके दो वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्यों की तबीयत खराब हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान असोला निवासी अंजलि और उसके बेटे शंभू के रूप में हुई। परिवार ने उस कमरे में अंगीठी का इस्तेमाल किया, जिसमें दरवाजे के अलावा कोई वेंटिलेशन नहीं था।

### कर्नाटक में बस-ट्रैक्टर की टक्कर में 4 बच्चों की मौत

**बागलकोट।** कर्नाटक के बागलकोट जिले में सोमवार को एक स्कूल बस और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में एक लड़की सहित चार बच्चों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। यह घटना जिले के जामखंडी शहर के करीब स्थित अलागुर गांव के पास तड़के हुई।

# देश

उवाच

मैं मराठा समुदाय के आरक्षण के संबंध में महाराष्ट्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय और दिए गए आश्वासन से सहमत नहीं हूं। इससे राज्य में असंतोष फैल सकता है क्योंकि यह ऐतिहासिक परंपराओं वाले मराठा समुदाय और अन्य पिछड़े समुदायों पर अतिक्रमण होगा।

-नारायण राणे, केंद्रीय मंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 20.0 | 10.0 |
| मुंबई | 29.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 23.0 | 14.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 23.0 |

# विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का ड्राफ्ट खतरनाक : कांग्रेस

**नई दिल्ली, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने मोदी सरकार को दलित और आदिवासी विरोधी करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह विश्वविद्यालयों में आरक्षण समाप्त करना चाहती है इसलिए सरकार ने प्रोफेसरों के आरक्षित पदों को अनारक्षित किया और कांग्रेस के जबरदस्त विरोध के बाद उसने कहा कि पहले की व्यवस्था ही लागू रहेगी। कांग्रेस के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक एवं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष

- **कांग्रेस ने मोदी सरकार को बताया दलित व आदिवासी विरोधी**
- **विश्वविद्यालयों में आरक्षण समाप्त करना चाहती है इसलिए सरकार ने प्रोफेसरों के आरक्षित पदों को अनारक्षित किया**

डॉ. उदित राज तथा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोठिया ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी की एक गाइडलाइन आई जिसमें कहा गया कि विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर के पदों पर अनुसूचितजाति-जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं इसलिए इन पदों को



**कड़े विरोध के बाद यूजीसी ने बहाल की पुरानी व्यवस्था : डॉ. उदित राज**

अनारक्षित किया जाना चाहिए। सरकार के इस फरमान पर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध किया तो यूजीसी ने कहा कि हम ऐसा नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज अगर प्रोफेसर के पद खाली हैं तो उसका ये मतलब नहीं कि अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसीके कैंडिडेट मौजूद नहीं हैं। कैंडिडेट मौजूद हैं लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया जाता है, ताकि पदों को डिरिजर्व कर उन्हें जनरल कैटेगरी से भरा जाए। डॉ. उदित राज ने कहा कि यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों को डी-आरक्षित करने और पर्याप्त आरक्षित उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें सामान्य वर्ग के लिए खोलने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। जनता की राय देने की अंतिम तिथि समाप्त हो रही है।

### भाजपा का आरक्षण विरोधी चेहरा आ रहा सामने : कमलनाथ

**भोपाल।** पूर्व सीएम कमलनाथ ने भाजपा पर आरक्षण विरोधी होने का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा अब खुलकर सामने आता जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जिस तरह से विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त करने के लिए ड्राफ्ट तैयार किया है। वह अत्यंत खतरनाक प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि इस ड्राफ्ट में कहा गया है कि अगर उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से योग्य उम्मीदवार नहीं मिलते है तो आरक्षित सीटों को अनारक्षित कर दिया जाए। यह आरक्षण समाप्त करने की स्पष्ट साजिश है।



#### कांग्रेस ने किया जनविरोधी कदम का कड़ा विरोध

कांग्रेस ने इस जनविरोधी कदम का कड़ा विरोध किया तो यूजीसी को बयान जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि ऐसा कोई कदम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कहने का कोई औचित्य नहीं है कि योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे सैकड़ों और हजारों मामले हैं जहां योग्य उम्मीदवार उपलब्ध हैं लेकिन भेदभावपूर्ण आधार पर खारिज कर दिए जाते हैं। लिलोठिया ने कहा कि संविधान में एससी, एसटी तथा ओबीसी महिलाओं के लिए शिक्षा का जो अधिकार दिया गया था, भाजपा आरएसएस उसे छीनना चाहती है। हमारी मांग है कि यूजीसीके चेयरमैन जगदीश कुमार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए और वे पूरे बहुजन समाज से माफी मांगे। श्री कुमार को जेएनयू में वीसी बनाया गया। आज जेएनयू में धर्म की राजनीति घुस चुकी है। जगदीश कुमार आरएसएस की कठपुतली हैं। संसद के अंदर बताया गया था कि 45 सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 42 प्रतिशत एसटी-एससी ओबीसी के पद खाली हैं। यह बेहद गंभीर मुद्दा है।

## कश्मीर में दो लोगों पर पीएसए के तहत मामले दर्ज

**श्रीनगर, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को बारामूला जिले में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के मामले में दो लोगों पर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने दोनों की पहचान खानपोरा बारामूला निवासी फैयाज अहमद कुमार उर्फ नर्शिमा और जनबाजपोरा बारामूला के सफीर अहमद भट उर्फ सफीर मौलवी के रूप में की है।

एक पुलिस बयान में कहा गया कि राष्ट्र विरोधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बारामूला पुलिस ने सक्षम प्राधिकारी से औपचारिक हिरासत आदेश प्राप्त करने के बाद सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत दो व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को सेंट्रल जेल कोट-बलवाल जेल जम्मू में रखा गया है। पुलिस ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और ये कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और तोड़फोड़ में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज होने के बावजूद उन्होंने अपनी राष्ट्र-विरोधी और असामाजिक गतिविधियों को नहीं छोड़ा।

## सीबीआई ने की किरू जलविद्युत परियोजना मामले में छापेमारी

**श्रीनगर, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सिविल कार्यों के लिए निविदा देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की जांच के तहत सोमवार को दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में लगभग आठ स्थानों पर तलाशी ली। किरू जलविद्युत परियोजना का क्रियान्वयन चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) द्वारा किया जा रहा है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी में लगभग 21 लाख रुपए से अधिक की नकदी के अलावा डिजिटल उपकरण, कंप्यूटर, संपत्ति दस्तावेज तथा आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। तत्कालीन अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी (1994 के आईएएस अधिकारी) के खिलाफ जम्मू-कश्मीर सरकार से प्राप्त एक संदर्भ के आधार पर तत्कालीन प्रबंध निदेशक; सीवीपीपीपीएल के तत्कालीन निदेशक, एक निजी कंपनी और अज्ञात अन्य के खिलाफ तत्काल मामले दर्ज किये गये थे। यह आरोप लगाया गया था कि किरू जलविद्युत परियोजना से संबंधित सिविल कार्यों के आवंटन में, ई-टेंडरिंग के संबंध में दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया था। यह भी आरोप लगाया गया कि हालांकि सीवीपीपीपीएल की 47वीं बोर्ड बैठक में रिवर्स नीलामी के साथ ई-टेंडरिंग के माध्यम से पुन: निविदा करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन चल रही निविदा प्रक्रिया को रद्द करने के बाद



इसे लागू नहीं किया गया और बोर्ड की 48वीं बैठक में 47वीं बैठक के निर्णय को पलट दिया गया। भ्रष्टाचार के आरोपों को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने उजागर

- **दिल्ली व जम्मू-कश्मीर में आठ स्थानों पर ली तलाशी**
- **21 लाख रुपए से अधिक की नकदी के अलावा डिजिटल उपकरण बरामद हुए**

किया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी। भ्रष्टाचार के आरोपों को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने उजागर किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

## सार संक्षेप

### तेलंगाना में कार-लॉरी की टक्कर से पांच की मौत

**नलगोंडा/तेलंगाना।** तेलंगाना में नलगोंडा जिले मिर्यालगुडा में अडांकी-नारकेटपल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग कार और लॉरी की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में दो बच्चों और एक महिला सहित पांच लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान महेश, ज्योति, रिशिता, भूमा महेंद्र और लियांशी के रूप में हुई है। दुर्घटना के समय ये लोग विजयवाड़ा और अन्य स्थानों की तीर्थयात्रा पूरी करने के बाद मिर्यालागुडा में अपने पैतृक गांव नंदीपाडु लौट रहे थे। घायल व्यक्ति को मिर्यालागुडा के एरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और लॉरी और उसके चालक को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

### बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में चार एजेंडों पर मुहर

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद सोमवार को मंत्रिमंडल की हुई पहली बैठक में चार प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री पद की रविवार को शपथ लेने के बाद श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को पूर्वाह्न मंत्रिमंडल की हुई बैठक में चार प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने विधानमंडल के बजट सत्र की तारीख बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। पहले विधानमंडल का बजट सत्र 05 फरवरी से शुरू होना तय हुआ था। मंत्रिमंडल ने इसके साथ ही राज्यपाल के परामर्श से विधानमंडल के बजट सत्र की नई तिथि तय करने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। इसके अलावा वित्त विभाग से संबंधित दो प्रस्तावों को भी मंत्रिमंडल ने स्वीकृति प्रदान की।

### नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार छह लोगों को कैद

**अगरतला।** त्रिपुरा की राजधानी अगरतला की एक स्थानीय अदालत ने छह लोगों को तीन दिन की जेल की सजा सुनाई है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने संयुक्त अभियान में इन लोगों को रविवार को अगरतला रेलवे स्टेशन पर सस्ते नशीले पदार्थ के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली प्रतिबंधित कफ सिरप की 970 बोतलों के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, रेलवे सुरक्षा कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर रानी कमलापति एक्सप्रेस में छापा मारा। इसमें बिहार के पांच युवक (गोयलाबस्ती क्षेत्र, बिहार से आकर बसने वालों की एक कॉलोनी) एक स्थानीय निवासी के साथ सवार थे। ये लोग प्रतिबंधित पदार्थ को पश्चिम बंगाल और बिहार ले जाने के फिराक में थे।

## बीरेन सिंह ने इंफाल रिंग रोड परियोजना की रखी आधारशिला

**इंफाल, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने सोमवार को इंफाल पश्चिम में तकयेल खोंगबल मनिंग लीकाई में इंफाल रिंग रोड परियोजना की



आधारशिला रखी। लगभग एक हजार 766 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की वित्तीय सहायता से शुरू किया जाएगा। बीरेन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार कई विकासात्मक परियोजनाएं चला रही है जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और नेताओं को हमेशा जमीनी स्तर पर लोगों के कल्याण के लिए काम करना चाहिए। राज्य में शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि लाम्फेलपैट वाटरबॉडी कायाकल्प परियोजना लगभग 650 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में 300 एकड़ जल निकाय क्षेत्र और मनोरंजन केंद्र के लिए लगभग 140 एकड़ जमीन शामिल है। सिंह ने केबल कार के माध्यम से चेइरो चिंग में मनोरंजन केंद्र और इंफाल व्यू टॉवर को जोड़ने की सरकार की योजना की जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जो प्रवासी पक्षी पहले देखे जाते थे, वे लगभग 109 वर्षों के बाद इन दिनों लाम्फेलपाट में देखे जा सकते हैं।

**एक हजार 766 करोड़ रुपए की आएगी लागत**

### कर्नाटक के मांड्या में हनुमान ध्वज से जुड़े विवाद पर बोले सिद्धारमैया

## राजनीतिक फायदे के लिए मुद्दे को तूल दे रही भाजपा

**बेंगलुरू, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** कर्नाटक के मांड्या के एक गांव हनुमान ध्वज उतारने का मामला बढ़ता जा रहा है। भाजपा इस मुद्दे पर धरना प्रदर्शन कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री ने भाजपा पर इस मुद्दे को राजनीतिक फायदे के लिए तूल देने का आरोप लगाया। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि भाजपा बेवजह का मुद्दा बना रही है। उन्होंने सिर्फ राष्ट्रीय ध्वज और कन्नड़ ध्वज फहराने की अनुमति ली थी। जिला प्रशासन ने इस पर कार्रवाई की। चुनाव आ रहे हैं, इसलिए भाजपा इसे राजनीतिक रंग दे रही है। मैं भी हिंदू हूं और सभी लोगों से प्यार करता हूं। मैं सह-अस्तित्व और सहनशीलता में विश्वास रखता हूं। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले अनावश्यक मुद्दे पैदा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्यूलर) को दोषी ठहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुमति केवल राष्ट्रीय या राज्य ध्वज फहराने के लिए दी गई थी, इसलिए जिला प्रशासन ने हनुमान ध्वज



**मैं हिंदू हूं और सहअस्तित्व में विश्वास करता हूं : सिद्दारामैया**

को उतार कर उचित कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि चुनाव आ रहे हैं इसलिए भाजपा इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है। गौरतलब है कि यह विवाद तब पैदा हुआ जब मांड्या प्रशासन ने पुलिस की मदद से जिले के केरागोडु गांव स्थित एक ध्वजस्तंभ से हनुमान ध्वज को हटा दिया। हनुमान ध्वज को राष्ट्रीय ध्वज से बदल दिया गया। इसके बाद, भाजपा और जेडीएस कार्यकर्ताओं ने कल सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को हिंदू विरोधी बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। हनुमान ध्वज हटाने के राज्य सरकार के फैसले के विरोध में आज दोनों पार्टियों ने मांड्या और बेंगलुरु में पदयात्रा निकाली। पदयात्रा केरागोडु गांव से शुरू होकर जिला कलेक्टर कार्यालय तक गई। मांड्या में बढ़ते तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने हालात को नियंत्रण में रखने के लिए मांड्या जिले के केरागोडु गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। रविवार को यहां भाजपा-जेडीएस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। सोमवार को भी दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन और नारेबाजी करते रहे। केरागोडु गांव में भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जुट गए हैं और लोगों ने नारेबाजी की। विपक्षी पार्टी भाजपा ने इस मुद्दे पर सरकार को घेर लिया है।

### सफल नहीं होंगे भाजपा के प्रयास : शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि बीजेपी राजनीतिक फायदे के लिए राज्य के मांड्या जिले में शांति भंग करने की कोशिश कर रही है। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने हनुमा द्वाजा से जुड़े विवाद पर मीडियाकर्मियों से कहा कि भाजपा नेता राजनीतिक लाभ के लिए मांड्या में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। मांड्या के कई निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है, इसलिए वे जेडीएस के साथ हाथ मिलाकर राजनीतिक आधार तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के प्रयास सफल नहीं होंगे क्योंकि मांड्या के लोग सहिष्णु और धर्मनिरपेक्ष हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वे भाजपा के हथकंडों में नहीं फंसेंगे। हमारा उद्देश्य राज्य के सभी क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना है। भाजपा ने कांग्रेस पर हिंदू विरोधी पार्टी होने का आरोप लगाया है।



## भाजपा का अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

**पटना, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सभा सचिव को दिया है। नोटिस में कहा गया है कि अब सदन का सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी में विश्वास नहीं रहा है।



अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतनराम मांझी, पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता तारकिशोर प्रसाद, जदयू के रत्नेश सदा समेत कई और विधायकों के हस्ताक्षर हैं। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 128 और महागठबंधन के 114 विधायक है जबकि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के विधायक अख्तरुल ईमान किसी गठबंधन के साथ नहीं हैं।

### राजद कोटे से विधानसभा अध्यक्ष बने थे चौधरी

गौरतलब है कि अगस्त 2022 में महागठबंधन सरकार बनने के बाद चौधरी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे से विधानसभा अध्यक्ष बने थे। अब जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन से नाता तोड़कर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ सरकार बनाई है तब चौधरी के सभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं देने पर उन्हें बहुमत से हटाने को तैयारी की जा रही है।

## कश्मीर के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात

**श्रीनगर, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा



हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में बारिश होने से आवागमन ठप हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में और अधिक हिमपात होने के आसार हैं। यातायात अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी के शोपियां जिले को जम्मू संभाग के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड और लद्दाख को जोड़ने वाली रणनीतिक श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी सड़क को बर्फ जमा होने के कारण ऐहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। गुलमर्ग, सोनमर्ग, दूधपथरी, तंगमर्ग, गुरेज घाटी, बांदीपोरा के त्रागबल और कुपवाड़ा के कर्नाह में पर्यटक रिसॉर्ट्स में हिमपात हुआ और अभी भी विभिन्न स्थानों पर वर्षा और हिमपात जारी है।

## ओडिशा की जनता को धोखा दे रही है बीजद सरकार : खड़गे

**भुवनेश्वर/ओडिशा, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर हमला करते हुए सोमवार को कहा कि उनका ओडिशा से कोई लेना देना नहीं है और वह भाजपा के साथ मिलकर प्रदेश के आदिवासियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

खड़गे ने सोमवार को यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने ओडिशा को पारादीप बंदरगाह, राउरकेला स्टील प्लांट, चिल्का नेवल अकादमी, मंचेश्वर रेल कोच फैक्ट्री, एचएएल, आर्डिनेंस फैक्ट्री, एम्स और कई बड़े शिक्षा संस्थान दिए लेकिन आज पटनायक भाजपा के साथ मिलकर यहां की नैसर्गिक संपत्ति को लुटाने की इजाजत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा को जगन्नाथ जी का पुण्य क्षेत्र माना जाता है और पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जीवन का आखिरी कांग्रेस अधिवेशन 1964 में यहीं किया था। पंडित नेहरू और बीजू पटनायक बहुत अच्छे दोस्त थे और वह नेहरू की विचारधारा को मानते थे लेकिन आज उनके पुत्र नवीन पटनायक भाजपा



**भाजपा के साथ मिलकर आदिवासियों को नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप**

की विचारधारा को मानते हैं। ओडिशा में भाजपा जो चाहती हैं बीजू जनता दल वही करती है। दोनों की मिलीजुली सरकार है। बीजद ने मोदी सरकार की मिलीभगत से सबसे अधिक नुकसान ओडिशा के आदिवासियों का किया है। दलितों और कमजोर तबकों का नुकसान किया है। नवीन पटनायक और दिल्ली में मोदी सरकार दोनों मिल कर आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन लूट रहे है जिसके बीच ओडिशा के किसान, मज़दूर, आदिवासी, दलित और गरीब लोग तबाह हो रहे हैं।

तैयारी | *राहुल गांधी के स्वागत के लिए पूर्णिया तैयार*

## कांग्रेस का रैली में दो लाख से ज्यादा लोगों के जुटने का दावा

**पूर्णिया, 29 जनवरी (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में बिहार में हैं। इस क्रम में वे मंगलवार को पूर्णिया पहुंचेंगे जहां रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करेंगे। कांग्रेस का दावा है कि इस रैली में दो लाख लोग भाग लेंगे। कांग्रेस नेता और एआईसीसी सदस्य निर्मल वर्मा ने सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राहुल गांधी के स्वागत के लिए पूरी तैयारी की गई है। पूर्णिया में कई स्थानों पर तोरण द्वार लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मिथिला के परंपरागत पान, पगड़ी, मखान से भी बिहार की धरती पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा से बिहार में कांग्रेस और मजबूत होगी तथा इंडिया गठबंधन यहां सभी सीटों पर जीत हासिल करेगा।



**बिहार पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

मणिपुर से 14 जनवरी से प्रारंभ न्याय यात्रा बिहार में किशनगंज के रास्ते प्रवेश कर चुकी है। पूर्णिया में होने वाली राहुल गांधी की इस रैली की तैयारी के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश सिंह समेत तमाम बड़े नेता कई दिनों से पूर्णिया में कैंप कर रहे हैं।

कांग्रेस के विधायक भी लगातार तैयारियों में जुटे हैं। पूर्णिया शहर को राहुल गांधी के स्वागत में पोस्टर, बैनर, तोरण द्वार से पाट दिया गया है। एआईसीसी सदस्य निर्मल वर्मा ने दावा किया कि बिहार की जनता राहुल गांधी को उम्मीद की नजर से देख रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रशासनिक बाधाओं का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह 31 जनवरी से मालदा से अपने दूसरे चरण में प्रवेश करेगी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डब्ल्यूबीपीसीसी) के प्रवक्ता के अनुसार, 31 जनवरी को मालदा जिले के भालुका में राज्य सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में राहुल गांधी के लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी करने के कांग्रेस राज्य नेतृत्व के प्रस्ताव को राज्य प्रशासन ने खारिज कर दिया है। राज्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य प्रशासन ने कहा है कि चूंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उस दिन एक प्रशासनिक समीक्षा कार्यक्रम के लिए मालदा में होंगी, इसलिए सभी राज्य संचालित गेस्ट हाउस उस दिन किसी भी तीसरे पक्ष के लिए प्रतिबंधित रहेंगे। इसी तरह कांग्रेस को मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर शहर के बहरामपुर स्टेडियम में एक फरवरी को एक बैठक आयोजित करने की अनुमति अभी तक नहीं मिली है। इस मामले में भी मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन ने उस दिन जिले में मुख्यमंत्री की मौजूदगी बताई है।

कांग्रेस के मालदा जिला महासचिव भूपेन्द्रनाथ हलदर ने कहा कि हमने दोपहर के भोजन कार्यक्रम की अनुमति के लिए पहले ही आवेदन कर दिया था और इस संबंध में उचित मानदंडों को बनाए रखा था। हालांकि आखिरी समय में हमारा आवेदन खारिज कर दिया गया।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना,लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# नई सौर ऊर्जा नीति से कई समस्याएं होंगी हल : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने सोलर पॉलिसी 2024 को लेकर की लोगों को दी जानकारी

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्लीवालों के लिए सोमवार का दिन बहुत बड़ी खुशखबरी लेकर आया। केजरीवाल सरकार 'दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024' लेकर आई है, जिसे लागू होने से दिल्ली के अंदर आवासीय एरिया में रहने वाले सभी परिवारों का बिजली का बिल जीरो आएगा, जबकि कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल उपभोक्ताओं का बिजली का बिल भी आधा हो जाएगा। इस पॉलिसी से दिल्ली में न सिर्फ महंगाई दर में कमी आएगी, बल्कि वायु प्रदूषण भी कम करने में मदद मिलेगी। दिल्ली सचिवालय में प्रेसवार्ता कर सीएम अरविंद केजरीवाल ने नई पॉलिसी को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी के तहत आवासीय सेक्टर में जो लोग भी अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाएंगे, उसको 700 से 900 रुपए प्रति व्यक्ति अतिरिक्त आमदनी भी हो सकती है। दिल्ली के लोग अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाते हैं तो उनका बिजली का बिल जीरो होने के साथ-साथ 700-900 रुपए अतिरिक्त आदमनी भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने सोलर पॉलिसी 2024 जारी की है। इससे पहले 2016 में सोलर पॉलिसी जारी की गई थी, जिसने दिल्ली में सोलर पावर की बुनियाद रखी। नई पॉलिसी अपनाने वाले आवासीय एरिया के उपभोक्ताओं का बिजली बिल जीरो आएगा



### सोलर पैनल लगाने पर बिजली बिल जीरो होने के साथ-साथ आमदनी भी होगी : अरविंद केजरीवाल

और उन्हें 700 से 900 रुपए तक की अतिरिक्त आमदनी भी होगी। इससे उपभोक्ताओं का 4 साल के अंदर सोलर पैनल लगाने में आया खर्च भी रिकवर हो जाएगा। इस दौरान बिजली मंत्री आतिशी के अलावा जस्मीन शाह भी मौजूद रहे। केजरीवाल ने सोमवार को 'दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024' के संबंध में दिल्ली सचिवालय में प्रेसवार्ता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 जारी की है। इससे पहले जब 2015 में हमारी सरकार बनने के बाद 2016 में हम लोगों ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2016 जारी की थी। 2016 में जारी हमारी सोलर पॉलिसी पूरे देश में सबसे प्रोग्रेसिव पॉलिसी गई थी। एक तरह से सोलर पॉलिसी 2016 ने दिल्ली के अंदर सोलर पॉवर की बुनियाद रखी। सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली के लोगों ने अब तक अपने घरों की छत पर लगभग 250 मेगावॉट क्षमता के सोलर पैनल लगवाए हैं। इसके अलावा, सोलर पॉलिसी 2016 के तहत डिस्कॉम ने 1250 मेगावॉट सोलर पावर बाहर से खरीदी है। इस तरह, सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली के अंदर अब तक करीब 1500 मेगावॉट सोलर पावर स्थापित हुई है। केजरीवाल ने कहा कि सोलर पावर से वायु प्रदूषण कम होता है। हम लोगों ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ईवी पॉलिसी भी बनाई है, जो देश की सबसे प्रोग्रेसिव ईवी पॉलिसी है और आज दिल्ली को ईवी कैपिटल ऑफ इंडिया कहा जाता है। दिसम्बर 2023 में दिल्ली में कुल खरीदे गए वाहनों में से करीब 20 फीसद इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने ने कहा कि दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके तहत जो लोग अपने घर के उपर सोलर पैनल लगवाएंगे, उनका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। दिल्ली में हमारी सरकार हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री देती है। 200 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वालों का बिजली का बिल जीरो आता है। 201 से 400 यूनिट तब बिजली इस्तेमाल करने वालों का बिजली का बिल आधा (50 फीसद) आता है। इसके अलावा, 400 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करने वालों का पूरा बिल आता है।

### सरकार उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पावर जेनरेशन एसेसमेंट कराएगी : आतिशी

बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि इसमें दिल्ली सरकार पावर जेनरेशन असेसमेंट का भी प्रावधान करेगी। इसके लिए सरकार कुछ संस्थाओं से टाइअप करने जा रही है। ये संस्थाएं सैटेलाइट के माध्यम से पूरी दिल्ली में कहां कितनी क्षमता है, उसका आंकलन कराएगी। इससे यह फायदा होगा कि उपभोक्ता को यह आंकलन नहीं करना पड़ेगा कि उसके घर की छत पर कितनी पावर जेनरेट की जा सकती है। उपभोक्ताओं को यह दिक्कत आती है कि वो कितना सोलर पैनल लगवाएं। सरकार उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसेसमेंट उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा, दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में कैंप लगाएंगे, ताकि लोगों को सरकार के पास न आना पड़े, बल्कि सरकार ही उनके पास जाए।

# डीएमआरसी ने एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर का रंग कोड बदला

## गोल्डन रंग का चयन ट्रेनों में बेहतर विजिबिलिटी सुनिश्चित करेगा

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। यात्रियों को बेहतर विजिबिलिटी और सुविधा देने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने चौथे चरण के आगामी दिल्ली एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर का कलर कोड सिल्वर से गोल्डन में बदलने का फैसला किया है। दिल्ली मेट्रो के प्रवक्ता अनुज दयाल ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि ट्रेनों पर सिल्वर के बजाय गोल्डन रंग को अधिक प्रमुखता से और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है, जो मेट्रो ट्रेनों की स्टेनलेस स्टील बॉडी की समग्र सिल्वर की बनावट के साथ मिश्रित हो जाता है। उन्होंने कहा कि कलर कोड के रूप में गोल्डन का चयन ट्रेनों में बेहतर विजिबिलिटी सुनिश्चित करेगा और यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक होगा। दिल्ली मेट्रो ने यात्रियों की आसान पहचान के लिए अपने सभी परिचालन गलियारों को कलर-कोडित किया है। उस विशेष गलियारे के कोड को दर्शाने वाली एक रंगीन पट्टी ट्रेनों के मुख्य भाग पर प्रमुखता से प्रदर्शित की जाती है। उदाहरण के लिए, द्वारका सेक्टर 21 से नोएडा/वैशाली तक ब्लू



लाइन पर चलने वाली ट्रेन में खिड़की के नीचे एक नीली पट्टी होती है। दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण का एयरोसिटी-तुगलकाबाद मेट्रो कॉरिडोर 15 स्टेशनों के साथ 23.62 किमी लंबा होगा। दयाल ने कहा कि यह गलियारा कश्मीरी गेट-राजा नाहर सिंह वायलेट लाइन को एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन से जोड़ेगा और राष्ट्रीय राजधानी के दक्षिणी हिस्से में कई नए क्षेत्रों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इस गलियारे के मार्च 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### गिफ्ट वार्म्थ रिन्यू द्वारा सर्दियों में बांटे गए दो लाख कंबल

**नई दिल्ली।** अग्रणी डीकार्बनाइजेशन समाधान प्रदान करने वाली कंपनी, रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने 'गिफ्ट वार्म्थ' का 9वां संस्करण शुरू करने की घोषणा की है। यह कड़ाके की ठंड में समाज के वंचित वर्गों की सहायता करने की एक पहल है। इस साल, रिन्यू ने दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों में 2,00,000 से अधिक कम्बल, स्थानीय प्रशासन के सहयोग से बांट चुकी है। यह कम्बल वितरण अभियान जनवरी तक चलेगा, ताकि सबसे अधिक ठंड पड़ने के दौरान इसका अधिकतम फायदा मिल सके। इस वर्ष रिन्यू ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 30,000 कंबल वितरित किये। सस्टेनेबिलिटी की को-फाउंडर और चेयरपर्सन, वैशाली निगम सिन्हा ने कहा कि हाल के वर्षों में जलवायु संकट के कारण शीत लहर की तीव्रता बढ़ी है। मौसम में होने वाले उतार-चढ़ाव के कारण लाखों लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रिन्यू में हम हमेशा समुदायों को लौटाने में यकीन करते आए हैं और गिफ्ट वार्म्थ कड़ाके की ठंड के महीनों में वंचित वर्गों के साथ खड़े होने की दिशा में हमारा एक छोटा कदम है।

### देव लेबटेक वेंचर्स लैब ग्रोन डायमंड की उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** बीएसई-एसएमई लिस्टेड कंपनी-देव लेब टेक वेंचर्स लि.102 करोड़ की लागत से पर्यावरण प्रेमी लेब ग्रोन डायमंड की उत्पादन क्षमता का विस्तार करने वाली है.इससे 50 से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा.ऐसा करार करने वाली लेबग्रोन डायमंड क्षेत्र की एकमात्र कंपनी है। गांधीनगर में जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुए गुजरात वाइब्रेट समिट 2024 में कंपनी ने सरकार के साथ करार किया था। लेब ग्रोन डायमंड उद्योग के मेक इन इंडिया मिशन के तहत इसे सरकार द्वारा काफी प्रोत्साहन दिया गया है। साथ ही बजट में भी सरकार द्वारा आरएंडडी ग्रांट के मार्फत तथा सिक्स पर आयात शुल्क में कमी के मार्फत पर्यावरण प्रेमी लेब ग्रोन डायमंड उद्योग को प्रोत्साहन देना चालू रखे जाने की संभावना है। कंपनी लेब ग्रोन डायमंड के लिए प्लाज्मा टेक्नोलॉजी के साथ एमपीसीवीडी-फुली ऑटोमेटिक मशीन स्थापित कर उत्पादन क्षमता का विस्तार करेगी। कंपनी निर्यात पर ध्यान बढ़ाने वाली है और विकसित बाजारों की मांग पूरी करेगी।

### हत्या के मामले में वांछित व्यक्ति पंजाब से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 23 वर्षीय एक व्यक्ति, जो अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने पड़ोसी की पत्थर और चाकू से हत्या करने के बाद फरार था, को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान सिरसपुर, समयपुर बादली निवासी अमरजीत सिंह उर्फ मंगा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 7 जनवरी की शाम करीब 7:30 बजे दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। समयपुर बादली इलाके में मामूली बात को लेकर मारपीट हो गई। झगड़े के दौरान गुरप्रीत सिंह की पांच लोगों अमरजीत, सागर, तापसी, बिल्लू और रवींद्र उर्फ रवि ने बेरहमी से हत्या कर दी। जांच के दौरान, सागर, तापसी, बिल्लू और रवींद्र को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन अमरजीत फरार हो गया। अमरजीत को पकड़ने के लिए निगरानी तेज कर दी गई और एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने जानकारी जुटाई और पंजाब के तरनतारन जिले के नौरंगाबाद गांव में अमरजीत के ठिकाने का पता लगाया।

# सदन की बैठक में 25 में से 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक सोमवार को सिविक सेंटर में आयोजित की गई। इस बैठक में 25 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 7 प्रस्तावों को पोस्टपोन किया गया है। इसके अलावा एक प्रस्ताव को रिजेक्ट और एक प्रस्ताव को रैफर बैक किया गया है। अब कल से निगम का बजट सत्र शुरू होगा। इसमें बजट के ऊपर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि आज सदन की बैठक बुलाई थी। लेकिन हमेशा की तरह बीजेपी के पार्षदों ने सदन की बैठक को चलने नहीं दिया। हमारी बीजेपी के पार्षदों से सदैव अपील रहती है की सदन की बैठक शांतिपूर्ण तरीके से चले। सभी महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाए, ताकि दिल्ली के विकास कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो। सभी पार्षद प्रस्तावों पर अपने विचार व्यक्त करें, ताकि सकारात्मक चर्चा की जा सके। बीजेपी पार्षद कभी भी सदन की गरिमा का सम्मान नहीं करते हैं। हमें आज भी शोरशराबे में ही प्रस्तावों को पास करना पड़ा। बीजेपी के पार्षद नहीं चाहते हैं कि



### ढलाव घरों पर बनेंगे कियोस्क

दिल्ली के विकास के लिए नई नीतियां बनें और नए कार्य हों। उन्होंने कहा कि सदन की बैठक में 25 प्रस्ताव लाये गए। इसमें से 7 प्रस्ताव को पोस्टपोन, एक को रिजेक्ट और एक को रैफर बैक किया गया। इनमें सदन की बैठक में ऑन टेबल लाए गए 6 महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी शामिल हैं, जिन्हें सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इन प्रस्तावों में स्कूल की मरम्मत, ढलाव घर पर कियोस्क खोलने संबंधी प्रस्तावों को पास किया गया है। कई कंपनियां और सोसायटी अपने कियोस्क ढलाव घरों पर खोल सकेंगी। बजट को लेकर मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि कल से सदन में बजट पर चर्चा शुरू होगी। इसके अलावा 5,6 और 7 फरवरी को भी सदन में बजट को विस्तृत चर्चा की जाएगी। नेता सदन मुकेश गोयल 8 फरवरी को संशोधनों के बाद फाइनल बजट सदन में पेश करेंगे। सदन में निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती दिसंबर में बजट स्वीकृति हेतु प्रस्तुत कर चुके हैं।

### पत्रकार आदर्श शर्मा के निधन पर लाया गया शोक प्रस्ताव

पत्रकार आदर्श शर्मा के निधन पर सदन की बैठक में शोक प्रस्ताव लाया गया। नेता सदन मुकेश गोयल ने शोक संदेश पढ़ा। इसके बाद दो मिनट का मौन रखा गया। सदन के स्थगित होने के बाद नेता सदन मुकेश गोयल ने आदर्श शर्मा की प्रतिमा पर आम आदमी पार्टी की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार आदर्श शर्मा ने लंबे समय तक एमसीडी की रिपोर्टिंग की। इस दौरान जन हितैषी मुद्दों को अपनी कलम के जरिए जनता तक पहुंचाया।

# नागरिक हितों में कार्य न करके केवल टैक्स बढ़ाने में लगी आप : इकबाल सिंह

## दिल्ली सरकार पर लगाया सार्वजनिक यातायात की व्यवस्था को ठप करने का आरोप

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी नागरिक हितों में कार्य न करके केवल जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ाना चाहती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बढ़ते हुए वायु प्रदूषण के मद्देनजर ग्रेप नियमों के लागू होने पर आम आदमी पार्टी पार्किंग शुल्क में चार गुना बढ़ोतरी करना चाहती थी मगर भारतीय जनता पार्टी के विरोध के बाद आम आदमी पार्टी यह प्रस्ताव स्थगित करना पड़ा। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम आदमी पार्टी नागरिक हितों में कार्य ना कर के नागरिकों पर टैक्स का बोझ बढ़ाना चाहती है। आम आदमी



पार्टी की दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक यातायात की व्यवस्था को ठप कर दिया है और अब ये लोग पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी करके नागरिकों को दोहरी मार मारना चाहते थे। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी की मेयर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके स्टैंडिंग कमिटी पावर हाउस को देने का एक नया ढोंग रचा है। मेयर स्टैंडिंग कमिटी के चुनाव करवाना ही नहीं चाहती है। इन लोगों को यह डर है कि इनके पार्षद क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं जिसके कारण इन लोगों को स्थायी समिति अध्यक्ष के पद से हाथ धोना पड़ सकता है और इसी डर के कारण मेयर चुनाव करवाना नहीं चाहती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने स्थायी समिति चुनाव को लेकर किसी भी तरह की रोक नहीं लगायी है उसके बाद भी मेयर स्थायी समिति के चुनाव को लगातार टलती जा रही है। उन्होंने बताया कि अब आम आदमी पार्टी के विधायक भी यह बोलने को मजबूर है कि वे स्टैंडिंग कमेटी न होने के कारण नागरिकों को काफ़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है और अधिकारी निरंकुश होकर अपनी मनमानी कर रहे है।

# कला उत्सव वामा में 37 समकालीन महिला कलाकारों ने बिखेरी चमक

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में 37 समकालीन महिला कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की गईं। छह दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में कलाकारों की पेंटिंग, चित्र, प्रिंट, ग्राफिक्स, मूर्तिकला आदि विविध कलात्मक अभिव्यक्तियों को शामिल किया गया है। रफी मार्ग स्थित एआईएफएसीएस गैलरी में आयोजित यह प्रदर्शनी 27 जनवरी को शाम 6 बजे जनता के लिए खोली गई और एक फरवरी तक हर दिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगी। प्रदर्शनी में गोगी सरोज पाल, शोभा ब्रूटा, कंचन चंदर, मीना देवड़ा, संतोष जैन एवं इंदु त्रिपाठी जैसी दिग्गज कलाकारों की कलाकृतियां मौजूद हैं। साथ ही आरती कश्यप, आरती मलिक, अल्पना महाजन, अनीता तंवर, अंजलि सिंह, अंजू कौशिक, अवनीत चावला, अन्नू गुप्ता, अवनि बकाया, बुला भट्टाचार्य, दीपा पटोवरी, दिव्या गुप्ता, गुलिस्तान, गुलबहार, हेमवती गुहा, हिम रजनी नागर,



केजिया खान, मधु, नीति जोशी, नीतिक्षा डावर, नुसरत जहां, प्रीति सिंह, प्रियांशु चौरसिया, रेनू जैन, सलोनी टोंडक, सीमा मोहले, सिम्मी खन्ना, सोनम चपराना, तान्या राणा, टिम्सी गुप्ता और वंदना जैसी कलाकारों के आर्टवर्क्स पर भी सभी की नजरें रहेंगी। प्रदर्शनी में बुला भट्टाचार्य के विचारोत्तेजक डिजिटल प्रिंट, खोज-1 और खोज-2 में कलाप्रेमियों को अभिलेखीय कागजात के जरिए चेतना की प्रकृति और मानसिक अस्तित्व की पहेली को समझने में मदद मिलती है।

### महिलाओं की वैश्विक मुक्ति की पैरवी करती है पेंटिंग

वहीं, उभरती कलाकार वंदना कुमारी बीइंग अ गर्ल चाइल्ड और इन डीप फैंटेसी जैसी प्रभावशाली पेंटिंग्स के माध्यम से हिंसा, लैंगिक असमानता और सामाजिक दबाव जैसे सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डालती हैं। उनकी कला सामाजिक चुनौतियों के बीच मानवीय स्थिति को दर्शाते हुए महिलाओं की वैश्विक मुक्ति की पैरवी करती है। इसी तरह, अन्नू गुप्ता की चेंजिंग मैट्रिक्स समय और स्पेस की परस्पर क्रिया की पड़ताल करती हुई व्यक्तिगत अनुभव और जीवन के विशिष्ट अर्थ को नया आयाम देती है।

# दिल्ली पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के मालखाने में लगी आग

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के वजीराबाद इलाके में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के मालखाने में आग लगने की सूचना मिली। मामले की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। मिली जानकारी के मुताबिक, आग लगने की खबर पुलिस मालखाने से मिली थी। रेस्क्यू के लिए वहां दमकल विभाग ने आठ गाड़ियों को भेजा। पुलिस मालखाने में कम से कम 200 चार पहिया वाहन और 250 दो पहिया वाहन चपेट में आ गए हैं। स्क्वायर यार्ड में बना हुआ है। खबर लिखे जाने तक कोई हतात नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीती रात को वजीराबाद में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में भीषण आग लग गई। जहां रेस्क्यू के लिए दमकल विभाग ने कई गाड़ियां पहुंचीं। सोमवार सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर आग पर काबू पाया गया।



# हरबंस कौर मेहनती महिला थीं उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए : डॉ.टंडन

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। पंजाब के अमृतसर की श्रीमती हरबंस कौर (1913-1999) को मरणोपरांत सबसे गौरवान्वित भारतीय मां घोषित किया गया है। उनके सम्मान में जय हिंद प्रतिमा का अनावरण 31 जनवरी बुधवार को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के कुलपति प्रो. डॉ. जसपाल सिंह संधू द्वारा किया जाएगा। लेडी और लॉर्ड रेंजर सीबीई ने अपनी मां की प्रतिमा के अनावरण समारोह को लेकर अपनी खुशी जताई है। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कमल एंड वंदना इंटरनेशनल स्कूल ग्रुप व ट्रिनिटी इंस्टिट्यूट के चेयरमैन डॉ. वेद टंडन, एनआरआई एसोसिएशन लंदन के सचिव देव त्यागी के अलावा कई गण्यमान्य लोग मूर्ति अनावरण अवसर पर मौजूद रहेंगे। इस मौके पर डॉ. वेट टंडन ने बताया कि श्रीमती हरवंश कौर बड़ी ही जुझारू और मेहनती महिला थी। उन्होंने जिंदगी से कभी हार नहीं मानी, निरंतर मेहनत



करते हुए अपने बच्चों को पुलिस सेवा में भेजा। यही नहीं उनके पुत्र आज समाज के प्रमुख स्तंभ का हिस्सा रहते हुए जनता का कार्य कर रहे है। हम सभी को माता हरबंस कौर से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं एनआरआई एसोसिएशन लंदन के सचिव देव त्यागी ने बताया कि लॉर्ड रामी रेंजर लंदन में रह रहे हिंदुस्तानी की न केवल मदद करते हैं बल्कि उनकी गंभीर मुद्दे को वहां के संसद में भी उठाते आ रहे हैं। गौरतलब है कि हरबंस कौर महज 35 साल की उम्र में विधवा हो गईं थी। उनके आठ बच्चे थे, सबसे बड़ा बच्चा 14 साल का था, और सबसे छोटे का जन्म भारत के विभाजन का विरोध करने के लिए उनके पति के शहीद होने के दो महीने बाद हुआ था। अपने पति, पैतृक घर और देश को खोने के बाद, वह अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए एक शेरनी की तरह चुनौती का सामना करने लगीं। उन्होंने एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका के रूप में काम किया और भारी कठिनाइयों के बीच अपने बच्चों का पालन-पोषण किया।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारतीय रेल**

**'सार्वजनिक अधिसूचना'**

रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्ज ऐसी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खंड | तारीख |
|---|---|
| 1. वॉशिंग लाइन नंबर 21 दिल्ली यार्ड में।<br>2. वॉशिंग लाइन नंबर 1 हज़रत निज़ामुद्दीन यार्ड में।<br>3. वॉशिंग लाइन नंबर 5 दिल्ली सराय रोहिल्ला यार्ड में। | 31.01.2024 |

(आत्मजीत सिंह)
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली
दिनांक: 25.01.2024 301/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-सैनी की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-एस.ए.आई.01466, भूखण्ड संख्या-87, क्षेत्रफल-450 वर्ग मीटर सर्वश्री उमेश, महेश, ब्रिजेश पुत्रगण श्री महेन्द्र व श्रीमती माया देवी पत्नी श्री महेन्द्र, निवासी-ग्राम-सैनी जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री उमेश पुत्र श्री महेन्द्र की मृत्यु के उपरात इनके वारिसान श्रीमती राकेश पत्नी स्व० श्री उमेश सर्वश्री सचिन, कपिल, नितिन, विपिन पुत्रगण स्व० श्री उमेश, निवासी-ग्राम-सैनी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्रीमती राकेश पत्नी स्व० श्री उमेश, निवासी-ग्राम-सैनी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्रीमती राकेश पत्नी स्व० श्री उमेश, निवासी-ग्राम-सैनी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-सैनी की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-एस.ए.आई.01492, भूखण्ड संख्या-81, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-410 वर्ग मीटर सर्वश्री उमेश, महेश, ब्रिजेश पुत्रगण श्री महेन्द्र व श्रीमती माया देवी पत्नी श्री महेन्द्र, निवासी-ग्राम-सैनी जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री उमेश पुत्र श्री महेन्द्र की मृत्यु के उपरात इनके वारिसान श्रीमती राकेश पत्नी स्व० श्री उमेश सर्वश्री सचिन, कपिल, नितिन, विपिन पुत्रगण स्व० श्री उमेश, निवासी-ग्राम-सैनी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्रीमती राकेश पत्नी स्व० श्री उमेश, निवासी-ग्राम-सैनी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्रीमती राकेश पत्नी स्व० श्री उमेश, निवासी-ग्राम-सैनी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सेक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी ग्रेटर नोएडा सिटी जिला गौतमबुद्ध नगर।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि M/s Sundram I.T. Parks Pvt. Ltd भूखण्ड संख्या-TZ-13A, सेक्टर-टेकजोन के माध्यम से आवंटित यूनिट संख्या TI-L-0517B, Floor-5th, Tower-Tec-1, Covered Area-46.45 Sq.mtr. Mrs. Pamela Opal W/o. Mr. Brij Kumar Opal & Mr. Navin Kumar Kapur S/o. Sh. Krishan Kumar Kapur R/o. C-15, NDSE, Part-II, New Delhi-110049. के पक्ष में पंजीकृत है। सबलेसी Mrs. Pamela Opal की मृत्यु दिनांक 31.12.2016 एवं Mr. Navin Kumar Kapur की मृत्यु दिनांक 09.08.2018 को हो जाने के कारण उनके वारिसों Mr. Ajoy Opal & Ms. Shivani Kapur, Mr. Shiven Kapur द्वारा उक्त यूनिट को Mrs. Preeti Kapur W/o Late Mr. Navin Kumar Kapur के पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चि करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Pamela Opal W/o. Mr. Brij Kumar Opal & Mr. Navin Kumar Kapur S/o. Sh. Krishan Kumar Kapur के स्थान पर उक्त यूनिट को पूर्ण रूप से Mrs. Preeti Kapur W/o. Late Mr. Navin Kumar Kapur के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0)
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

आपकी दो मांग 10 प्रतिशत विकसित भूमि या उसके समतुल्य मुआवजा और 5 प्रतिशत आबादी के भूखंड दोनों ही मांगों पर लगभग काम पूरा कर लिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों से कल देररात तक वार्ता भी की गई। चूकी ये बड़ा करीब 7 से 8 हजार करोड़ का एमाउंट है। इसे शासन से पास कराया जा रहा है। हमने तो यहां तक कहा कि दो से तीन किस्तों में राशि भेज दी जाए। ये काम आपका समझो हो गया।

**डॉक्टर महेश शर्मा, सांसद**

## टॉप-10 बिल्डरों पर 94.61 करोड़ बकाया

**नोएडा,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। प्राधिकरण पानी के बकायादारों के ऊपर सख्त हो गया है। ग्रुप हाउसिंग टॉप-10 बड़े बकायादारों के खिलाफ उनके परिसरों में नोटिस चस्पा करने के निर्देश सीईओ लोकेश

- **प्राधिकरण ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट पर चस्पा करेगा नोटिस, समीक्षा के दौरान दिए निर्देश**

एम ने बैठक के दौरान दिए। उन्होंने जन खंड प्रथम, द्वितीय और तृतीय के कार्यो की समीक्षा की। बताया गया कि 2023-24 में जल राजस्प का लक्ष्य 120 करोड़ रुपए था। जिसमें इस साल 94.45 करोड़ रुपए प्राप्त किए गए। वहीं विगत कई सालों से 10 ग्रुप हाउसिंग बिल्डरों पर करीब 94.61 करोड़ का बकाया है।

सीईओ ने शहर में पानी की सप्लाई के लिए 4 निर्माणाधीन रेनीवेल जिसमें 1,2, 3 और 5 का निर्माण अप्रैल तक पूरा करने को कहा। इसके अलावा दो और रेनीवेल 4 और 6 का निर्माण तत्काल प्रभाव से शुरू कराने का निर्देश दिया गया। वहीं नोएडा में स्मार्ट मीटर योजना के तहत लगाए गए मीटर (बल्क और घरेलू मीटर) से रोजाना प्राप्त हो रहे जल खपत को किलोलीटर में दर्शाते हुए वर्तमान में जल विभाग द्वारा प्रभावी जल राजस्व के अनुसार



बिल जनरेट करते हुए जल खपत के सापेक्ष गणना की जाए।

साथ ही जिन शहरों में स्मार्ट मीटर लगे है वहां जल राजस्व का अध्ययन करते हुए योजना को लागू कराया जाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोंडली ड्रेन में 24 ड्रेनों का पानी जाता है। ये पानी अब भी ब्लैक है। सभी औद्योगिक इकाईयों का सर्वे यूपीपीसीबी के साथ करते हुए नालों में छोड़े जा रहे अन ट्रीटेड वेस्ट वाली कंपनी को चिन्हित किया जाए।

नालों की साफ-सफाई के लिए बनाए गए क्रियाशील वेटलैंडों को 15 फरवरी तक अनुरक्षण कार्य पूरा कर लिया जाए। पेयजल के हिसाब से गंगाजल परियोजना को माह मई 2024 करते हुए रेनीवेल व गंगाजल मिश्रित जलापूर्ति नोएडा शहरवासियों को सुनिश्चित किया जाए। एनजीटी के निर्देश के क्रम में तालाबों के जीर्णोद्धार शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

### पानी बिल के टॉप 10 डिफॉल्टर

- ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टी प्राइवेट लिमिटेड 23.65 करोड़
- टूडे होम्स नोएडा प्राइवेट लिमिटेड 11.03 करोड़
- अजनारा इंडिया लिमिटेड 6.19 करोड़
- सुपरटेक (आरसी) 12.43 करोड़
- सुपरटेक लिमिटेड 2.16 करोड़
- लाजिक्स इंफ्रास्टक्चर प्राइवेट लिमिटेड 2.01 करोड़
- गर्वनमेंट एंड पब्लिक सेक्टर इम्प्लाए कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी 1.71 करोड़
- लाजिक्स सिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 17.48 करोड़
- एसडीएस इंफ्रास्टेक प्राइवेट लिमिटेड 16.23 करोड़
- सुपरटेक लिमिटेड 93ए 1.72 करोड़।

# सांसद का घेराव करने सड़क पर उतरे किसान

**नोएडा,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। सोमवार को सुबह से किसान नोएडा प्राधिकरण पर इकट्ठा हुए। वहां हवन के बाद किसानों ने जोरदार प्रदर्शन करते पैदल मार्च निकाला। इसके बाद सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के आवास का घेराव करने सेक्टर-14ए पहुंच गए। हालांकि इसके दौरान पुलिस से किसानों की नोकझोंक हुई। धक्का-मुक्की करके किसानों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, मगर पुलिस की सख्ती के आगे उनकी एक

- **दो मांगों पर सांसद ने कहा काम समझो पूरा हो चुका है**
- **किसानों ने कहा जब तक सभी मांगों को नहीं माना जाएगा प्राधिकरण धरना रहेगा जारी**
- **पैदल मार्च के चलते सड़क पर लगा जाम**

न चली। किसानों को गेट पर ही रोक लिया गया। खुद सांसद डॉक्टर महेश शर्मा उनके पास गए।

किसानों ने दिल्ली से नोएडा जाने वाले रास्ते को भी रोक दिया। इसके बाद वो सेक्टर-14ए गेट के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान सांसद ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो अपनी मांग पर अड़े हैं। इसके चलते नोएडा के डीएससी मार्ग से लेकर गोलचक्कर उद्योग मार्ग पर भीषण जाम लग गया। यहां वाहन रेंग-रेंग कर चले। प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि जिन मांगों को नोएडा प्राधिकरण बोर्ड में सहमति बन चुकी है। इसमें 10 प्रतिशत विकसित भूमि, आबादी निस्तारण इन पर सांसद भी आश्वासन दे चुके है। इसके बाद भी इन मांगों पर काम क्यों नहीं किया जा रहा। किसान दोपहर करीब 2 बजे प्राधिकरण से पैदल मार्च निकालते हुए सांसद का घेराव करने के लिए सड़क पर आ गए। ट्रैक्टर ट्राली और पैदल मार्च करते हुए किसान सेक्टर-14ए पहुंचे।





**डॉक्टर महेश शर्मा ने किसानों से कहा कि आपकी दो मांग पर काम पूरा**

सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने किसानों से कहा कि आपकी दो मांग 10 प्रतिशत विकसित भूमि या उसके समतुल्य मुआवजा और 5 प्रतिशत आबादी के भूखंड दोनों ही मांगों पर लगभग काम पूरा कर लिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों से कल देररात तक वार्ता भी की गई। चूकी ये बड़ा करीब 7 से 8 हजार करोड़ का एमाउंट है। इसे शासन से पास कराया जा रहा है। हमने तो यहां तक कहा कि दो से तीन किस्तों में राशि भेज दी जाए। ये काम आपका समझो हो गया। हालांकि तीसरी मांग आबादी विनयमितिकरण की 450 वर्गमी सीमा बढ़ाकर 1000 वर्गमी किया जाए इस पर बातचीत की जा रही है। इस पर भी जैसे कोई निष्कर्ष निकलेगा बताया जाएगा। उन्होंने किसानों ने कहा कि कोई भाई दिल से मुर्दाबाद के नारे नहीं लगा रहा ये आपके अंदर का आक्रोश है। आगे आप ही हमे गले भी लगाओगे।

**47 दिन से कर रहे प्रदर्शन**

पैदल मार्च के दौरान ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया है। सुखवीर खलीफा ने कहा कि ये लड़ाई करो या मरो की है। इसलिए जब तक हम अपना हक नहीं लेंगे यहां से जाने वाले नहीं है। प्राधिकरण पर किसान करीब 47 दिन से बैठे है। किसानों का आरोप है डेढ़ साल पहले भी 122 दिन के प्रदर्शन में मांगों को लेकर सांसद और विधायक के सामने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने समझौता कराया था। लेकिन एक भी मांग को पूरा नहीं किया गया।

**इन मांगों पर हुआ था समझौता**

1997 के बाद के सभी किसानों को बढ़ी दर से मुआवजा दिया जाए। चाहे वह कोर्ट गए हो या नहीं। किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड दिया जाए। आबादी जैसी है वैसी छोड़ी जाए। विनियमितीकरण की 450 वर्गमीटर सीमा को बढ़ाकर 1000 प्रति वर्गमीटर किया जाए। भूमि उपलब्धता न होने के कारण पात्र किसानों के 5 प्रतिशत आबादी भूखंड भू लेख विभाग में नहीं रोके जाएंगे। उनका नियोजन किया जाए। भवनों की ऊंचाई को बढ़ाए जाने की अनुमति दी जाए। क्योंकि गांवों के आसपास काफी हाइराइज इमारत है। ऐसे में उनका एरिया लो लेयिंग एरिया में आ गया है। 5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर व्यावसायिक गतिविधियां चलने की अनुमति दी जाए।

## सार संक्षेप

### 2 से 4 फरवरी तक आयोजित होगा नोएडा उत्सव




**नोएडा।** नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया भारत में स्ट्रीट फूड फेस्टिवल आयोजित करने जा रहा है। इस बार 2 से 4 फरवरी 2024 तक नोएडा हाट सेक्टर 33ए में नोएडा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में न केवल भारत के स्ट्रीट फूड विक्रेता शामिल होंगे। बल्कि हस्तशिल्प कारीगर भी शामिल होंगे। इस उत्सव में कालीन, हथकरघा, खादी, तारकशी, फिरोजाबाद ग्लास, टेराकोटा और कई अन्य हस्तशिल्प इस महोत्सव में शामिल होंगे। स्ट्रीट फूड प्रोग्राम हेड संगीता सिंह ने कहा कि ये उत्सव स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने का मंच है। यह प्रदेश में पहला जीरो वेस्ट फेस्टिवल होने जा रहा है। जहां कोई भी स्ट्रीट फूड विक्रेता प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत प्रतिबंधित एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेगा। संजय गुप्ता सलाहकार निदान ने कहा कि कचरे के हर टुकड़े को अलग किया जाएगा। जैविक खाद के लिए जाएगा। अन्य पैकेज सामग्री को रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाएगा।

### अक्टूबर में अपनी नई इमारत में शिफ्ट होगा नोएडा प्राधिकरण

**नोएडा।** सेक्टर-96 में बन रहे प्राधिकरण के ऑफिस की नई डेड अब अक्टूबर 2024 हो गई है। प्राधिकरण वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि सितंबर या अक्टूबर में प्राधिकरण का प्रशासनिक कार्यालय नई इमारत में शिफ्ट हो जाएगा। निर्माण में तेजी आए इसके लिए यहां दो जई एक मैनेजर की डिप्यूट किया गया है। इसके अलावा सप्ताह में एक दिन डीजीएम स्तर पर इमारत की प्रगति रिपोर्ट देखी जा रही है। दरअसल आईआईटी की रिपोर्ट में निर्माणाधीन इमारत में कई स्थानों पर कमजोर थी। उनकी मरम्मत की जा रही है। नई इमारत का करीब 70 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा किया जा चुका है। इसकी पहली निर्माण कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। नए अनुबंध के तहत एमएस एसटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इसका निर्माण कर रही है। पहले प्राधिकरण की नई बिल्डिंग को बनाने के लिए प्रतिभा इंडस्ट्री लिमिटेड को चुना गया था। उसे 2019 तक निर्माण पूरा करना था। तीन बार एक्सटेंशन देने के बाद निर्माण कार्य की गति काफी धीमी रही। इसलिए कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया।

### एमिटी के छात्र एकलव्य ने हंगरी में जीता कांस्य पदक



**नोएडा।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा सेक्टर-44 के कक्षा 1वी के छात्र एकलव्य जगल ने हंगरी के जैस्जबेरेनी में हुए 8वें जैस कप के 500 मीटर आइस रिंक स्केटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर नाम रौशन किया है। इस शानदार जीत के बाद वे फरवरी 2024 नीदरलैंड में होने वाले जूनियर विश्व कप और पोलैंड में होने वाले जूनियर विश्व चैपिंयनशिप 2024 में प्रतिभाग कर सकते है। छात्र एकलव्य की शानदार विजय पर एमिटी विद्यालय समूह की चेयरपर्सन ने बधाई दी।

## सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए नगर निगम के जोनल अधिकारी ने किया निरीक्षण



**गाजियाबाद,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए नगर निगम के जोनल अधिकारी सुबह को निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे नालों की सफाई, मुख्य चौराहा की सफाई, नियमित गलियों की सफाई, पार्कों की सफाई, सार्वजनिक शौचालय की सफाई, का जायजा ले रहे हैं, इसी के साथ सफाई मित्रों की अटेंडेंस भी देख रहे हैं। नगर आयुक्त प्रतिदिन किया जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग खुद कर रहे है। साथ ही सेकेंडरी पॉइंट से भी नियमित कूड़ा उठ रहा है तथा कचरा निस्तारण को लेकर चल रहे कार्यों में भी तेजी लाई जा रही है। जन जागरूकता के साथ-साथ शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाया जा रहा है। कई सामाजिक संस्थाएं भी निगम का सहयोग कर रही है।

## पीएम विश्वकर्म योजना को लेकर नगर निगम में कार्रवाई तेज

**प्राप्त हुए 767 फॉर्म, अपर नगर आयुक्त ने की समीक्षा**

**गाजियाबाद,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। पीएम विश्वकर्मा योजना में अभी तक 767 फॉर्म प्राप्त हुए हैं।



जिसकी आज अपर नगर आयुक्त ने समीक्षा बैठक की। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने टेक्निकल टीम, समस्त जोनल प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राप्त की सत्यापन की प्रक्रिया पर चर्चा हुई, जिसमें अंतिम स्तर तक जाकर प्राप्त फार्म पर सत्यापन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है जिसमें 18 प्रकार के शिल्पकार एवं कारीगर जैसे कारपेंटर, नाव बनाने वाला, अस्त्र बनाने वाला, लोहार, ताला बनाने वाले, हथोड़ा और टूल किट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार मोची, राजमिस्त्री, चटाई झाड़ू बनाने वाला, पारंपरिक गुड़िया व खिलौने बनाने वाला, नाई, धोबी, दरजी, मछली का जाल बनाने वाला, मालाकार को प्रथम चरण में एक लाख तथा दूसरे चरण में 2 लाख का लोन 5 प्रतिशत ब्याज के साथ योजना के तहत दिया जाएगा, जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम सत्यापन का कार्य कर रही है लगभग 102 पात्रों का सत्यापन हो चुका है, संबंधित सभी टीम को दो दिन के भीतर अन्य का भी सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं, शिल्पकार तथा कारीगर के लिए यही योजना लाभदायक होगी।

पीएम विश्वकर्म योजना के अंतर्गत आने वाली कैटेगरी का कार्य कर रहे शिल्पकार तथा कारीगरों से जोनल प्रभारी तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम जानकारी लेकर सत्यापन का कार्य तेजी से कर रही है। टेक्निकल टीम द्वारा भी विशेष कार्य करते हुए समस्त कार्य को नियम अनुसार करा जा रहा है, नगर आयुक्त के निर्देशन में गाजियाबाद नगर निगम टीम 18 प्रकार की श्रेणी में कार्य कर रहे लोगों का सत्यापन कर आईडी उनके कार्य अनुसार दे रही है किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देश दिए हुए हैं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में अच्छा स्थान प्राप्त करने के लिए प्रयास जारी : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में

- **स्वच्छता को लेकर इंदौर में चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, नगर आयुक्त जानी कार्य प्रणाली**



चार दिन की कार्यशाला आईआईएम इंदौर में आयोजित की गई। जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक समेत सहारनपुर, प्रयागराज, बरेली, गोरखपुर, झांसी के नगर आयुक्त भी शामिल हुए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर हित में बेहतर करने के लिए चार दिवसीय ट्रेनिंग में प्रतिभाग किया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि चार दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिन बायो सीएनजी प्लांट पर विजिट की गई, किस प्रकार बायो सीएनजी प्लांट कार्य करता है देखा गया इंदौर में सीएनजी बनाकर न केवल इंदौर नगर निगम की आई बढ़ाई जा रही है बल्कि उसे सीएनजी से बसों को भी चलाया जा रहा है इसी के साथ गीले कचरे का किस प्रकार निस्तारण होता है उसको भी देखा गया, 400 TPD के एमआरएफ सेंटर पर चल रहे कार्य को भी देखा गया किस प्रकार आरडीएफ निकलता है तथा आरडीएफ का निस्तारण की प्रणाली को भी समझ गया, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट सोर्स सेग्रीगेशन पर विस्तृत जानकारी ली गई, गाजियाबाद को भी किस प्रकार उच्च तकनीकी वह प्रणाली के साथ आगे बढ़ाना है चर्चा करते हुए तुलना करते हुए जानकारी साझा भी की गई।

इंदौर स्मार्ट सिटी किस प्रकार से कार्य करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल है 2015 से लेकर 2023 तक की कार्य प्रणाली को भी घंटा से जाना गया, बेहतर ट्रेनिंग के लिए उत्तर प्रदेश के 6 नगर आयुक्त नामित हुए जिसमें गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी नामित हुए जिनके द्वारा गाजियाबाद शहर को बेहतर करने के लिए इंदौर में चल रही ट्रेनिंग में हिस्सा लिया है।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन तथा सोर्स सेग्रीगेशन को और उच्च तकनीकी व उच्च प्रणाली से बेहतर करने व अन्य स्वच्छता संबंधित कार्यों को व्यवस्थित ढंग से करने के लिए कार्रवाई की जाएगी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में गाजियाबाद का नाम भारत में अच्छे स्थान पर हो इसके लिए निगम का प्रयास लगातार जारी है।

## 7 दिनों में 30 बिल्डरों से ली जाएगी सहमति

**नोएडा,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण सात दिन में 30 और बिल्डरों से सहमति लेगा। कुल बकाया का 25 प्रतिशत राशि जमा करने पर 2300 बायर्स की रजिस्ट्री शुरू हो सकेगी। ये सभी बायर्स अपने फ्लैटों में रह रहे है। अब तक 13 बिल्डरों ने सहमति दी है। इनमें से अधिकांश बिल्डर 100 करोड़ रुपए से कम के बकाएदार है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही बड़े बकायादार भी योजना का

- **25 प्रतिशत पैसा जमा करते ही 2300 बायर्स की रजिस्ट्री का रास्ता होगा साफ**

लाभ लेंगे। प्राधिकरण की ओर से ऐसे बिल्डरों की ओसी भी जारी कर दी जाएगी। इससे करीब 100 करोड़ रुपए प्राधिकरण को मिलेगा। ये रकम 60 दिन में जमा करनी है। अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद लगातार प्राधिकरण बिल्डर के संपर्क में है। वन टू वन बिल्डरों से बकाया को लेकर बात की जा रही है। हालांकि वहीं बिल्डर सहमति दे रहे है जिनका बकाया काफी कम है। 100 करोड़ से ज्यादा बकाएदार अब भी प्राधिकरण नहीं आ रहे। इसकी पीछे तर्क दिया जा रहा है, बकाया जमा करने की अलग-अलग स्लैब देनी चाहिए। मसलन यदि किसी बिल्डर का 100 करोड़ बकाया या उससे ज्यादा बकाया है तो उससे 10 प्रतिशत लिया जाए। यदि 25 प्रतिशत लेना है उसे किस्तों में लिया जाए।

नोएडा प्राधिकरण पर बिल्डरों का 28 हजार करोड़ रुपए बकाया है। अमिताभ कांत की सिफारिश कोर्ट केस और एनसीएलटी के केसों पर लागू नहीं है। ऐसे में यदि इन दोनों स्थानों पर चल रहे केस को निकाल दिया जाए तो बकाए का आकड़ा महज 7800 करोड़ ही रह जाता है। इसमें कोविड काल का जीरों पीरियड 21 प्रतिशत कम किया जाए तो बिल्डरों को 5500 करोड़ के आसपास जमा करना है। ये पैसा भी बिल्डर जमा करने में आनाकानी कर रहे है। वर्तमान में 17 प्रोजेक्ट एनसीएलटी में है। इसमें 25 हजार फ्लैट बायर्स है। जिनके पास कोर्ट के फैसले के इंतजार के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यही नहीं स्पोर्ट्स सिटी पर भी नियम लागू नहीं है। यहां करीब 15 हजार फ्लैट बायर्स है। से सभी बायर्स सेक्टर-78,79,150, 152 के है। इस योजना में बिल्डर जब तक यहां खेल सुविधाओं का विकास नहीं कर लेते तब तक उनको ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा।

## हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने भेजे बजट पर सुझाव

**नोएडा,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश होने वाले केंद्रीय बजट के पूर्व हैंडलूम एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार को सुझाव दिए हैं। सेक्टर-29 में पत्रकार वार्ता के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भेजे गए

- **उद्यमियों का मानना है वित्त मंत्रालय विचार करे तो उद्यमियों को मिल सकता है काफी लाभ और रियायत**

सुझावों की जानकारी दी। उनका कहना है कि इन सुझावों पर यदि वित्त मंत्रालय विचार करे तो उद्यमियों को काफी लाभ व रियायत मिल सकती है। एचएचईडब्ल्यूए के अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा हथकरघा/हस्तशिल्प निर्यात के संवर्धन और विकास में विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र पर अधिक जोर दिया गया है। लगभग 5900 निर्यातक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हमारे साथ जुड़े हुए हैं। हमारे प्रधानमंत्री का विजन है कि 2030 तक हमें तीन गुना निर्यात करना है। उसके लिए हमें आने वाले बजट में सरकार द्वारा कुछ बिंदुओं पर सहायता की आवश्यक्ता पड़ेगी। जिससे कि हम अपने प्रोडक्ट की लागत को कम से कम रख सकें और प्रोडक्शन की क्वालिटी को बढ़ा सकें।



आगामी बजट 2024 पर एचएचईडब्ल्यूए के सुझाव

- हस्तशिल्प क्षेत्र के निर्यातकों को पहले 5 से 7 प्रतिशत तक निर्यात प्रोत्साहन मिल रहा था। अब 1 जनवरी 2021 से इसे 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक कम कर दिया गया है। इन दरों पर पुनर्विचार करें और इसे व्यवहार्य या कम से कम 5 प्रतिशत करे ताकि इस क्षेत्र को बचाया जा सके।
- क्विल्टेड मेड अप के निर्यातकों को एचएसएन कोड 9404 में रखा गया है जबकि मेड अप अध्याय 63 में आता है। अध्याय 63 के तहत निर्यात आरओएससीटीएल योजना में आता है जहां प्रोत्साहन 5 प्रतिशत या अधिक है। 9404 एचएसएन कोड को आरओएससीटीएल योजना के तहत लाया जाना चाहिए।
- कच्चे माल की खरीद लागत में 50 प्रतिशत तक की तेज वृद्धि हुई है, यहां तक कि कुछ मामलों में यह 70प्रतिशत से भी अधिक है और दुर्भाग्य से अधिकांश विदेशी खरीदार इस वृद्धि पर विचार करने के लिए तैयार नहीं हैं। क्योंकि उनका समुद्री माल भाड़ा भी बहुत अधिक हो गया है। सरकार को कीमतों में अनुचित वृद्धि को रोकने के लिए या तो कोई नीति बनानी चाहिए या समय-समय पर हस्तक्षेप करना चाहिए।
- हस्तशिल्प के निर्यातकों को कुछ राहत प्रदान करने के लिए, हस्तशिल्प के निर्यातकों को कंटेनर माल ढुलाई सब्सिडी पर विचार किया जा सकता है।
- एमएसएमई के लिए समानीकरण योजना के तहत ब्याज दर पहले प्रदान की गई 5 प्रतिशत से घटाकर 3प्रतिशत कर दी गई है। हमारा सुझाव है कि इसे 5प्रतिशत पर बहाल किया जाना चाहिए।
- आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54 की तर्ज पर औद्योगिक संपत्ति की बिक्री पर पूंजीगत लाभ छूट की अनुमति देने के लिए एक धारा डालने का प्रस्ताव करें।
- महिला उद्यमियों के लिए विशेष एवं उदार नीति बनायी जानी चाहिए।
- सरकार के पास एमएसएमई को रुपए तक का संपार्श्विक मुक्त ऋण देने की स्पष्ट नीति है।

## गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विराट कवि सम्मेलन

**गाजियाबाद,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। देवप्रभा प्रकाशन और हिन्दी भवन समिति ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में लोहिया नगर स्थित हिन्दी भवन में विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया। इसमें देश के नामचीन कवियों ने विविध रसों से परिपूर्ण कविताएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। हिन्दी अकादमी दिल्ली के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा और नगर निगम के पूर्व पार्षद व ओज के महाकवि कृष्ण मित्र के सुपुत्र हिमांशु लव कवि सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने सम्बोधन में हिन्दी कविता और कवि सम्मेलनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इंदौर से पधारीं सुविख्यात कवयित्री डॉ. भुवन मोहिनी की सरस्वती वंदना से शुरू हुए कवि सम्मेलन की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना ने की। डॉ. विष्णु सक्सेना ने अपने मधुर गीतों से सबका दिल जीत लिया। उनकी कविता की चार पंक्तियों ' बड़ी मुश्किल से कोई सुबह मुस्कुराती है, गम की हर रात दबे पांव चली आती है, वक्त लगता ही नहीं जिन्दगी बदलने में, पर बदलने में वक्त जिन्दगी लग जाती है।' पर खूब तालियां बजीं। डॉ. भवन मोहिनी ने पढ़ा-'इक मीरा थी प्यार की खातिर पी गई जहर का प्याला, आज की मीरा मदिरा पीकर कहती है उल्लाला, हो



गई हो गई रे बावरिया दुनिया हो गई रे।' सुप्रसिद्ध हास्य कवि शम्भु शिखर ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। विपक्षी राजनीतिक पार्टियों पर चुटकी लेते हुए उन्होंने सुनाया-'जो लोग राम जी का है विरोध कर रहे, बतला के खीर उनको फेविकोल पिला दो।' बडोदरा गुजरात से पधारीं कवयित्री श्वेता सिंह के गीतों को खूब सराहा गया। कवि सम्मेलन में महेश आहूजा, रवि वर्मा, अशोक चोपड़ा, सुशील गुलाटी, सुप्रसिद्ध शायर राज कौशिक, डॉ. सुधीर त्यागी, जयवीर आर्य, भूपेन्द्र त्यागी, अनिमेष शर्मा, डॉ. तारा गुप्ता, डॉ. तूलिका सेठ, ब्रजनंदन पचौरी, अजय अग्रवाल, पूनम सागर, मंजुला रॉय, रीता चोपड़ा, वीरपाल विद्यालंकार, मुकेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए। कवि सम्मेलन से पूर्व आयोजित सम्मान समोराह का सफल संचालन पूनम शर्मा ने किया।

उवाच

परियोजना हेतु डिवेलप्मेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट ने टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टॉवर और रनवे का कार्य प्रगति पर है। मशीनरी और वर्क फोर्स एयरपोर्ट साईट पर बढ़ाया गया है। एयरपोर्ट का निर्माण समय से पूरा होगा। कंसेसियनार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से भी स्थिति से अवगत कराया।

एसपी गोयल, अपर मुख्यसचिव



# यमुना प्राधिकरण बोर्ड ने 42000 आवंटियों को दी बड़ी राहत

ग्रेटर नोएडा, 29 जनवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण ने रजिस्ट्री करने और निर्माण कार्य पूरा करने के लिए छह महीने का और समय दिया है। इस दौरान किसी तरह का कोई विलंब शुल्क नहीं लगेगा। इस फैसले से करीब 42000 आवंटियों को फायदा मिलेगा। प्राधिकरण ने फ्लैट खरीदने वाले अवंटियों को भी राहत दी है। उन्हें सरेंडर करने और फ्लोर बदलने की अनुमति दी गई है।



यमुना प्राधिकरण की 79वीं बोर्ड

- **यमुना प्राधिकरण ने आवंटियों को रजिस्ट्री और निर्माण कार्य करने के लिए बिना विलंब शुल्क के छह माह को दिया समय**
- **यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की 79वीं बोर्ड बैठक चेयरमैन अनिल सागर की अध्यक्षता में हुई**

बैठक सोमवार को सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल सागर ने की। इसमें यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, यमुना प्राधिकरण के सीईओ विपिन जैन, कपिल सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह आदि ने शिरकत की। बैठक में आवंटियों के लिए कई राहत दी गई है। प्राधिकरण ने सभी आवासीय भूखण्ड, औद्योगिक एवं संस्थागत योजनाओं के ऐसे सभी आवंटियों, जिनको पूर्व में चेक लिस्ट जारी हो चुकी है और रजिस्ट्री नहीं कराई है। साथ ही जिन आवंटियों ने रजिस्ट्री करा ली थी, लेकिन लीज डीड के अनुसार भवन निमार्ण की अवधि समाप्त हो गई है। ऐसे सभी आवंटियों को 30 जून, 2024 का नि:शुल्क समय विस्तार दिया गया है। आवंटियों की मांग पर प्राधिकरण ने 54.75 वर्गमीटर के फ्लैटों के आवंटियों को रिफंड देने का फैसला लिया है। 31 मार्च तक रिफंड के लिए आवेदन करने वाले आवंटियों को चार प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ पैसा वापस किया जाएगा। ऐसे करीब 268 आवंटी हैं। वहीं, सेक्टर-22डी में प्राधिकरण की फ्लैट की पहले आओ पहले पाओ योजना में फ्लोर बदलने की अनुमति दे दी है। इसमें केस टू केस फैसला लिया जाएगा। इसमें दिव्यांग श्रेणी/सीनियर सिटिजन/वृद्ध या किसी अन्य गम्भीर बीमारी से पीड़ित लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा इस योजना में आवेदन करने वाले अब आवेदन के साथ अपने फ्लोर व फ्लैट का चयन कर सकेंगे। प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग, टॉउनशिप, औद्योगिक भूखण्डों एवं संस्थागत परियोजनाओं के लिए जीरो पीरियड की सुविधा पहले से दी हुई है। अब आवंटित आवासीय भूखण्ड पर भी शून्य काल का लाभ दिया जाएगा। अदालत में मामला लंबित होने, समय पर कब्जा नहीं दिए जाने, भूखंड तक पहुंच मार्ग नहीं होने आदि पर यह लाभ मिलेगा। ऐसे प्रकरणों सेटेलाइट इमेज से पुष्टि के बाद यह लाभ मिलेगा। एसडीएस इन्फ्राकॉन प्रालि के जिन आवंटियों ने रजिस्ट्री करवा ली है और उन्हें जरूरी सुविधाएं विकासकर्ता नहीं दे पा रही है। ऐसे आवंटियों कोक भूखण्ड पर भवन निर्माण के लिए 31 दिसम्बर तक का समय दिया जाता है। इस दौरान किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## यमुना प्राधिकरण ने 800 किसानों को दी कई रियायतें

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने किसानों को कई रियायत देने का फैसला लिया है। प्राधिकरण के सभी किसानों को सात प्रतिशत आबादी का भूखंड मिलेगा। इससे करीब 800 किसान लाभान्वित होंगे। अभी तक जिले के बाहरी किसानों को यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। वहीं, जगनपुर-अफजलपुर इंटरचेंज के प्रभावित किसानों को सेक्टर-17 ए में आबादी के भूखंड दिए जाएंगे। इस पर प्राधिकरण बोर्ड ने मुहर लगा दी है।

यमुना प्राधिकरण में 2014 के बाद के सभी किसानों को आबादी के लिए सात प्रतिशत का भूखंड दिया जाता है। इसके पहले केवल स्थानीय किसानों को ही यह लाभ मिलता रहा है। अब प्राधिकरण ने सभी किसानों को आबादी के लिए सात प्रतिशत का भूखंड देगा। ऐसे करीब 800 किसान हैं, जिन्हें यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। आवासीय योजना के आवंटन में किसानों को 17.5 प्रतिशत का आरक्षण मिलता है। भूखंड आवंटित होने पर किसान उसे पांच साल तक बेच नहीं सकते हैं। प्राधिकरण केस टू केस बेचने की अनुमति समय से पहले देगा। यमुना एक्सप्रेसवे एवं ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बन रहा है। ग्राम जगनपुर अफजलपुर के प्रभावित किसानों द्वारा मुआवजा नहीं लेने, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर, सात प्रतिशत आबादी स्थल की मांग, अदालत में लंबित मामलों के चलते इसके निर्माण में देरी हुई। अब किसान मुआवजा ले रहे हैं। उनकी मांग के अनुसार सात प्रतिशत आबादी भूखण्ड सेक्टर-17 ए में दिए जाएंगे। वहीं, निर्माण कार्यों में देरी के कारण पूर्व में स्वीकृत लागत 75.50 करोड़ से बढ़कर अब 122.89 करोड़ हो गई है।

## आगरा में एक्सप्रेस वे के किनारे प्राधिकरण विकसित करेगा अर्बन सेंटर

- **आगरा में इंट्रीमेटेड टाउनशिप विकसित करने पर बोर्ड की लगी मुहर**

ग्रेटर नोएडा। आगरा में यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे 10500 अर्बन सेंटर विकसित करेगा। इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप में चार स्पेशल इकोनॉमिक जोन विकसित किए जाएंगे। इस टाउनशिप की रूपरेखा तय करने के लिए विशेषज्ञ कंपनी तय हो गई है। कंपनी अगले दो महीने में वह अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट देगी। यमुना प्राधिकरण की सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में आगरा में विकसित की जाने वाली इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप पर मुहर लग गई। पहले चरण में यमुना एक्सप्रेस वे के दोनों ओर डेढ़-डेढ़ किमी के दायरे में यह विकास होगा। इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप में चार एसईजेड बनेंगे। इसमें इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब, डाटा सेंटर आदि को जगह मिलेगी। इस टाउनशिप की रूपरेखा मार्स कंपनी बनाएगी। कंपनी का चयन हो गया। यहां उद्योगों के साथ आवासीय, व्यवसायिक, संस्थागत गतिविधियां भी होंगी। उद्योगों के साथ यहां पर्यटन और ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे विकसित होने वाली राया हेरीटेज सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर मुहर लग गई। राया हेरीटेज सिटी 753 एकड़ में विकसित की जाएगी। इसके विकास पर करीब 1220 करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्राधिकरण ने यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे राया के पास हेरीटेज सिटी विकसित करने की योजना बनाई। इसकी डीपीआर सीबीआरई ने बनाई है। राया के पास से वृंदावन में यमुना नदी तक करीब सात किलोमीटर का 100 मीटर चौड़ा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा। इसके दोनों और हेरीटेज सिटी विकसित होगी। यह पीपीपी मॉडल पर विकसित की जाएगी। इसमें थीम बेस्ड हेरीटेज सेंटर, योग वैलनेस सेंटर, कन्वेंशन सेंटर, होटल, स्थानीय कला एवं कलाकारों के लिए हॉट आदि विकसित किए जाएंगे। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने इसके लिए कुछ सुझाव दिए थे। उन सुझाव को शामिल कर डीपीआर में संशोधन किया गया। सोमवार को बोर्ड बैठक में डीपीआर रखी गई, जिसे पास कर दिया गया। अब बिड इवैल्यूएशन कमेटी इस पर निर्णय लेगी।

## यमुना प्राधिकरण के मास्टर प्लान 2041 को बोर्ड से मिली मंजूरी

ग्रेटर नोएडा, 29 जनवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण के बोर्ड ने मास्टर प्लान-2041 का अनुमोदन कर दिया। बोर्ड की स्वीकृति के बाद अब इसे उत्तर प्रदेश शासन को भेजा जाएगा। अब यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 1149 गांव अधिसूचित हो जाएंगे। वहीं, इसमें 1050 हेक्टेयर और जमीन एविएशन हब के लिए दे दी गई है।

यमुना प्राधिकरण छह जनपदों गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा एवं आगरा तक फैला हुआ है। प्राधिकरण ने जनपद गौतम बुद्ध नगर एवं बुलन्दशहर में प्रथम चरण में विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। जनपद अलीगढ़ में लॉजिस्टिक पार्क योजना का कार्य तथा जनपद मथुरा में हैरिटेज सिटी परियोजना का कार्य प्रगति पर है। अब प्राधिकरण ने जनपद आगरा में भी अर्बन सेन्टर विकसित करने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण ने बोर्ड के समक्ष मास्टर प्लान 2041 प्रस्तुत किया। इसमें नये सेक्टर प्रस्तावित किए गए हैं। प्राधिकरण ने 1050 हेक्टेयर और भूमि एविएशन हब के लिए आरक्षित की है। इससे एविएशन का हब दायरा और बढ़ गया है।

**इन पर भी लगी मुहर**

- >>यमुना प्राधिकरण संस्थागत श्रेणी के तहत 10 एकड़ व उसके बड़े भूखंड का आवंटन को ई-ऑक्शन से बाहर कर दिया। डिग्री कॉलेज, पीजी कॉलेज, मैनेजमेंट कॉलेज, मेडिकल कॉलेज और स्पोर्टस कॉलेज को साक्षात्कार से होगा भूखंड आवंटन
- >>यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण मास्टर प्लान 2041 के महायोजना को बोर्ड से मंजूरी दे दी है, जिसमें छह जनपद के 1149 गांव शामिल है। महायोजना में लॉजिस्टिक पार्क, मथुरा में हेरीटेज सिटी, एक्सप्रेस वे के किनारे 1050 हेक्टेयर एविएशन हब विकसित करना शामिल है। कैबिनेट को प्रस्ताव भेज दिया है।

- **एविएशन हब के लिए 1050 हेक्टेयर जमीन किया गया आरक्षित**

- >>बोर्ड ने राया हेरीटेज सिटी के संशोधित डीपीआर को मंजूरी दे दी। हेरिटेज सिटी विकसित करने के लिए पीपीपी मॉडल समेत दो विकल्प पर विकसित करने का सुझाव एजेंसी ने दिया है। इस पर शासन स्तर पर होगा फैसला।
- >>प्राधिकरण में विभिन्न परियोजनाओं में अनुरक्षण कार्य बढ़ रहे हैं। इसके लिए अलग से अनुरक्षण सर्किल का गठन किया जाएगा। इसके लिए 13 पद सृजित किए गए हैं।
- >>यमुना प्राधिकरण में अपने पार्कों, ग्रीन बेल्ट, रोटरी आदि को गोद देगा। इसके लिए नीति बनाई गई है। प्राधिकरण क्षेत्र में संचालित कंपनियों/संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।
- >>यमुना प्राधिकरण पुलिस विभाग को चार वाहन देगा। इसमें इनोवा एवं बोलेरो को देने का फैसला लिया गया है।
- >>प्राधिकरण ने वाणिज्यिक भूखण्डों, क्योस्क, दुकान, ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड, होटल, पेट्रोल पम्प आदि योजनाएं लॉन्च की, लेकिन पर्याप्त निविदा नहीं आने से आवंटन नहीं हुआ। अब इन सभी में रोल ओवर की नीति लागू की जाएगी।
- >>यमुना प्राधिकरण ने फिल्म सिटी परियोजना के विकासकर्ता चयन की प्रगति रिपोर्ट रखी। बताया गया कि 30 जनवरी को वित्तीय निविदा खोली जाएगी। इसके बाद कंपनी का चयन हो जाएगा।
- >>यमुना प्राधिकरण ने फिनटेक सिटी की डीपीआर बनाने के लिए एजेंसी का चयन करने के लिए चल रही प्रक्रिया की प्रगति रिपोर्ट बोर्ड के समक्ष रखी। इसमें पांच कंपनियां आई हैं। जल्द ही कंपनी का चयन हो जाएगा।

## सपा ने पीडीए जन पंचायत में सत्ता के कामों पर उठाया सवाल



ग्रेटर नोएडा, 29 जनवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गांव सादुल्लापुर में समाजवादी युवजन के निवर्तमान जिलाध्यक्ष के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीति से देश में मजदूर, किसान नौजवान परेशान है। इसी के साथ ग्रेनो वेस्ट के गांव मिलक लच्छी वरिष्ठ नेता डॉ. महेन्द्र नागर के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि आज देश में रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी है और महंगाई चरम सीमा पर है। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता डॉक्टर महेंद्र नागर ने कहा कि समाजवादी सरकार में उत्तर प्रदेश में विकास ने नई ऊंचाई को छुआ था और सभी वर्गों के हित के लिए अनेक योजना चलाई गई थी। पीडीए पंचायत में मुख्य रुप से लोकसभा प्रभारी बीरसिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, पूर्व चेयरमैन गजराज नागर, राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य आदि मौजूद रहे।

## नोएडा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट का अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

- **पिछले माह मुख्य सचिव दुर्गा शंकर ने नोएडा एयरपोर्ट निर्माण कार्यों की थी समीक्षा**
- **निर्धारित समय पर एयरपोर्ट का निर्माण पूरा हो सके, मशीनरी और कामकारों की संख्या बढ़ाई जाए : एसपी गोयल**

ग्रेटर नोएडा, 29 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य समय से पूरा करने और निर्धारित समय से एयरपोर्ट चालू करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसलिए शासन स्तर के हर माह नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा कर रहे है। एयरपोर्ट के निर्माण कार्य में और तेजी आए इसके लिए मशीनरी और कामकारों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसी कड़ी में सोमवार अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री और नागरिक उड्डयन विभाग एसपी गोयल ने नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट ज़ेवर के विकास के सम्बन्ध में हुई प्रगति का स्थलीय निरिक्षण किया। पिछले माह मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने भी एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की समीक्षा की थी। अपर मुख्य सचिव के निरीक्षण के दौरान सोमवार को विकासकर्ता जुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों के प्रगति की पूरी जानकारी दी गई। अपर



मुख्यसचिव को बताया कि परियोजना हेतु डिवेलप्मेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट ने टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टॉवर और रनवे का कार्य प्रगति पर है। मशीनरी और वर्क फोर्स एयरपोर्ट साईट पर बढ़ाया गया है। एयरपोर्ट का निर्माण समय से पूरा होगा। कंसेसियनार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से भी स्थिति से अवगत कराया। इस पर अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए की एयरपोर्ट का विकास माइलस्टोन के अनुसार समय से माह सितम्बर 2024 तक पूर्ण किया जाए। इससे पहले एयरपोर्ट पर विमानों का ट्रायल भी जल्द शुरू किया जाएगा। वैसे फरवरी से विमानों का ट्रायल होने की उम्मीद है। निरीक्षण में डायरेक्टर सिविल एविएशन कुमार हर्ष, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल ऑफ़िसर शैलेंद्र भाटिया, कंसेशनयर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की चीफ ऑपरेटिंग ऑफ़िसर किरन जैन, सी डी ओ निकोलस, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यप्ति, उप जिलाधिकारी जेवर उपस्थित रहे।

## रेरा ने ग्यारह शिकायतों की ऑनलाइन सुनवाई के लिए जारी की सूचना

- **पिछले पक्षकारों को जुड़ने के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नं. पर भेजा जाएगा लिंक**

ग्रेटर नोएडा, 29 जनवरी (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा ने गौतम बुद्ध नगर तथा गाजियाबाद जनपदों में स्थित प्रोमोटर्स को उनसे जुड़ी 11 शिकायतों में आने वाले माह की विभिन्न तिथियों पर निर्धारित पीठों (बेंच) की ऑनलाइन सुनवाई में उपस्थित होने एवं अपना पक्ष रखने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की है। सुनवाई में उपस्थित न होने से शिकायतकर्ता, पक्षकार की समस्या का समाधान नहीं हो पाता है तथा उनकी सुनवाई अगली तिथि के लिए निर्धारित करनी पड़ती है जो रेरा अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत एवं आवंटी या अन्य हिस्सेदारों के हितों के प्रतिकूल है।


इस दौरान 4 शिकायतें मेसर्स ला रेजिडेंसिया प्रालि. की, 3 शिकायतें बीसीसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और 1-1 शिकायत रत्न बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, इन्वेस्टर क्लिनिक प्राइवेट लिमिटेड, ओऐसिस रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा रुद्रा बिल्डवेल होम्स प्राइवेट लिमिटेड की है। ई-कोर्ट के माध्यम से सुनवाई में जुड़ने के लिए पक्षकारों को नियत सुनवाई तिथि से 2 दिन पहले रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर और ई-मेल आईडी पर लिंक भेज दिया जाएगा। जिसपर क्लिक करके पक्षकार किसी भी स्थान से सुनवाई में जुड़ सकते है। यदि प्रोमोटर इस सार्वजनिक सूचना के बाद भी सुनवाई में उपस्थित नहीं होते है तो रेरा अधिनियम के प्राविधानों के तहत एकतरफा फैसला दे दिया जाएगा जिसके जिम्मेदार स्वयं प्रोमोटर होंगे।

## आम्रपाली लेजर पार्क सोसायटी में सुरक्षा गार्डों ने डिलिवरी ब्याय को पीटा

ग्रेटर नोएडा, 29 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली लेजर पार्क सोसायटी में तैनात सुरक्षा गार्डों ने एक रेजिडेंट्स को बुरी तरह पीटा। घटना नोएडा आरोप है कि सिक्योरिटी गार्डों ने यह


- **बीच बचाव करने पहुंचे लोगों को गार्डों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा**
- **अवैध मेन्टीनेन्स को लेकर कुछ लोगों का पहले से चल रहा था विरोध**
- **एडहॉक एओए ने आरोपी सुरक्षा गार्डों को हटाने का लिया निर्णय**

वारदात एडहॉक एओए के सदस्यों के इशारे पर की है। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने कुछ गार्डों को हिरासत में लिया है। बीते रात में आम्रपाली लेजर पार्क सोसायटी में सिक्योरिटी गार्डों का तांडव देखने को मिला है। इस सोसायटी के गार्डों ने एडहॉक एओए के इशारे पर एक रेजिडेंट्स के साथ बुरी तरह से मारपीट की। उसे सोसायटी में दौड़ा दौड़ा कर पीटा। वहीं अन्य सोसायटी



वासियों को भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी। आरोप है कि गार्डों ने सोसायटी की महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। इस संबंध में बिसरख थाने में दो लोगों ने शिकायत दी है। आरोप है कि पुलिस ने एडहॉक एओए के कुछ सदस्यों को भी हिरासत में लिया था, लेकिन थाने में थोड़ी देर बैठाने के बाद उन्हें जाने दिया गया। यहां तक कि पुलिस ने उनका एल्कोहल टेस्ट भी नहीं कराया, जबकि पीड़ित पक्ष आरोपियों के नशे में होने का आरोप लगा रहे थे। इस घटना को लेकर रेजिडेंट्स में नाराजगी भी दिखी इस वारदात में गंभीर रूप से घायल रेजिडेंट अवनीश कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं लोगों का कहना है कि अवैध मेंटेनेंस न देने पर महिला का ब्लिंकिट डिलीवरी रोकने पर पूरा बवाल हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के कोर्ट रिसीवर द्वारा नियुक्त सोसाइटी की एडहॉक एओए ने तत्काल सोसाइटी में कार्यरत गार्ड एजेंसी को बर्खास्त करने का निर्णय लिया है और इसके लिए वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है। इसके अलावा यह भी संज्ञान में आया है कि कुछ लोग जानबूझकर उक्त प्रकरण में एडहॉक एओए की संलिप्ता का आरोप लगा रहे हैं। जिसमें वह स्पष्ट करना चाहते हैं कि उनका कोई रोल नहीं था और यह निवासी एवं गार्ड के बीच की आपसी विवाद का नतीजा है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा



ग्रेटर नोएडा, 29 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा-1 के पीपल महादेव मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा की तरफ से किया गया, जिसमें बी.पी., शुगर, ई.सी. जी., आंखों की जांच एवं चिकित्सक परामर्श किया गया। इस दौरान सेक्टर के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और अपने स्वास्थ्य की जांच करवायी। शिविर में डॉ. आलोक हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. शिव कुमार, जनरल फिजिशियन, डॉ. वसीम नेत्र रोग विशेषज्ञ, पवन चौहान मैनेजर यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा एवं विपिन गोयल मंदिर सेवा समिति उपस्थित रहे।

## दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने का काम कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : कपिल देव अग्रवाल

- **भाजपा लोकसभा प्रभारी ने आगामी चुनाव को लेकर पार्टी के नेताओं के साथ की बैठक**

ग्रेटर नोएडा, 29 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश की लोकसभाओं को 146 क्लस्टर में बांटा है। हर क्लस्टर लगभग अधिकतम पांच लोकसभाओं तक है। प्रदेश में गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ और बागपत लोकसभाओं को मिलाकर एक क्लस्टर बनाया गया है जिसके प्रभारी राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल है। गौतम बुद्ध नगर जिले के क्लस्टर प्रभारी उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार व्यवसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल शामिल हुए। कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा चुनावों को लेकर अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के साथ लगातार कार्यक्रम कर रही है और 31 जनवरी तक सभी लोकसभाओं के चुनावी कार्यालय खुल जाएंगे। प्रत्याशी को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि यहां पर कमल का ही



प्रत्याशी होगा। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं तब से दूसरे देश के प्रधानमंत्री भी पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ाने का काम देश का गौरव बढ़ाने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है अबकी बार लोकसभा चुनावों में भाजपा 400 पार सीटों के साथ और प्रदेश की 80 लोकसभा सीटो की जीत के साथ एक बार फिर मोदी सरकार बनेगी और उन्होंने कहा देश में गरीबी की पीड़ा वही जान सकता है, जिसने गरीबी देखी है करोड़ों लोग कोरोना जैसी महामारी में 80 करोड़ परिवारों को फ्री राशन वितरण योजना चलाई और यह योजना 2028 तक लागू रहेगी। लोगों को आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर का लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना लेकर आए 4 करोड़ मकान का लाभ, 8 करोड़ किसानों को किसान सम्मन निधि का लाभ, 22 जनवरी अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा ने दुनियां को आकर्षित किया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि एक बार फिर मोदी सरकार आ रही है, देश में किये सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। जनता के आशीर्वाद से एक बार फिर मोदी सरकार बनेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी,एमएलसी श्रीचंद शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, सिकन्दराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, लोकसभा प्रभारी अनिल शिशोदिया, बुलन्दशहर जिला अध्यक्ष विकास चौहान, क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर, आशीष वत्स, महामंत्री दीपक भारद्वाज, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल आदि लोग मौजूद रहे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 227/एस0टी0-एस0डी0एम0/2015 दिनांक 07.04.2015 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्रीमती धर्मवती पत्नी स्व0 श्री देवराज सिंह निवासी ग्राम धनौरी परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धनौरी | 764<br>768<br>780 | स्व0 श्रीमती धर्मवती पत्नी स्व0 श्री देवराज सिंह निवासी ग्राम धनौरी परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर | कु0 प्रियंका | पुत्री | 12 वर्ष | अविवाहित |
| | | | | प्रिन्स | पुत्र | 10 वर्ष | अविवाहित |
| | | | | विपिन | पुत्र | 30 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उपजिलाधिकारी, सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 475/एस0टी0-एस0डी0एम0/2017 दिनांक 01.01.2018 मृतक श्री आनन्द प्रकाश पुत्र नारायण, नि0 ग्राम खेरली हफीजपुर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 28.09.2017 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1276 | श्री आनन्द प्रकाश पुत्र नारायण, नि0 ग्राम खेरली हफीजपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती कुसम | पत्नी | 55 वर्ष | |
| | | | श्री नरेश कुमार | पुत्र | 37 वर्ष | |
| | | | श्री सुरेन्द्र सिंह | पुत्र | 30 वर्ष | जुडवा |
| | | | श्री मुनेन्द्र | पुत्र | 30 वर्ष | |
| | | | श्रीमती बबीता | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती रेनू | पुत्री | 31 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 30 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# चमक खोते सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती

जनता की अपेक्षा के अनुरूप पर्याप्त एवं वक्त पर न्याय देने में असफल रहने के बावजूद लोगों की अंतिम आशा बने हुए भारत के शीर्ष न्यायालय ने रविवार को अपना हीरक जयंती समारोह मनाया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि 'आज के कानून कल के मजबूत भारत का आधार हैं।' सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कोर्ट की कार्रवाई के डिजिटलाइजेशन एवं न्यायदान सरल भाषा में करने जैसी उपलब्धियों पर संतोष जताया। जो बहुत सी बातें इस अवसर पर किसी भी जागरूक नागरिक के जेहन में उभरती हैं, वे वर्तमान परिस्थितियों में यह सवाल करने पर मजबूर करती हैं कि एक समर्थ, स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका के रूप में वह लोकतंत्र की सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के संरक्षण के मामले में कितनी सफल हुई है। ईमानदारी से अगर इस बात की समीक्षा की जाये तो कह सकते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय को अभी लम्बा सफर तय करना है। ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि इन मोर्चों पर जैसे भारत का लोकतंत्र आहत होता दिख रहा है, क्या सबसे बड़ी अदालत उसे बचाने में कामयाब हो रही है? 'हां' कहने में किसी को भी संकोच हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के कुछ गिने-चुने न्यायाधीश ही ऐसे हुए हैं जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी को वाकई गम्भीरता से लिया है, साहस के साथ। शीर्ष कोर्ट कई मसलों पर जन आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया है, खासकर हाल के वर्षों में। और भी सटीक तौर पर वह कालखंड रेखांकित किया जाये तो वर्तमान दौर, जिसमें न्यायदान एवं न्याय प्रणाली दोनों की ही दुर्दशा सामने आई है। जो प्रधानमंत्री मोदी न्यायपालिका में अनेक सुधारों की बात करते थे, वे भी यथास्थिति कायम रखने में स्वहित मानने लगे हैं। 2014 में जब वे प्रधानमंत्री बने थे, उन्होंने राजनीति को अपराधमुक्त बनाने के लिये सर्वोच्च न्यायालय से उम्मीद की थी कि गम्भीर आरोपों के साथ विधायिका में पहुंचने वाले सदस्यों के बारे में फैसले एक वर्ष के भीतर सुना दिये जायें ताकि लोकतंत्र के मंदिरों को साफ किया जा सके। आशा अच्छी थी, लेकिन न्यायपालिका अपेक्षित व्यवस्था न कर सका और मोदी सरकार को भी इससे राहत ही मिली क्योंकि बाद में पाया गया कि अनेक आरोपी न केवल लोकप्रतिनिधि बनकर देश की विधान मंडलों एवं संसद के सदनों में पहुंचने लगे जिन्हें श्री मोदी बाहर ही रोकना चाहते थे। विरोधाभास व विडम्बना यह रही कि भाजपा ने ही ऐसे अनेक लोगों को टिकटें दीं और उन्हें भीतर बिठाया। और तो और, सदन की सदस्यता के दौरान लगे आरोपों में उनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर, उनका पुरजोर बचाव किया। फिर ऐसे लोगों में महिलाओं का उत्पीड़न करने वाले हों या दुष्कर्म अथवा निर्दोषों को अपने वाहनों से जानबूझकर कुचलने वाले मंत्री पुत्र ही क्यों न हों। करोड़ों रुपयों की डील करने वाले केन्द्रीय मंत्री के पुत्र भी सरकार का संरक्षण पाकर बचे रहे। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की एकतरफा कार्रवाइयों को कोर्ट महसूस तो करता है परन्तु सरकार से जवाब तलब नहीं कर पाया।

इसी कालखंड में अनेक आपराधिक कृत्य सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के लोगों की ओर से किये जाते रहे परन्तु न उन्हें सजा मिल सकी और न ही पीड़ित पक्षों को न्याय मिला। सामान्य सिविल व क्रिमिनल केसों का बात क्या की जाये, अधिक गम्भीर तथ्य तो यह है कि भारत में अब दो तरह के कानून जारी हैं- एक भाजपा के लिये, शेष सरकार विरोधी व्यक्तियों या संगठनों के लिये। इसी न्यायपालिका ने सत्ता दल के एक मंत्री व एक सांसद को यह कहकर छोड़ दिया था कि उन्होंने हेट स्पीच मुस्कुरा कर दी थी इसलिये वह अपराध नहीं है। अपने कई आदेशों को शब्दों व भावना के अनुरूप अनुपालन कराने में सुप्रीम कोर्ट नाकाम रहा है। यहां मामला पहुंचने का अर्थ ही मान लिया जाता है कि फैसला सरकार के और भाजपा के पक्ष में होगा। इक्के-दुक्के निर्णयों को छोड़ दें तो जनता की भी यही राय है; और उसकी वजहें ठोस हैं- उदाहरणों सहित वे उद्धृत किये जा सकते हैं। किसान आंदोलन से लेकर शाहीन बाग आंदोलन, नोटबन्दी, जीएसटी और यहां तक कि धार्मिक मुद्दों पर आधारित मसले भी सरकार के पक्ष में छूटे हैं।

जिस प्रकार से न्यायाधीशों को रिटायर होने के बाद महत्वपूर्ण जगहों पर बिठाया गया, वह लोगों को उंगली उठाने का मौका तो देता ही है, यह भी बतलाता है कि देश की नियति तय करने वाले फैसले गुण-दोषों के आधार पर नहीं वरन रिटायर्ड होने पर अपनी पुनर्वास योजना के अंतर्गत सुनाये जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट को इस बाबत कोई आचार संहिता लागू की जानी चाहिये- वह भी इतने कड़े प्रावधानों के साथ कि कोई भी जज सेवानिवृत्त होने के बाद किसी पद पर कानूनन ही न बैठ सके ताकि कोई सरकार या व्यक्ति उसके लिये ऐसी व्यवस्था ही न कर पाये। इस दौरान कार्यपालिका द्वारा न्यायपालिका के अधिकार को छीनते हुए भी देखा गया है (बुलडोज़र संस्कृति) या उसे यह बतलाया जाता है कि कैसे फैसले लेने चाहिये। पिछले दिनों उस पर सत्ताधारी पार्टी से जुड़े लोगों द्वारा जो हमले किये गये हैं वे बेहद चिंताजनक हैं।

सुप्रीम कोर्ट अपनी स्वत: संज्ञान लेने की ताकत का इस्तेमाल करने से जिस प्रकार इन दिनों कतराने लगा है, वह भी लोगों की चिंता का सबब है। सरकार ने विरोध का स्वर बुलन्द करने वाले अनेक लोगों को जबरिया जेलों में बन्द कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट उस पर मुहर लगाने का काम मात्र कर रही है या फिर तारीखें आगे बढ़ाने में मशगूल है। आजाद खयाल जनता की अपेक्षा तो सर्वोच्च न्यायालय से इन सबसे बढ़कर है। वह देखे कि लोगों के अधिकार सुरक्षित रहें और वे सरकार की भी निर्भीक आलोचना कर सकें।

# आर्थिक संकट और अंतरिम बजट

केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। अंतरिम बजट एक अस्थायी वित्तीय बजट है,जो वार्षिक या आम बजट से अलग होता है। आम चुनाव के बाद और नई सरकार के गठन के बाद वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। अंतरिम बजट से सरकार अपनी आय और व्यय की रूपरेखा तैयार करती है,जिससे नई सरकार के गठन तक खर्च संबंधी कोई परेशानी नहीं हो।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अनेक आर्थिक संकटों के बीच अंतरिम बजट प्रस्तुत कर रही हैं। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर 1.8 प्रतिशत पर है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार ने 13 अप्रैल 2016 को अशोक दलवाई समिति का गठन किया था। इस समिति ने 2017 में कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि विकास दर कम से कम 12 प्रतिशत रहनी चाहिए। मनमोहन सरकार में कृषि विकास दर 4 प्रतिशत के ऊपर लगातार बनी हुई थी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। वर्तमान सरकार ने भले ही कृषि विकास दर का लक्ष्य 12 प्रतिशत रखा हो, लेकिन अब स्वयं सरकार के आंकड़ों से पुष्टि हो रही है कि चालू वित्त वर्ष में यह आंकड़े 2त्न तक पहुंचना भी मुश्किल है। भारत में कृषि क्षेत्र सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था अभी गंभीर संकट से जूझ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में निम्नस्तरीय क्रय क्षमता के कारण अर्थव्यवस्था अभी मांग के गंभीर संकट से जूझ रही है। कृषि क्षेत्र की धीमे विकास दर से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग की भारी कमी है। ऐसे में चर्चा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण अपने अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार कर सकती हैं। परंतु सवाल यह है कि ऐसी स्थितियां क्यों आई? चाहे 2008 का आर्थिक संकट हो या कोरोना काल, दोनों में ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने इंजन का कार्य किया तथा देश को संकट से बाहर निकाला। परंतु इसके बावजूद सरकार कृषि क्षेत्र को लेकर गंभीर नहीं रही है। दिल्ली की सीमाओं पर एक वर्ष से ज्यादा समय तक किसानों का शांतिपूर्ण धरना- प्रदर्शन चलता रहा, जिसमें 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गए, लेकिन अब तक सरकार 'न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून' को लेकर गंभीर नहीं हुई। प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि की 6 हजार की राशि इस भीषण महंगाई में किसानों की जरूरत से बेहद कम है, इसे कम से कम दोगुनी करने की जरूरत है इससे भी ज्यादा आवश्यक है कि कृषि लागत को कम किया जाए तथा उत्पादकता में वृद्धि की जाए। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की सख्त आवश्यकता है। इस समय जिस तरह से बेरोजगारी भयावह स्तर पर है, इससे बड़ी संख्या में लोग कृषि कार्य में जुटे हैं,क्योंकि उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। फलत: ग्रामीण परिवारों में गरीबी की समस्या और बढ़ गई है। किसानों के खेत का आकार छोटा रह गया है। 85 प्रतिशत किसानों के पास 5 एकड़ से भी कम जमीन उपलब्ध है। इस स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र में अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में मनरेगा की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। चालू वित्त वर्ष में मनरेगा के बजट में कटौती कर दी गई थी,जबकि देश भर में मनरेगा के तहत काम मांगने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। ऐसे में समय आ गया है कि सरकार अंतरिम बजट में मनरेगा के बजट में वृद्धि करे। विशेषज्ञों का आकलन है कि अंतरिम बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 22 से 25 लाख करोड़ रूपये तक कर सकती है। सरकार का यह प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक पात्र किसान की संस्थागत ऋ्रण तक पहुंच हो। लेकिन इसके साथ सीमांत किसानों की कर्जमाफी भी आवश्यक है। सरकार जब पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रूपयों को राइट ऑफ कर सकती है, तो किसानों की कर्ज माफी क्यों नहीं? साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सम्माननिधि की राशि बढ़ाने की जो चर्चा लगातार वित्त मंत्रालय के गलियारे में हो रही है,क्या वह केवल चुनावी जुमलेबाजी तो नहीं? अभी मध्यप्रदेश में चुनाव से कुछ दिन पूर्व लाडली लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को नगद हस्तांतरण कर बीजेपी वोट लेने में सफल हो गई थी। लाडली लक्ष्मी योजना में दूसरे मद के बजट का भी प्रयोग किया गया। क्या सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए लाडली लक्ष्मी योजना की तरह 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' का तो प्रयोग लोकसभा चुनाव में तो नहीं करना चाहती? इस अंतरिम बजट में केन्द्र सरकार को वास्तव में कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस करने की आवश्यकता है।



राहुल लाल

> **कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की सख्त आवश्यकता है। इस समय जिस तरह से बेरोजगारी भयावह स्तर पर है, इससे बड़ी संख्या में लोग कृषि कार्य में जुटे हैं,क्योंकि उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। फलत: ग्रामीण परिवारों में गरीबी की समस्या और बढ़ गई है। किसानों के खेत का आकार छोटा रह गया है। 85 प्रतिशत किसानों के पास 5 एकड़ से भी कम जमीन उपलब्ध है। इस स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र में अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में मनरेगा की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।**

कोविड काल और उससे 1 साल पहले के समय को नजरअंदाज करें, तो वित्त वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर 21 साल में सबसे कम रहने का अनुमान है। इस दौरान 7.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। केन्द्र सरकार 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का नारा जोर-शोर से लगाती है और बताती है कि भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है परन्तु ब्रिटेन की प्रति व्यक्ति आय 47 हजार डॉलर से ऊपर है, जबकि भारत की प्रति व्यक्ति आय केवल 2450 डॉलर प्रति व्यक्ति है। भारत जीडीपी के मामले में आज दुनिया में 5वें नम्बर पर है,लेकिन वहीं प्रति व्यक्ति आय के मामले में 128वें स्थान पर है। सरकार कई बार कम प्रति व्यक्ति आय के लिए भारत की भारी भरकम जनसंख्या को मानती है। लेकिन इस तर्क में भी ज्यादा दम नहीं है। चीन भी एक विशाल जनसंख्या वाला देश है,लेकिन उसके बावजूद प्रति व्यक्ति आय में भारत से काफी आगे है। चीन में प्रति व्यक्ति आय 12,720 डॉलर है। भारत ने तो अमृत काल में लक्ष्य रखा है कि देश की प्रति व्यक्वि आय वर्ष 2047 तक 10,000 डॉलर होगी। सरकार के कई मंत्री तर्क देते है कि देश का जनसंख्या घनत्व काफी ज्यादा है,इसलिए भारत की प्रति व्यक्ति आय कम है। लेकिन तथ्य इस तर्क की भी पुष्टि नहीं करते। भारत में जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है,जबकि बांग्लादेश का जनसंख्या घनत्व 1253 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है। बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय 2793 डॉलर है। इसका प्रमुख कारण है कि बांग्लादेश ने जीडीपी विकास में ऐसे उद्योगों को प्रमुखता दी, जो अत्यंत सघन श्रम प्रधान वाले हैं,जिससे लोगों को भारी संख्या में रोजगार मिल रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था 6-7 वर्षों से रोजगारविहीन विकास की ओर अग्रसर हो रही है। अंतरिम बजट में सरकार को प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के लिए गंभीरता प्रकट करनी चाहिए। रोजगार सृजन व प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर के लिए जीडीपी में उच्च विकास दर आवश्यक है। 2004 से 2014 के बीच जीडीपी में कुल 183फीसदी वृद्धि रही, तो 2014 से 2023 के बीच जीडीपी में केवल 83फीसदी का इजाफा हुआ।

इसके अतिरिक्त अंतरिम बजट में सरकार को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर भी ध्यान देना चाहिए। दिसंबर माह में यह सेक्टर 18 माह के निचले स्तर पर पहुंच गया। दिसंबर में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 54.9 पर रहा,जो नवंबर में 56 था। मैन्युफैक्चरिंग के सिकुड़ने से ग्रोथ को झटका लग रहा है। सेवाओं की तुलना में मैन्युफैक्च चरिंग क्षेत्र में रोजगार बढ़ाना एक तेज प्रक्रिया है। कारखाना के निर्माण का वास्तविक कार्य न केवल रोजगार सृजन है, बल्कि इसमें कम कुशल श्रमिकों की मांग में भी वृद्धि होती है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मजबूत किए बिना न तो तीव्र आर्थिक विकास संभव है और न ही आय में वृद्धि।

ग्रोथ रेट के प्रथम एवं द्वितीय अनुमान का मुख्य मकसद सरकार को बजट निर्माण से पहले ग्रोथ रेट के भरोसेमंद स्थितियों से अवगत कराना है। प्रथम अग्रिम अनुमान में चालू वित्त के दौरान जीडीपी में वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह प्रथमदृष्टया संतोषप्रद लगता है,परंतु जब भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न चुनौतियों के संदर्भ में इसे देखा जाए,तो एक जटिल स्थिति दिखाई देती है। केंद्र सरकार कर्ज जाल में डूबती जा रही है। वर्ष 2014 में देश पर 55 लाख करोड़ का कर्ज था,जो अब 205 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। कर्ज -जीडीपी अनुपात 90 प्रतिशत के खतरनाक स्तर को पार कर गया है। अंतरिम बजट में सरकार को बढ़ते कर्ज और कॉरपोरेट टैक्स पर विचार करना होगा। सरकार ने पिछले बजटों में कारपोरेट टैक्स में अप्रत्याशित रूप से कटौती की है, वहीं जीएसटी में जबरदस्त वृद्धि। इससे निर्धनतम लोगों पर टैक्स की भारी मार पड़ रही है। आखिर पूंजीगत लाभ पर लगने वाला कर अर्जित आय पर लगने वाले कर से क्यों कम है? इन त्रुटियों को सरकार को अंतरिम बजट में जल्द से जल्द दूर करना होगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक मामलों के जानकार हैं )**

# साकार गांधी, निराकार गांधी!

■ **अनिल त्रिवेदी**

दिल्ली के बिड़ला भवन में 30 जनवरी 1948 की शाम सांध्यकालीन प्रार्थना पर निकले साकार गांधी अपने अंतिम शब्द 'हे राम' के साथ अनन्त निराकार में विलीन हो गए। इस जगत में जन्म, जीवन के साकार स्वरूप का प्रारंभ है तो महाप्रयाण जीवन का अनन्त निराकार में विलीन हो जाना। जीव, हाड़-मांस का पुतला, सामान्य समझ से माना जाता है। इस जगत में सनातन काल से हाड़-मांस के पुतले भांति-भांति के रूप-स्वरूप में श्वास-प्रश्वास की तरह आते-जाते रहते हैं। जगत, जीवन के साकार से निराकार स्वरूप में बदलने का एक अंतहीन सिलसिला है।

साकार स्वरूप अंतत: निराकार में विलीन हो जाता है, पर निराकार तो हर कहीं व्याप्त है, शून्य और अनन्त में भी और सूक्ष्म और विराट स्वरूप में भी। जो रूप-स्वरूप जन्म-मृत्यु से परे है, जैसे-सत्य अपने आप में पूर्ण है, अपूर्ण कभी पूर्ण या असत्य कभी सत्य नहीं हो सकता। साकार गांधी की सबसे बड़ी सिखावन जगत को यह रही कि 'सत्य ही ईश्वर है।' ईश्वर के साथ साकार मनुष्य के मन में आस्तिक-नास्तिक का सवाल या मत-मतान्तर उठें, पर सत्य की सनातनता को लेकर कोई द्वंद या आस्था-अनास्था का सवाल ही नहीं बना।

> **प्रार्थना सभा में शामिल होने से साकार गांधी के शरीर को प्रणाम करने का स्वांग रचते हुए गोली मारने वाले को भले ही रोका न जा सका हो पर 'हे राम' शब्द का अंतिम उच्चारण कर महाप्रयाण पर जाने वाले निराकार गांधी के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और अभय को लोकसमाज के मन से कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन और सभ्यता गोली और गाली के बल पर रोक या समाप्त नहीं कर सकती।**

गांधी ने जीवन को सत्य की जीवन-शाला बना दिया, 'सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा।' सत्य एकदम सरल, सहज और स्वाभाविक रूप से सादगीपूर्ण है। सत्य में न तो प्रदूषण है,न ही असहिष्णुता,अभद्रता या बनावटीपन। सत्य में दुराव-छिपाव या स्मरण-विस्मरण का कोई सवाल ही नहीं है। गांधी की कहानी का कुल-जमा निचोड़ यह निकला कि एक सामान्य हाड़-मांस का मनुष्य कैसे अपने जीवन में, लगातार अपनी कमियों को खुद-ब-खुद अपने जीवन की समीक्षा से स्वयं ही त्यागते हुए, जीवन को एक सत्याग्रह में बदल सकता है।

दक्षिण अफ्रीका में बैरिस्टर गांधी को पहली श्रेणी का वैध टिकट होने पर भी रेल से उतार दिया था। कहा गया था कि काला आदमी पहली श्रेणी में चढ़ और यात्रा नहीं कर सकता, भले ही वह बैरिस्टर क्यों न हो! सत्यनिष्ठ बैरिस्टर गांधी के मन के किसी कोने में सत्य की समझ नहीं होती तो गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला निराकार सत्य को साकार सत्याग्रह में नहीं बदल पाता। महात्मा गांधी जैसे सरलतम रास्ता खोजने वाले मनुष्य का 'सत्य ही ईश्वर है' का विचार-सूत्र दुनिया के प्रत्येक मनुष्य को सत्य की समझ देता है। अपने जीवन में ईश्वर को खोजने की मशक्कत करते रहने की बजाय गांधी ने यह सहज सूत्र बताया।

गांधी ने सत्य को हर समय अपने दैनिक जीवन की श्वास-प्रश्वास की तरह मानते हुए जीवन को ही जीवन्त सत्याग्रह की तरह अनोखी जीवन शैली में बदल दिया। सत्य को आत्मसात कर जीना सिखाया। सत्य और सत्याग्रह की सरलता को अपनाने का सादगीपूर्ण अहिंसक समाधान निकाला। सत्य और अहिंसा एक-दूसरे में रचे-बसे हैं। सत्य और अहिंसा स्वावलंबी और प्राकृतिक स्वरूप में हर किसी के लिए सहज सरल है। सत्य और अहिंसा दोनों को अपनाने के लिए किसी संगठन, संस्था और सहयोगी साथी की भी जरूरत नहीं है। निर्भय होकर स्वावलंबी जीवन सत्यनिष्ठ और अहिंसक तरीके से जीना ही जीवन का प्राकृतिक स्वरूप है।

गांधी ने जरूरत और लोभ-लालच के भेद को समझाया। सादगी पूर्ण आवश्यक पोषण-भोजन, रहन-सहन और सहजता-सरलता से अपने गांव बसाहट में स्थानीय लोगों और साधनों की व्यक्तिगत और सामूहिक शक्ति से जीने के प्राकृतिक और विकेन्द्रीकृत तरीके को ही रामराज्य की संज्ञा दी। गांधी ने व्यक्ति के अंदर-बाहर समाहित राम को समझा और आजादी के आन्दोलन में प्रार्थना सभा के माध्यम से व्यक्ति और समाज के मन में समाये रामतत्व की प्राण-प्रतिष्ठा करके आजादी की अहिंसात्मक अवधारणा को भारतीय मानस में लोकाधारित करने का सिलसिला खड़ा किया।

जीवन की जरूरत और लोभ-लालच को समझाते हुए महात्मा गांधी ने कहा कि हमारी धरती मां में प्राणीमात्र की जरूरत पूरी करने की क्षमता है, पर किसी एक के भी लोभ-लालच को पूरा करने की नहीं। भोजन को लेकर गांधी ने सहज सूत्र समझाया- भूख लगने पर खाना प्रकृति है और बिना भूख के खाना विकृति है। गांधी ने जीवन के सार के रूप में ही सत्य और अहिंसा, साध्य और साधन की शुद्धता और मन की स्वच्छता की आजीवन साधना को जाना-समझा।

गांधी अपने जीवन में न तो प्रशंसा से फूले और न ही आलोचना या गाली पर ध्यान दिया। गांधी का मानना था कि किसी ने आपको गाली दी और आपने गाली का प्रत्युत्तर दिया तो गाली देने वाले को सफलता मिली, पर यदि आपने गाली पर ध्यान ही नहीं दिया तो गाली देने वाले की गाली निष्फल हो गई। यही व्यवहारिक एकाग्रता और ध्यान है। शुक्रवार 30 जनवरी 1948 की शाम प्रार्थना सभा में शामिल होने से साकार गांधी के शरीर को प्रणाम करने का स्वांग रचते हुए गोली मारने वाले को भले ही रोका न जा सका हो पर 'हे राम' शब्द का अंतिम उच्चारण कर महाप्रयाण पर जाने वाले निराकार गांधी के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और अभय को लोकसमाज के मन से कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन और सभ्यता गोली और गाली के बल पर रोक या समाप्त नहीं कर सकती। यही सनातन सत्य है।

***( लेखक अभिभाषक, गांधीवादी विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं।***

## पावन प्रसंग

# मोक्ष की अवस्था

दुख पाने पर मनुष्य दुखी अवश्य होता है, पर दुख में एक गुण भी है। वह यह है कि दुख,भौतिक सुख की,सांसारिक सुख की निस्सारता दिखाता है। जिस सुख के लिए मनुष्य का मन तड़पता है, छटपटाता है और जिसे पाने के लिए वह बड़े से बड़े प्रयास, पुरुषार्थ और परिश्रम करता है और उसे पाकर भी जब वह पूर्णत: तृप्त नहीं हो पाता, सदा के लिए सुखी नहीं हो पाता तो वह दुखी होता है और फिर से सुखी होने के लिए भौतिक सुख-साधनों विषय भोगों के पीछे भागता है। ऐसा वह बार-बार करता है और इस आशा में करता है कि शायद इस बार सांसारिक सुख, विषय सुख पाकर वह सदा के लिए सुखी हो सकेगा, उसकी इंद्रियां क्षणिक सुख पाकर फिर से अतृप्त हो जाती है। इससे सांसारिक सुख की इंद्रियजन्य सुख की निस्सारता, क्षणभंगुरता और अपूर्णता इसके सम्मुख आती है, और फलस्वरूप सांसारिक सुखों, इंद्रिय सुखों के प्रति उसकी आसक्ति को कुछ चोट तो अवश्य पहुंचती है। उसके मन में क्षणिक वैराग्य का उदय तो अवश्य होता है। विषयों के प्रति उसके मन में क्षणिक विरक्ति हरेक मनुष्य के जीवन में एक न एक समय अवश्य उत्पन्न होती है, पर दुख की बात तो यह है कि यह विरक्ति स्थायी नहीं हो पाती। यह क्षणिक काल के लिए ही होती है इसलिए तो मनुष्य का मन फिर से उन्हीं विषय भोगों के लिए मचलता है, तड़पता है।

खुली आंखों से भी मनुष्य वह नहीं देख पाता जो उसके सामने है, बल्कि वह वही देख रहा होता है, जो उसके मन की आंखें उसे दिखा रही होती हैं। वह आंखें मूंदे बैठा हो या फिर खोलकर वह मन की आंखों से उन्हीं विषयों की कल्पना करता है, याचना करता है, लालसा करता है और देखता है। इस प्रकार उसके मन में क्षणिक समय के लिए विरक्ति आती है और अगले ही क्षण चली जाती है। मन में विषयों के प्रति क्षणिक वैराग्य उपजता है और अगले ही पल चला जाता है। जिस दौलत को, धन-संपदा को पाने के लिए व्यक्ति जीवन भर लगा रहा, अंत में उन्हें छोड़कर उसे एक दिन जाना होता है। यह सब हम अपनी आंखों से देखते हैं और दुखी होते हैं और यह सोचते भी हैं कि देखो इस दुनिया की सारी दौलत छोड़कर ही हमें एक दिन जाना होगा।

अपने घर में,परिवार में, समाज में लोगों को मरते हुए देखकर भी हमें दुख होता है और उसके साथ ही हममें क्षणिक वैराग्य आता है, क्षणभंगुरता समझ में आती है। शमशान में बैठकर हम मरे हुए लोगों को जलते हुए देखते हैं, भस्मीभूत होते हुए देखते हैं और जीवन की निस्सारता, क्षणभंगुरता हमारी आंखों के सामने आती है और हममे वैराग्य जागता है, विरक्ति आती है, पर अगले ही पल जब हम शमशान से घर लौट आते हैं और सांसारिक क्रियाकलाप में लग जाते हैं तो फिर से वह वैराग्य मन से अदृश्य होने लगता है। वह विरक्ति, अदृश्य होने लगती है। दुख की यही बात है कि यह विरक्ति हममें बसती नहीं, टिकती है, बल्कि चली जाती है पर जिस दिन जिस पल से यह विरक्ति हमारे मन में सदैव के एि बस गई, उतर गई, टिक गई, रुक गई, ठहर गई उसी क्षण हम टिक जाएंगे, रुक जाएंगे, ठहर जाएंगे। हर पल संसार में हो रही हमारी दौड़ रुक जाएगी, ठहर जाएगी और यह ठहराव ही हमारे आनंद की ओर प्रस्थान करने का आरंभ होगा। हमारे मन की, हमारे चित्त की जो वृत्तियां अभी संसार की ओर, भोगों की ओर दौड़ रही हैं वह वृत्तियां भी रुक जाएंगी, ठहर जाएंगी। जिस पल वे स्थायी रूप से रुक गई, ठहर गई, उसी पल हमारे भीतर एक असाधारण घटना घट जाएगी, क्योंकि तब क्षणिक, क्षणभंगुरता सुख के बजाय, शाश्वत सुख और आनंद का दरिया हमारी आत्मा से ही फूट पड़ेगा और हम हमेशा के लिए आनंद से आप्लावित हो उठेंगे। हम सशरीरी रहेंगे तो तब भी इसी संसार में, पर तब संसार हममें न रह सकेगा। संसार हममें न ठहर सकेगा। संसार के सुख-साधन हमें लुभा नहीं सकेंगे। हम संसार में रहेंगे, पर हम संसार के होकर न रह सकेंगे। क्यों? क्योंकि पल-पल हमें संसार में रचाने, बसाने, घुमाने वाला मन ही ठहर चुका होगा। चित्त की वृत्तियां ठहर चुकी होंगी, रुक चुकी होंगी। मन का रुक जाना भी तो आसान नहीं। हां, यह कतई आसान नहीं पर जब साधक अपने हृदय की गुफा में स्थित अपनी आत्मा में नित्य परमात्मा का ध्यान करता जाता है, ब्रह्म का ध्यान करता जाता है और बिना रुके, बिना ठहरे अविराम दीर्घकाल तक पूर्ण श्रद्धा, भक्ति, विश्वास व संयमपूर्वक जीवन जीते हुए करता है तब चित्त की जो वृत्तियां संसार की ओर. विषय की ओर गतिशील हैं- चलायमान हैं वे आत्मा में निरंतर परमात्मा का ध्यान करते-करते ब्रह्म का ध्यान करते-करते ब्रह्म में ही विलीन होकर ब्रह्मस्वरूप हो जाती है। यह अवस्था ही मोक्ष की अवस्था है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# जीवन मे लक्ष्य प्राप्ति और सफलता के लिए सटीक योजना

लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है। अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने लक्ष्य से इधर उधर भटक सकते हैं, ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा। सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक-एक सोपान धीरे-धीरे बढ़ाते जाएं, लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें, लक्ष्य हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे-धीरे तैयारी करना शुरू करें। सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करें। लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग,क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं, इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी, ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजनकर्ता की तरह किया जाना चाहिए, उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है। किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत। यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लवरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए, लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है। काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां सरल हो जाती हैं। लक्ष्य की दूरूहता या क्लिष्टता का पूर्वानुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिए।

अपनी प्राथमिकताओं में सर्वप्रथम स्थान नींद का होना चाहिए, सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है। अत: दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्यक्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगा। इसी तरह आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनचर्या के कार्यों को या तो अच्छे से याद कर ले या उसे कॉपी या डायरी में अच्छी तरह लिख कर रखें और रोज ही अपने लिखे हुए कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करें अपने कार्य को प्राप्त करने के लिए होमवर्क किया जाना होगा।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के मध्यम झटके

**बीजिंग।** पापुआ न्यू गिनी में सोमवार को भूकम्प के मध्यम झटके महसूस किए गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार आज तड़के करीब 04:41 आए भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.1 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन से 10.0 किमी की गहराई में 6.06 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 147.40 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था।

### हमास द्वारा संचालित सरकार का दावा

## इजरायली सेना ने पिछले 48 घंटों में 350 से अधिक लोगों को मारा

**गाजा,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। गाजा में हमास द्वारा संचालित सरकार ने एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में 48 घंटों में कम से कम 350 फिलिस्तीनियों को मार डाला। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया, बयान में रविवार को कहा गया कि मेडिकल टीमें सड़कों पर बिखरे हुए दर्जनों शवों तक पहुंचने में असमर्थ हैं। इसमें कहा गया कि स्थानीय निवासियों को मृतकों को शहर के नासिर अस्पताल के



प्रांगण में दफनाना पड़ा, क्योंकि वे उन्हें खान यूनिस कब्रिस्तान में नहीं ले जा सके। इस बीच, हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इजरायली सेना द्वारा नाकाबंदी के कारण नासिर अस्पताल मेडिकल कचरे से भर गया है। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक बयान में इजरायली बलों द्वारा जारी घेराबंदी के बीच खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति में कमी के बारे में चेतावनी दी, इससे अस्पताल में चिकित्सा टीमों के लिए सर्जिकल ऑपरेशन करना मुश्किल हो गया है। रविवार को हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 7 अक्टूबर, 2023 को शुरू होने के बाद से, इज़राइल और हमास के बीच चल रहे घातक संघर्ष में गाजा में 26,422 फिलिस्तीनी लोगों की मौत हो गई है, जबकि घायलों की संख्या बढ़कर 65,087 हो गई है।

### इजरायल के लिए जासूसी के आरोप में चार लोगों को फांसी

**तेहरान।** ईरान में जासूसी और आतंकवाद के आरोप में इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए काम करने वाले चार लोगों को फांसी दे दी गई है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने सोमवार को देश की न्यायपालिका के हवाले से यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने बताया कि चारों दोषियों को ईरानी रक्षा मंत्रालय के कारखाने में तोड़फोड़ करने के कथित ऑपरेशन से कई दिन पहले जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2023 में, उन्हें इजरायल के लिए जासूसी करने और ईरान की सुरक्षा को कमजोर करने के लिए एक आतंकवादी समूह के गठन तथा उसका नेतृत्व करने का दोषी ठहराया गया इस जुर्म में उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। फैसले को एक अपीलीय अदालत ने बरकरार रखा। ईरान इजरायल को मान्यता नहीं देता है और यहूदी राज्य पर तोड़फोड़ के हमलों का आरोप लगाता है। ईरानी मीडिया ने बताया कि दिसंबर 2023 में भी मोसाद से ताल्लुक रखने के जुर्म में पांच लोगों को मौत की सजा दी गयी थी।

## चीन ने ताइवान के पास स्थायी रूप से चार युद्धपोत तैनात किए

**टोक्यो,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। चीन ने आपातकालीन स्थिति में अमेरिकी जहाजों को ताइवान के पास आने से रोकने के लिए ताइवान के चारों ओर स्थायी रूप से चार युद्धपोत तैनात किए हैं। जापानी अखबार योमिउरी शिंबुन ने सोमवार को सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए यह खबर दी। इससे पहले अगस्त 2022 में अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के

■ **चीन ताइवान के साथ विदेशी राज्यों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का करता है विरोध**

जवाब में आयोजित अभ्यास के हिस्से के रूप में जहाजों को तैनात किया गया था। अखबार द्वारा संलग्न मानचित्र के अनुसार, युद्धपोत द्वीप को तीन तरफ से घेर रहे हैं। युद्धपोत द्वीप को उत्तर, दक्षिण और पूर्व की ओर से घर रहे हैं और चीन की तरफ के तट को खुला छोड़ रहे हैं। इन जहाजों में से एक उन क्षेत्रों के पश्चिम में है, जिन्हें चीन में डियाओयू द्वीप और जापान में



सेनकाकू द्वीप समूह के रूप में जाना जाता है। जापान के कैबिनेट के मुख्य सचिव योशिमासा हयाशी ने सोमवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन के दौरान स्थिति पर कोई टिप्पणी नहीं की। उल्लेखनीय है कि चीन ताइवान के साथ विदेशी राज्यों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।वर्ष 2022 और 2023 में उच्च रैंकिंग वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की ताइवान यात्रा के जवाब में, चीनी सेना ने द्वीप के पास बड़े पैमाने पर युद्ध अभ्यास शुरू किया था और उसे ताइवानी अलगाववादियों और विदेशी शक्तियों के लिए चेतावनी बताया था।

## सुडोकू 6451

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | 2 | |
| 1 | | | | | 9 | 7 | | |
| 2 | 5 | | 8 | | 6 | | | |
| | | 5 | | | | 9 | | 8 |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| 6 | | 8 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 9 | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | | 1 |
| | 3 | | 4 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 30 जनवरी, 2024 माघ कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष -आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे। शरीर और मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ खूब आनंद में दिन व्यतीत होगा।

वृषभ -विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे। बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। पठन एवं लेखन में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन -महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा। अनिद्रा के कारण शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

कर्क -काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे। लघु यात्रा का योग है। भाई- बंधुओं से मेलजोल बना रहेगा।

सिंह -दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। अपनी बोली से किसी के मन को जीत सकते हैं। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी।

कन्या -वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला -अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है। परोपकार का बदला उपकार से मिल सकता है। आय की अपेक्षा खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

वृश्चिक -गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे। नौकरी-धंधे में अच्छे अवसर खड़े होने से आय में वृद्धि होगी।

धनु -आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।

मकर -बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा। संतान की समस्या चिंता का कारण बनेगी। लंबी यात्रा की संभावना है।

कुंभ -अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में खटराग होने की संभावना रहेगी।

मीन -आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक गहरा होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## चीन के साथ सहयोग गहरा करने का इच्छुक नेपाल

**काठमांडू,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। नेपाल ने चीन के साथ अंतर-पार्टी आदान-प्रदान और सहयोग को गहरा करने की आशा व्यक्त की है ताकि द्विपक्षीय संबंधों के विकास को बढ़ावा दिया जा सके। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के निमंत्रण पर सीपीसी सेंट्रल कमेटी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के उप प्रमुख सुन हैयान के नेतृत्व में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने 26 से 29 जनवरी तक नेपाल का दौरा किया। चीनी प्रतिनिधिमंडल ने सीपीएन (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष एवं नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल के साथ-साथ देश के अन्य मुख्य राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की।

इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने थिंक टैंक, मीडिया आउटलेट और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया। साथ ही सीपीसी और नेपाली राजनीतिक दलों के बीच एक संयुक्त परामर्श सम्मेलन में भी भाग लिया। इन अवसरों पर नेपाली पक्ष ने नेपाल-चीन मित्रता की गहरी जड़ों की सराहना की और अपनी धरती पर किसी भी चीन विरोधी गतिविधियों की अनुमति नहीं देने की नेपाल की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही चीन के साथ अंतर-पार्टी आदान-प्रदान एवं सहयोग तथा द्विपक्षीय संबंधों के विकास बढ़ावा देने की आशा व्यक्त की।

## ब्रिटेन ने मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर हमलों की आलोचना की

**लंदन**, 29 जनवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने सोमवार को मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य बलों पर हमलों की निंदा की और ईरान से क्षेत्र में तनाव कम करने का आह्वान किया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक सीरिया की सीमा के पास, जॉर्डन के उत्तर-पूर्व में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और 25 घायल हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस हमले में ईरान समर्थित आतंकवादी समूह को दोषी बताते हुये कहा है कि अमेरिका अभी भी तथ्य इकट्ठा कर रहा है। जॉर्डन के कैबिनेट प्रवक्ता मुहन्नद मुबैदीन ने कहा कि हमले में जॉर्डन के क्षेत्र में स्थित बेस के बजाय सीरिया में अमेरिकी अल तनफ बेस को निशाना बनाया गया। श्री कैमरन ने



■ **ईरान से क्षेत्र में तनाव कम करने का आह्वान किया**


■ **हमले तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए, 25 घायल हुए**

एक्स पर लिखा, हम अमेरिकी सेना के खिलाफ ईरान-गठबंधन मिलिशिया समूहों द्वारा किए गए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं और हम ईरान से क्षेत्र में तनाव कम करने का आग्रह करते रहेंगे।

### हाउती ने किया अमेरिकी युद्धपोत पर हमला

**सना।** यमन के हाउती समूह ने अदन की खाड़ी में अमेरिकी सैन्य जहाज पर मिसाइल हमला किया। हाउती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने एक बयान में कहा, हमने रविवार शाम को अदन की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के एक जहाज यूएसएस लुईस बी पुलर को निशाना बनाकर एक नौसैनिक मिसाइल दागी। यह जहाज अपने मिशन पर जा रहा था। उन्होंने कहा, जहाज का एक मिशन हमारे देश के खिलाफ आक्रामकता में शामिल अमेरिकी बलों को रसद सहायता प्रदान करना है।

## वर्ग पहेली 6451



**बायें से दायें:-**

१. गर्भपात
३. ऊटपटांग, बेढंगा
५. भवन-निर्माण, अंत:पुर का रक्षक
६. बचकर किनारे से निकलना, कतराना (मुहावरा
७. भर्त्सना करना
९. सहृदय, संवेदनशील संजीदा
१०. अफवाह, किंवदंती
१२. जल, पानी
१३. लोहे, लकड़ी आदि का चूरा
१४. जिसे अधिकार मिला हो, अधिकार संपन्न
१६. वायु, हवा
१८. भीतर
२०. सब कुछ जानने वाला परमेश्वर
२१. व्यापार (उर्दू)
२३. उसी समय का, तुरंत होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. अधीरता, उत्कंठा, अत्यधिक इच्छा
२. एक हीस मय में हो या रहने वाला सम सामयिक
३. बहुत ज्यादा, प्रचुर
४. पारिश्रमिक
५. जगह की कमी
८. नाटक करने या लिखने वाला
१०. समुद्र
११. चांदी
१२. खिन्न, भावहृदय
१३. ऊंचा (उर्दू)
१४. नाराज, नाखुश
१५. आभार, उपकार मानने का भाव
१६. स्तंभ, स्तंभ रूप में बनी इमारत (उर्दू)
१८. करसम्पुट
१९. कामदेव की पत्नी
२२. गरम, उष्ण, तपा हुआ

### वर्ग पहेली-6450

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | ष्प | २ रा | ज | ३ य | | ४ वि | भा | ५ ज | न |
| ख | | ज | | ६ म | स्त | क | | न | |
| ७ दा | ड़ि | म | | या | | ८ ल | प | क | ९ ना |
| यी | | ह | | १० त | र्ज | न | | | मु |
| | ११ ब | ल | १२ आ | ना | | | १३ घ | प | ला |
| | हु | | तं | | १४ पिं | ज | रा | | य |
| १५ वै | धा | १६ नि | क | | ज | | १७ ना | १८ का | म |
| त | | रू | | १९ दू | र | २० स्थ | | हि | |
| २१ नि | ष्या | प | | भ | | २२ ल | ह | रा | २३ ना |
| क | | २४ म | नो | र | थ | | | | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## कनाडा में गुरुद्वारे में तलवार लहराने के आरोप में एक गिरफ्तार

**टोरंटो,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक सिख मंदिर के अंदर धमकी देने और आक्रामक तरीके से तलवारें लहराने के आरोप में 23 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने एक




बयान में कहा, अधिकारियों ने पिछले हफ्ते 3290 साउथ मेन स्ट्रीट पर पेंटिक्टन सिख मंदिर के अंदर शाम की सेवा के दौरान गड़बड़ी का जवाब दिया। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और बाद में भविष्य की तारीख में पेंटिक्टन प्रांतीय अदालत में उपस्थित होने के लिए रिहा कर दिया गया। घटना की क्षेत्र माउंटीज द्वारा जांच की जा रही है, जिसमें कोई घायल नहीं हुआ है। मंदिर ने एक बयान जारी कर कहा कि यह मंदिर के अंदर गैर-समाज के सदस्यों का एक अनियंत्रित समूह था। ग्लोबल न्यूज द्वारा प्रकाशित एक बयान में पेंटिक्टन सिख मंदिर ने कहा, इसी समूह को हाल ही में विधिवत निर्वाचित समिति द्वारा पेंटिक्टन सिख मंदिर से प्रतिबंधित कर दिया गया था। एक समुदाय-संचालित समाज के रूप में, हम अपनी मंडली और समुदाय के उन लोगों की सुरक्षा के लिए हिंसा और धमकियों के इन कृत्यों को गंभीरता से लेते हैं जो साइट पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। पेंटिक्टन सिख टेम्पल सोसाइटी के जेसी गार्चा ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं कि इस घटना की पुनरावृत्ति न हो। गार्चा ने कहा, यह अफसोसजनक है कि ऐसी घटना हुई और एक समिति के रूप में, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह गुरुद्वारा पेंटिक्टन समुदाय के लिए एक स्वागत योग्य और सुरक्षित स्थान बना रहेगा।

## दक्षिण सूडान के पास झड़पों में 42 लोग मारे गए

**जुबा**, 29 जनवरी (एजेंसियां)। अबेई प्रशासनिक क्षेत्र में पिछले हफ्ते पड़ोसी वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं और अबेई के नगोक डिंका के बीच हुई झड़पों के दौरान संयुक्त राष्ट्र के एक शांतिदूत सहित कम से कम 42 लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के महासचिव राउ मनिएल राउ ने रविवार को कहा कि ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं ने अपने आध्यात्मिक नेता गाई माचिएक के प्रति वफादार नुएर युवाओं के सहयोग से नाइनकुएक, मजबोंग और खादियन क्षेत्रों में हमले किए, इसमें 35 लोग घायल हो गए।

मैनिएल ने बताया, जैसा कि हम इन बर्बर समन्वित हमलों का सामना कर रहे हैं, अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार हाल ही में राष्ट्रपति साल्वा कीर द्वारा न्गोक डिंका और ट्विक व उनके सहयोगी सशस्त्र युवाओं द्वारा के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए जारी किए गए राष्ट्रपति आदेश की अवहेलना करने के प्रयास की कड़े शब्दों में निंदा करती है। 18 जनवरी को जारी राष्ट्रपति कीर के आदेश में सुरक्षा बलों से नगोक डिंका और ट्विक समुदायों के बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए नुएर आध्यात्मिक नेता गाई माचीक और उनके वफादार नुएर युवाओं को वार्रप राज्य से बाहर निकालने का आह्वान किया गया था।

## आज का इतिहास

1530 -मेवाड़ के राणा संग्राम सिंह का निधन।
1649 -इंग्लैंड के सम्राट 'चार्ल्स प्रथम' का सिर कलम किया गया।
1790 -पहली लाइफबोट को टायन नदी में उतारा गया।
1889 -हिन्दी साहित्यकार और कामायनी जैसे काव्य संग्रह के रचयिता जयशंकर प्रसाद का जन्म।
1903 -लॉर्ड कर्जन ने कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) के मेटकाफ हॉल में 'इंपीरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया।
1910 -भारतीय राजनेता, वकील और पूर्व रक्षा मंत्री चिदंबरम सुब्रमण्यम का जन्म।
1911 -'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया।1913 -प्रसिद्ध भारतीय महिला चित्रकार अमृता शेरगिल का जन्म।
1933 -एडॉल्फ हिटलर ने जर्मनी के चांसलर के तौर पर शपथ ली।
1948 -नाथू राम गोडसे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की।
1949 -रात्रि एयर मेल सेवा की शुरुआत हुई।
1951-भारतीय राजनीतिज्ञ प्रकाश जावड़ेकर का जन्म हुआ।
1957-संयुक्त राष्ट्र ने साउथ अफ्रीका को नस्लभेद नीति पर फिर से विचार करने के निर्देश दिए।
1964 -दक्षिण वियतनाम में सेना ने रक्तविहीन तख्तापलट के जरिये सत्ता पर कब्जा किया।
1968 -हिन्दी के महान पत्रकार एवं साहित्यकार माखन लाल चतुर्वेदी का निधन।
1971 -इंडियन एयरलाइंस के 'फोकर फ्रेंडशिप विमान' का अपहरण।
1972 -पाकिस्तान ने 'राष्ट्रमंडल' से अपना नाम वापस लिया।
1989 -अमेरिका ने अफगानिस्तान के काबुल में अपना दूतावास बंद किया।

**चुनाव** कई प्रसिद्ध राजनीतिक हस्तियां कराची से चुनी गई

## पाकिस्तान संसदीय चुनाव में महिलाओं का गढ़ रहा है कराची

**लाहौर**, 29 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में संसदीय चुनावों के इतिहास में कराची सीट ना सिर्फ राजनीति में कदम रखने वाली महिलाओं के लिए मुफीद मानी जाती है बल्कि महिलाओं उम्मीदवारों का गढ़ भी रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी(पीपीपी) अध्यक्ष रही दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के पास कराची और लाहौर की दो सीटों से पहली बार निर्वाचित होने का रिकॉर्ड है। देश के सबसे बड़े शहर और हमेशा से राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र रहे कराची में 1970 से 2018 के बीच आम चुनावों में राष्ट्रीय इतिहास की कई प्रसिद्ध राजनीतिक और धार्मिक-राजनीतिक हस्तियां यहां से चुनी गयी है। वहीं सुश्री भुटो एकमात्र महिला राजनीतिज्ञ हैं, जिन्होंने न केवल कराची बल्किदेश के दूसरे सबसे बड़े शहर, लाहौर से 1988 के आम चुनाव में दोनों सीटों से जीत हासिल की। कराची और लाहौर सीट पर सुश्री भुट्टो से पहले किसी महिला ने संसदीय चुनाव नहीं जीती थी, हालांकि फरहत रफीक 1985 के विधानसभा चुनाव में लाहौर से विधायक निर्वाचित हुई थी। कराची से संसद सदस्य के रूप में चुनी गई दूसरी



महिला खुश बख्त शुजात हैं। उन्होंने 2008 के आम चुनावों में एनए-250 से मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के टिकट पर जीत हासिल की। वर्ष 2002 के चुनावों में उसी निर्वाचन क्षेत्र से, एमक्यूएम के नसरीन जलील ने भी चुनाव लड़ा, लेकिन मुत्ताहिदा मजलिस-ए-अमल के अब्दुल सत्तार अफगानी से करीबी मुकाबले के बाद चुनाव हार गयी। नसरीन को हालांकि 2005 में कराची की पहली और एकमात्र जिला नायब नाजिम होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने बाद में सीनेटर के रूप में अपनी सेवाएं दी थी। कराची से 1993 में फौजिया बेगम और 2002 में बिल्कीस मुख्तार तथा 2013 में सफ़िया नाज़ विधायक निर्वाचित हुई थी। कराची से किस्मत आजमाने वाली महिला उम्मीदवारों में मुनीरा शाकिर, राहिला तिवाना, नाज़ बलूच और इरुम वहाब भी शामिल हैं , हालांकि ये सफल नहीं हो सकीं।

### पीटीआई नेता सनम जावेद आगजनी के मामले में गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की उम्मीदवार सनम जावेद खान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन)कार्यालय पर आगजनी से जुड़े मामले में लाहौर की आतंकवाद विरोधी अदालत की ओर से सोमवार को उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने बाद उन्हें एक अन्य मामले में जांच पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## दुनिया को जानें

## स्प्रिंग फेस्टिवल गाला का तीसरा रिहर्सल आयोजित

**बीजिंग,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के वर्ष 2024 स्प्रिंग फेस्टिवल गाला का तीसरा रिहर्सल रविवार को आयोजित हुआ। वर्तमान स्प्रिंग फेस्टिवल गाला के कार्यक्रम उत्कृष्ट पारंपरिक चीनी संस्कृति से प्रेरित हैं और सुखमय जीवन पर लोगों के विश्वास व प्रयास दिखाते हैं, जिससे पूरी दुनिया के चीनियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम समूह द्वारा बनाए गए रचनात्मक प्रोग्राम में समृद्ध और विविध चीनी खाद्य संस्कृति दिखाई गई, जिससे लूंग वर्ष में अच्छी फसल की शुभकामनाएं दी जाती हैं। वहीं, परंपरागत चीनी व्यायाम के अभिनव प्रदर्शन से व्यापक दर्शकों को अच्छे स्वास्थ्य और चिरस्थायी आशीर्वाद के लिए शुभकामनाएं दी जाती हैं। कार्यक्रमों में हर जगह नववर्ष की सच्ची शुभकामनाएं देखने को मिलती हैं, जिससे लोगों की इच्छा दिखाई देती है।



# प्रादेशिकी

## जमीन दिलवाने के नाम पर धोखाधडी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिद्वार। जमीन दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले मास्टर माइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी द्वारा कामकाजी महिला को धोखाधड़ी का शिकार बनाते हुए उसे सस्ती दरों पर जमीन दिलवाने का भरोसा दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार बीते साल 24 जून को ग्राम घीस्सरपडी डोईवाला देहरादून निवासी राखी वर्मा द्वारा न्यायालय के आदेश पर थाना भगवानपुर पर विपक्षी नीरज कुमार, विरेन्द्र प्रधान व रमन सिंह पाल के जमीनी धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। दी गयी तहरीर के अनुसार विपक्षियों द्वारा भगवानपुर हरिद्वार मे खेडी शिकोहपुर गांव मे सस्ती दरो पर जमीन दिलवाने के नाम पर पीड़िता व उनके पति के साथ 8 लाख रूपये की धोखाधडी की गई तथा सौदे के शेष रूपये 14 लाख रूपये के बैंक चौक हस्ताक्षरित ले लिये।

# उत्तराखण्ड सरकार की में यूसीसी लाने की तैयारी पूरी

**देहरादून,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में समान नागरिकता संहिता लागू करने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। उम्मीद जताई जा रही थी कि इस

- बजट सत्र में बिल पास कराएगी धामी सरकार
- विधानसभा चुनाव जीतते ही धामी ने यूसीसी लागू करने की घोषणा की थी
- 5फरवरी से उत्तराखण्ड में शुरू हो रहा बजट सत्र

विधानसभा सत्र में बजट के साथ-साथ यूसीसी को भी पेश किया जा सकता है। अब मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि वह आगामी बजट सत्र के दौरान यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसौदे को विधानसभा पेश कानून को प्रदेश में लागू कर देंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के लिए बनाई गए विशेष कमेटी 2 फरवरी को अपने मसौदा सरकार को सौंप देंगी। इसके बाद आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक पेश कर इसको कानून बना दिया जाएगा। सीएम ने यह जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन और चुनाव से पूर्व उत्तराखंड की देवतुल्य जनता के समक्ष रखे गए संकल्प एवं उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप हमारी सरकार प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मसौदा तैयार करने के लिए पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। यूसीसी एक्सपर्ट कमेटी दो फरवरी को यूनिफॉर्म सिविल कोड का फाइनल ड्राफ्ट राज्य सरकार को सौंप देगी। इसके बाद 5 फरवरी से होने जा रहे विधानसभा सत्र के दौरान सरकार यूसीसी का ड्रॉफ्ट सदन के पटल पर रखेगी। सदन से पास होने के बाद यूसीसी एक कानून के रूप में उत्तराखंड राज्य में लागू हो जाएगा।



लंबे समय से यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर चल रही चर्चाओं पर अब विराम लगता दिखाई दे रहा है। क्योंकि खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ट्वीट कर इस बाबत जानकारी दी है कि 2 फरवरी को विशेषज्ञ समिति यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप देगी। लोग लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। कांग्रेस पार्टी तो समय समय पर सरकार की इस मामले पर चुटकी तक ले रही थी।

सोमवार को ट्वीट कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन और विधानसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड की जनता के सम्मुख रखे गए संकल्प के तहत उत्तराखंड सरकार समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए गठित पांच सदस्य विशेषज्ञ समिति यूसीसी का फाइनल ड्राफ्ट 2 फरवरी को सरकार को सौंप देगी। लिहाजा, आगामी विधानसभा सत्र के दौरान इससे संबंधित विधेयक लाकर यूनिफॉर्म सिविल कोड को प्रदेश में लागू किया जाएगा।

### ड्राफ्ट मिलते ही लाएंगे विधेयकः सीएम धामी

देहरादून। उन्होंने आगे लिखा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड का मसौदा तैयार करने के लिए बनी कमेटी 2 फरवरी को अपना ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को सौंपेगी। इसके बाद हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे।

### 2 फरवरी को यूसीसी कमेटी सौंपेगी ड्राफ्ट

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी को लेकर बड़ा बयान दिया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी के 'एक भारत,श्रेष्ठ भारत' के विजन और चुनाव से पूर्व उत्तराखंड की देवतुल्य जनता के समक्ष रखे गए संकल्प और उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप हमारी सरकार प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सदैव प्रतिबंध रही है। इसके साथ उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड का मसौदा तैयार करने के लिए बनी कमेटी 2 फरवरी को अपना ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को सौंपेगी और हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे।

### अयोध्या का दौरा किया रद्द

देहरादून। बीते दिनों जानकारी आई थी कि जस्टिस रंजना प्रकाश की अध्यक्षता में बनी यूसीसी ड्राफ्टिंग कमेटी 2 फरवरी को अपनी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को जमा कर सकती है। इसके बाद सीएम पुष्कर सिंह ने अपनी अयोध्या यात्रा को रद्द कर दिया था।

### ड्राफ्ट में है इन कानूनों का ज़िक

देहरादून। बताया जा रहा है कि इस ड्राफ्ट में एक ऐसे कानून को बनाने की बात है जो विवाह, तलाक, माता-पिता का भरण-पोषण, संपत्ति, बच्चा गोद लेने, जाति, जेंडर और संपत्ति में महिलाओं का अधिकार से संबंधित मामलों में सभी धर्मों पर एक समान कानून लागू होगा। साथ ही ड्राफ्ट में यह भी ज़िक है कि लिव-इन रिलेशनशिप को भी रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# कई पूर्व सैन्य अधिकारी भाजपा में शामिल



**हल्द्वानी,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा अपना जनाधार लगातार बढ़ा रही है। इसी कड़ी में हल्द्वानी में काफी संख्या में कई पूर्व सैन्य अधिकारी बीजेपी में शामिल हुए। जिन्हें पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने सदस्यता दिलाई। हल्द्वानी के कुमाऊं बीजेपी संभाग कार्यालय में कई पूर्व सैन्य अधिकारियों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। बीजेपी सदस्यता अभियान के संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने सभी पूर्व सैन्य अधिकारियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि बीजेपी देश की सबसे बड़ी पार्टी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बीजेपी का जनाधार बढ़ रहा है, निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। इसी के तहत आज पूर्व सैन्य अधिकारियों ने बीजेपी की रीति नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की है, जिससे बीजेपी और मजबूत हुई है। पूर्व सैन्य अधिकारियों का बीजेपी में शामिल होना, ये दर्शाता है कि बीजेपी अच्छा काम कर रही है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व सैन्य अधिकारियों का कहना है कि वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज से प्रभावित होकर बीजेपी में शामिल हो रहे हैं।

**सार संक्षेप**

## कुमाऊं कमिश्नर ने पकड़ा मिलावटी मावा

**हल्द्वानी।** कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मिलावटखोरी पर बड़ी कार्रवाई की हैं। कमिश्नर दीपक रावत अपने कैंप ऑफिस से ओके होटल, बेस हॉस्पिटल होते हुए डीके पार्क का निरीक्षण करते हुए रामलीला मोहल्ला पहुंचे। जहां उन्होंने मावे के आढ़ती के यहां छापेमारी की. उन्होंने देखा कि दुकान में भारी मात्रा में मावा रखा हुआ है, जो काफी दिन पुराना है। जिसके बाद उन्होंने मावा आढ़ती से पूछताछ की। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय समेत खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी पहुंचे। जहां पर पाया गया कि खोया (मावा) में मिलावट है जो रामनगर के ढेला और टांडा के खत्ते से आता है। जिसके लेनदेन का भी हिसाब काफी गड़बड़ मिला। मावे का सैंपल खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिया गया है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने कहा कि मिलावटखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी.आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा, फिलहाल खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मावे के सैंपल लिए गए हैं, जिनको टेस्ट के लिए लैब भेजा जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह का कहना है कि मावे की जांच की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर मावे को नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

रुड़की। ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। लक्सर निवासी लालू यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मनोज यादव बाइक से लक्सर रेलवे ओवर ब्रिज से होकर जा रहा था, इसी बीच अनियंत्रित गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिस पर जहां बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं हादसे में मनोज यादव की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है।

## घर में घुसकर हमला दो को किया घायल

**रुड़की।** लक्सर में रंजिश के चलते हमलावरों ने घर में घुसकर दो लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी जहीर हसन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के मजाहिर आदि उनसे रंजिश रखते हैं। उसके बेटे फुरकान व रिजवान बीते दिन अपनी दुकान के पीछे बने कमरे में बैठे हुए थे, इसी दौरान गांव के मजहिर, जाहिद, सलमान, छोटू, सैब, मोनीष आदि लाठी डंडे व लोहे की रॉड लेकर उनके घर में घुस आए। साथ ही गाली गलौज करते हुए उसके बेटों पर हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया।

## सुडोकू 6451 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 2 |

# प्रतिबंधित पॉलिथीन का जखीरा बरामद लगाया गया लाखों का जुर्माना

**काशीपुर,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। सोमवार को उपजिलाधिकारी के आदेश पर नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का जखीरा जब्त करते हुए लाखों रुपए का अर्थ दंड निर्धारित किया। इस दौरान मौके पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद रहे।



सोमवार को अचानक प्रशासन नगर निगम तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के संयुक्त टीम के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के सामानों की बिक्री के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बूरा बताशा गली में मुन्नी पत्नी किशन लाल निवासी मोहल्ला ओझान की दुकान में 21 बाग में 4.13 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। इस दौरान टीम ने उनके विरुद्ध एक लाख रूपये का अर्थदंड भी निर्धारित किया। इसके अलावा अन्य दुकानों पर भी की गई छापेमारी के दौरान 6500 का नकद अर्थदंड वसूला गया। कार्यवाही के दौरान उप जिलाधिकारी काशीपुर अभय प्रताप सिंह स्वयं मौके पर मौजूद रहे। अन्य दुकानदारों को भी प्रतिबंधित प्लास्टिक की सामानों के प्रयोग एवं बिक्री भंडारण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। अभियान में सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत सिंह साहनी, नायब तहसीलदार वन चंद्र आर्य, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नरेश गोस्वामी, बृजपाल, राशिद हुसैन तथा सोहनलाल शामिल रहे।

# वर्ष 2024-25 के लिए 9990 करोड़ रुपये की वार्षिक योजना प्रस्तावित : सुक्खू

**शिमला,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां वर्ष 2024-25 के लिए विधायकों की प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। प्रथम दिन के पहले सत्र में जिला ऊना, हमीरपुर तथा सिरमौर के विधायकों की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा वार्षिक योजना 2024-25 का आकार 9989.49 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी चार वर्षों में हिमाचल को आत्मनिर्भर तथा 10 वर्षों में देश के सबसे समृद्ध राज्यों में शामिल करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इस बैठक में होने वाली चर्चा से हमें प्रदेश में विकास की दिशा तय करने के लिए बहुमूल्य सुझाव प्राप्त होंगे। वर्तमान सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों तथा समाज के

- मुख्यमंत्री ने की विधायक प्राथमिकता बैठकों की अध्यक्षता
- पहले सत्र में जिला ऊना, हमीरपुर तथा सिरमौर के विधायकों ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कीं अपनी प्राथमिकताएं

सभी वर्गों के तीव्र एवं सन्तुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र को राज्य सरकार ने नीतिगत दस्तावेज के रूप में अपनाया है तथा इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दृढ़ता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में विश्व बैंक के साथ 2,000 करोड़ रुपये का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है जिससे अगले पांच वर्षों में जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विकास कार्यक्रम के तहत प्रदेश में कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विधायकों की प्राथमिकताओं को सामान्यत: नाबार्ड संचालित आरआईडीएफ कार्यक्रम से वित्त पोषित किया जाता है। वर्ष 2023-24 के दौरान नाबार्ड से 918.81 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं जिसमें लोक निर्माण विभाग की 62 एवं जल शक्ति विभाग की 93 विधायक प्राथमिकताएं स्वीकृत करवाई जा चुकी हैं। मार्च माह तक नाबार्ड से और अधिक विधायक प्राथमिकताओं को स्वीकृत करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि नाबार्ड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट परिव्यय का पूर्ण उपयोग करें और नाबार्ड कार्यालय में प्रतिपूर्ति दावे 15 मार्च, 2024 से पहले जमा करें।

# नये दौर की सरकार में पहले ही साल जनता सड़कों पर : जमवाल

शिमला, 29 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के विधायक एंव मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग 13 महीने की सुखविंदर सुक्खू सरकार से परेशान होकर सड़कों पर उतर आएं हैं, उन्होने कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश की पहली ऐसी सरकार है जो एक वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के अंदर ही कर्मचारी सड़कों पर उतर आएं। चाहे वो शास्त्री अध्यापक हो, बिजली बोर्ड के कर्मचारी, एसएमसी अध्यापक व एचआरटीसी के कर्मचारी हो, हर तरफ आंदोलन हो रहे है। झूठ की नींव पर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई। झूठे वायदे किए, झूठी गारंटीयां दी और आज 13 महीने का समय पूरा हो गया। कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों, युवाओं और किसानों से वायदे किए, परन्तु यह सरकार एक भी वायदा पूरा करने में नाकामयाब रही। चुनाव के दिनों में वर्तमान सरकार ने कहा था कि पुलिस के जवान जो 24 घंटे सेवाएं देते है उन्हें अतिरिक्त एक माह का वेतन दिया जाता था उसको देने की बात कही और साथ में डाइट मनी देने की बात कही थी। 25 जनवरी को प्रदेश के कर्मचारी और पेंशनर्स इंतजार कर रहे थे कि 25 जनवरी को मुख्यमंत्री घोषणा करेंगे। लेकिन 25 जनवरी व 26 जनवरी भी चला गया। प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों के हाथ कुछ नहीं लगा।

**कांग्रेस ने झूठ क़े दम पर बनाई प्रदेश में सरकार**

आज जब प्रदेश में आपदा की स्थिति में प्रदेश के मुख्यमंत्री का बयान यह था कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक जब आपके गांव में आये हैं तो आप उनसे पूछें के उस आपदा की घड़ी में आप कहाँ थे? राकेश जमवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता, विधायक और पार्टी के कार्यकर्ता सभी इस आपदा की घड़ी में जनता के बीच में थे। उन्होने कहा कि मैं स्वयं अपने विधानसभा क्षेत्र के हर उस एरिया में पहुंचा जहाँ नुकसान हुआ था। लोगों से मिलने का प्रयास किया। उनका दुख दर्द बांटा, उनकी मदद करने का प्रयास किया। लेकिन वर्तमान सरकार ने इस आपदा की घड़ी में भी भेदभाव किया है। आज बहुत से लोग हमे आए दिन मिल रहे हैं और कह रहे है की मेरा घर चला गया, मेरी गौशाला चली गयी, लेकिन मुझे पैसे नहीं मिले और लोगों का कहना है कि मेरे पड़ोस में जिस व्यक्ति का नुकसान नहीं हुआ उसको पैसे मिल गए। लेकिन मुख्यमंत्री सदन के अंदर कहते है की ऐसे आंकड़े दो और हम उनके खिलाफ़ कार्रवाई करेगें। इस प्रकार से हिमाचल प्रदेश में जो पिछले 13 महीनों से चल रहा है, सरकार ने आते ही पूर्व की भारतीय जनता पार्टी की जयराम ठाकुर की सरकार ने जो संस्थान लोगों की सेवा के लिए खोले थे उन संस्थानों को बंद कर दिया और कहा कि बिना बजट के प्रावधान के एक वित्तीय वर्ष के जो संस्थान और कार्यालय सरकार ने खोले थे, उन सब को बंद कर दिया। प्रदेश प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि आए दिन मुख्यमंत्री के दौरे हो रहे हैं। वहाँ पर जाकर घोषणा कर रहे है कि मैं यहाँ पर प्राइमरी हेल्थ सेंटर, डिविज़न व सब-डिविज़न देने की बात कर रहा हूँ, राकेश जमवाल ने पूछा कि कौन से बजट में प्रावधान करके मुख्यमंत्री यह घोषणा कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि इस सरकार के दौरान चुना हुआ प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की प्राथमिकताएं, विधायक प्राथमिकता बैठक में रखता है उनको गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। 13 महीने में मात्र बदला-बदली और पुरानी सरकार के काम रोकना और अपनी सारी नालाइकियां केंद्र के पाले में डालना और भाजपा के पाले में डालना, यह काम सुखविंदर सुक्खू की सरकार ने 13 महीने में किया है। इस सरकार की यही उपलब्धि है।

# टिहरी विस्थापितों की समस्याओं को लेकर एक फरवरी को हरीश रावत रखेंगे मौन व्रत

**देहरादून,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि टिहरी के विस्थापितों को भूमिधरी अधिकार देने सहित अन्य मांगों को लेकर वह एक फरवरी को गांधी पार्क में मौन व्रत रखेंगे।

सोमवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति और भारत रूस मैत्री का जीवंत स्तभं टिहरी डैम उत्तराखण्ड का अभिमान है। आज एक विकसित उत्तराखण्ड की हमारी योजना का बडा आधार है और इस समय भी राज्य की अर्थव्यवस्था में बडा योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्भव हुआ है टिहरी की महान जनता के सामूहिक त्याग से। अपने सुंदर घरों, अति उपजाऊ अपनी भूमि व अतुलनीय संस्कृति को राष्ट्र व समाज को समर्पित कर विस्थापित होना स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इन विस्थापितों में सबसे चिंताजनक स्थिति हरिद्वार के पथरी क्षेत्र के भाग 1, 2, 3, 4 में बसे भाई बहनों की है। 42 वर्ष बाद भी यह लोग जिस भूमि में बसें है उसका भूमिधर का



अधिकार इन्हें प्राप्त नहीं है। यहां जोते जा रहे खेतों व अपने घरों के वह मालिक नहीं है। इन्हें बैंको सहित कोई ऋण सुविधा भूमि के आधार पर लेने का अधिकार नहीं है। स्वामी होते हुए भी स्वामित्व से वंचित है इन्हें सामान्य ग्रामवासी को प्राप्त कोई हक हकूक उपलब्ध नहीं है।

# बारिश न होने से जल विद्युत परियोजनाओं में घटा बिजली उत्पादन

**उत्तरकाशी,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। बारिश न होने से भागीरथी नदी सहित सहायक नदियों

- जल स्रोतों में पानी की कमी का पड़ रहा असर

और जल स्रोतों में वाटर डिस्चार्ज घटता जा रहा है। इसका असर बिजली उत्पादन पर भी पड़ रहा है। मनेरी भाली जल विद्युत परियोजना सहित लघु जल विद्युत परियोजनाओं से बिजली उत्पादन में कमी आई है। यदि इस सीजन में बारिश की कमी के चलते भागीरथी नदी के वाटर डिस्चार्ज में भी कमी आई है। स्थिति ये है कि पूर्व में इस दौरान जहां 35 क्यूमेक्स से अधिक वॉटर डिस्चार्ज रहता था, वहीं अब यह 28 से कम हो गया है। इसके चलते एक टर्बाइन चलाने के लिए जरूरी 34 से 35 क्यूमेक्स का डिस्चार्ज भी नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण करीब 100 मेगावाट उत्पादन क्षमता वाली मनेरी भाली परियोजना प्रथम चरण के तिलोथ पावर हाउस से बमुश्किल




प्रतिदिन एक मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हो पा रहा है। जबकि यह एक मिलियन यूनिट बिजली से अधिक ही रहता था.जल्द बारिश और बर्फबारी नहीं हुई तो आने वाले दिनों के साथ गर्मियों में बिजली संकट गहरा सकता है। वहीं 304 मेगावाट क्षमता की द्वितीय चरण परियोजना के धरासू पावर हाउस में भी एक टर्बाइन चलाने लायक पानी नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते जल विद्युत निगम जोशियाड़ा बैराज में जलाशय के भरने पर चौबीस घंटे में 8 से 10 घंटे ही दो टर्बाइन चला पा रहे हैं। जिससे 1.5 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। कभी यह 7 मिलियन यूनिट तक रहता था। उधर, बड़कोट तहसील की गंगनानी लघु जल विद्युत परियोजना और बडियाड़ गाड़ लघु जल विद्युत परियोजना में भी बिजली उत्पादन गिरा है। 8 मेगावाट क्षमता की गंगनानी लघु जल विद्युत परियोजना से मात्र 2 मेगावाट और 5 मेगावाट क्षमता की बडियाड़ गाड़ लघु जल विद्युत परियोजना से एक मेगावाट बिजली का ही उत्पादन हो पा रहा है। ऐसे में जल्द बारिश और बर्फबारी नहीं हुई तो आने वाली गर्मियों में बिजली संकट गहरा सकता है। यूजेवीएनएल देहरादून के पीआरओ विमल डबराल का कहना है कि बारिश न होने से भागीरथी नदी के वॉटर डिस्चार्ज में कमी आ रही है। इससे बिजली उत्पादन में गिरावट जारी है. ऐसा ही रहा तो आने वाले समय दिक्कत होगी।

## वर्षा-बर्फबारी के बन रहे हैं आसार

देहरादून। ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है। जिससे वर्षा-बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। अगले तीन दिनों में चोटियों पर हिमपात और निचले इलाकों में वर्षा के आसार हैं। ऊधम सिंह नगर में शीतलहर का प्रकोप रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। रविवार को देहरादून में सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में हल्की धूप के साथ दिनभर बादल मंडराते रहे। साथ ही सर्द हवा चलने से कंपकंपी बढ़ गई। मंगलवार से दो दिन उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में वर्षा और जोरदार हिमपात हो सकता है। कहीं-कहीं आकाशीय बिजली चमकने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# हिमाचल की आपदा में मोदी सरकार ने की भरपूर मदद: अनुराग ठाकुर

■ अमित नेहरा

**शिमला,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रवास के दौरान चिंतपूर्णी विधानसभा के चुरुड़ और ज्वाल में टकारला और चिंतपूर्णी सेक्टर प्रभारियों व ऊना जिले के बीडीसी सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान मीडियाकर्मियों से अनुराग ठाकुर ने विभिन्न मुद्दों पर बात की। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि सौ बार झूठ बोलने से भी झूठ-झूठ ही रहेगा। हिमाचल प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से इनका रोना बंद नहीं हुआ है। उनकी पार्टी के अंदर उनके कार्यकर्ता रो रहे हैं कि उनकी अनदेखी हो रही है, सुनवाई नहीं हो रही। उनके चुने हुए प्रतिनिधि उनकी अनदेखी किए जाने पर रो रहे हैं। आपदा से निपटने के लिए मोदी सरकार ने तुरंत ही 1762 करोड़ रुपए की मदद नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फंड के अन्तर्गत




की। हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2700 करोड़ रुपए दिए हैं, 21 हजार से ज्यादा मकान दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मकान के लिए 1 लाख 50 हजार तो वहीं शहरी क्षेत्र में 1 लाख 85 हजार रुपए दिए गए हैं। मनरेगा के अंतर्गत गांव में रास्तों और सड़कों के निर्माण के लिए हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। इसके अलावा सैकड़ों करोड़ रुपए फौरी मदद के तौर पर मिले थे। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के देहरा धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के लिए मंजूरी दी थी। इसके लिए मंजूर 400 करोड़ रुपए को बढ़ाकर हमने 527 करोड़ रुपए से ज्यादा किया है। लेकिन जब-जब कांग्रेस की सरकार आई तब तब उन्होंने जमीन देने में वर्षों लगा दिए।

# प्रादेशिकी


## ठंड से बचाव के लिए चारपाई के नीचे रखी आग से जिंदा जली वृद्धा

**फर्रुखाबाद,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। ठंड से बचने के लिए चारपाई के नीचे आग रखने से वृद्धा बुरी तरह जल गई जिससे उसकी मौत हो गई। आस-पास के लोगों नें कमरे का दरवाजा तोड़कर उसके शव को बाहर निकाला। पुलिस नें मौके पर आकर जांच की। थाना मऊदरवाजा के हांता रोशन खां निवासी 85 वर्षीय रामबेटी पत्नी राजजय रामपाल बीती रविवार की रात अपने घर की चारपाई पर तस्ले आग रखकर सो गई जिससे रात में उसकी चारपाई में आग लग गई जिससे रामबेटी बुरी तरह झुलस गई। कमरें से तेज धुआं निकलनें से परिजनों में हड़कंप मच गया। रामबेटी के पौत्र धर्मपाल नें कमरे से आग निकलते हुए देखा। उसने कमरा खोलनें का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नही मिली। बाद में पड़ोसियों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया।

# त्वरित व संतुष्टिपरक हो लोगों की समस्याओं का समाधान : योगी

**गोरखपुर,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन सोमवार को लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता तथा संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। योगी ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की और मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरितए गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए।

■ **मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं**



**जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए : योगी आदित्यनाथ**

### मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में किया रुद्राभिषेक

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक एवं अनुष्ठान पूर्ण कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं जगत के कल्याण की प्रार्थना की। मान्यता है कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रुद्राभिषेक करने से भगवान शिवशंकर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। योगी ने मंदिर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

# राजकीय आईटीआई लखनऊ में रोजगार मेला कल

**लखनऊ,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार के मिशन रोजगार के तहत 31 जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में शिशिक्षु/रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य राजकुमार यादव के मुताबिक इस रोजगार मेला में 24 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एम ए खां ने बताया कि शिशिक्षु/रोजगार मेले के माध्यम से 3785 रिक्तियों में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। 18 से ऊपर तथा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक पास ही रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। कंपनियों द्वारा वेतन 10000 से 27000 रुपए प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रात: 9 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

■ **मेले में 24 कंपनियां करेंगी प्रतिभाग**

■ **3785 रिक्तियों में युवाओं को प्राप्त होंगे रोजगार के अवसर**

# मेरठ पब्लिक स्कूल में छात्रों के लिए परीक्षा पे चर्चा का किया सीधा प्रसारण



**मेरठ,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। इसी उद्देश्य के मार्गदर्शन को साकार करने की दृष्टि से मेरठ पब्लिक स्कूल मेन विंग में छात्रों के लिए परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहां कि विद्यार्थियों व शिक्षकों का नाता विषय एवं परीक्षा से अधिक मानसिक प्रेरक का होना चाहिए उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे परीक्षा के दिन विद्यार्थियों को अनावश्यक तनाव न दें एवं विद्यार्थियों से सही निर्णय लेने व वर्तमान तकनीक का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने की सलाह दी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा की तनाव और प्रदर्शन दबाव से कैसे निपटना है, इस पर मार्गदर्शन करना था। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सम्माननीय मेयर हरिकांत आहलुवालिया आमंत्रित रहे जिन्होंने विद्यार्थियों के साथ पूरा कार्यक्रम देखा एवं अंत में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कही गई बातों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती अलका श्रीवास्तव गौड़, ने परीक्षा के तनाव को संचालित करने के लिए मौलिक युक्तियाँ साझा करते हुए कहा हौसले इतने बुलंद रखो कि सफ्लता आपके कदम चूम ले। इस सत्र ने छात्रों को परीक्षाओं का सामना करने के लिए आत्मविश्वास से सामर्थ्यपूर्ण होने की दिशा में मदद करने का प्रयास किया।

■ **सपने पूरा करना हमारी चाहत व परीक्षा सफलता तक पहुंचने का माध्यम**

## सार संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, दो की हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद।** मंझना रोड पर बाइको की जबरदस्त भिड़ंत में चारों सवार घायल हो गए। जिनम दो की हालत गंभीर बताई गई। हाजिपुर मंझना मार्ग पर सायं करीब 4.30 बजे विपरीत दिशा से दो बाइके काफी तेजी से जा रही थी। जबरदस्त भिड़ंत होने के कारण चारों सवार घायल हो गए। बताया गया की एक बाइक पर थाना शमशाबाद के ग्राम उलियापुर के लोग तथा दूसरी बाइक पर थाना शमशाबाद के ग्राम मुरैठी के लोग सवार थे। एक व्यक्ति का पैर टूट जाने के कारण हड्डी बाहर निकल गई। राहगीरों ने एंबुलेंस को फोन किया लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। उलियापुर के लोग निजी वाहन से सभी घायल इलाज के लिए ले गए। मौके पर क्षतिग्रस्त बाइके पड़ी रही।

### आईपीएस बन नौकरी दिलानें के नाम पर लाखों ठगे

**फर्रुखाबाद।** दिल्ली पुलिस के आईपीएस बताकर युवक को नौकरी दिलानें के नाम पर एक लाख 17 हजार 200 रूपए की ठगी की गई। मामले में पीड़ित को धोखाधड़ी होनें की जानकारी होनें पर एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना कंपिल के नगला खजुन्ना सिबारा खास निवासी विवेक पुत्र चरन सिंह यादव नें एसपी से भेट कर उन्हें शिकायती पत्र दिया। जिसमे विवेक नें बताया कि उसनें बीते 6-7 महीने पूर्व दिल्ली पुलिस भर्ती के लिए आवेदन किया था। वह बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र है। पुलिस भर्ती परीक्षा नोयडा में दी थी। बीते 25 जनवरी को एसपी संदीप मिश्रा की डीपी लगे नंबर से फोन आया। फोन करनें वाले साइबर अपराधी नें बताया कि उसका चयन पुलिस में होना है। जिसके लिए एक लाख 50 हजार रूपए लगेंगे। आरोपी नें विश्वास में लेनें के लिए कई फोटो पुलिस अधिकारियों के साथ के विवेक के पास भेजे। विश्वास होनें पर चार दिन के भीतर विभिन्य माध्यमों से 1 लाख 17 हजार 200 रूपए आ गए हैं। अभी 33 हजार रूपये और देना हैं। बचे हुए रूपये देनें के बाद एक व्यक्ति आयेगे और विवेक को वर्दी देनें के साथ ही ट्रेनिग सेंटर लेकर जाएगा। शक होनें पर बचा हुआ रुपया देनें से मना किया तो साइबर अपराधी गाली-गलौज कर जान से मारनें की धमकी दे रहा है। एसपी नें जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

### भाजपा महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल रही है। यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, चरम पर है। पिछले दस साल में महंगाई कई गुना बढ़ गयी है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, खेती-किसानी के सामान, खाद-बीज, दवाई, पढ़ाई, सब कुछ महंगा हो गया है। गरीब परिवार रसाई गैस, सिलेण्डर, रिफिल नहीं करवा पा रहे हैं। माताएं, बहनें लकड़ियां तोड़कर चूल्हा जलाने पर मजबूर है। लोगों के लिए जीवनयापन का संकट है। उन्होंने कहा कि एक तरफ बढ़ती महंगाई का कहर है दूसरी तरफ सरकार लोगों को नौकरी रोजगार नहीं दे रही है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। गांवों में 90 फीसदी नौजवान बेरोजगार है। रोजी-रोटी की तलाश में युवा युद्धग्रस्त देश जाने पर मजबूर है।

# धान किसानों को 10145 करोड़ से अधिक का भुगतान

**लखनऊ,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निरंतर यह खरीद जारी है। विगत दिनों मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था कि जब तक एक भी किसान का धान शेष रहेगा, क्रय प्रक्रिया जारी रहेगी। क्रय क्रेंद्रों पर उन्हें परेशानी न हो, मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस पर भी विशेष नजर है। साथ ही किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है।

अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है और इन्हें 10145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। योगी सरकार के निर्देश पर धान खरीद निरंतर जारी है। अब तक 5160 से अधिक क्रय केंद्रों से धान की खरीद की गई है। सोमवार तक 4962313.13 मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हो चुकी है।

■ **सात लाख से अधिक किसान हुए लाभान्वित**

■ **49.62 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई खरीद**

■ **सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपए व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित**

# श्री वेंक्टेश्वरा में बोर्ड परीक्षार्थियों पर सफलता के टिप्स पर कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बोर्ड परीक्षार्थियों के मन से परीक्षा के डर निकालकर उनको सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें 10वी एवं 12वीं के 1500 से अधिक विभिन्न बोर्ड (यू.पी. सीबीएसई आईसीएसई) परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि एवं प्रतिकुलाधिपति एवं राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डॉ. राजीव त्यागी ने ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम से पहले बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा में सफलता के टिप्स देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

संस्थान के सरदार पटेल सभागार में आयोजित ''परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. राकेश यादव, सलाहकार आर. एस. शर्मा एवं कुल सचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि अपने करिश्माई नेतृत्व से प्रधानमंत्री ने इस देश की दशा एवं दिशा बदलकर भारत को पूरे विश्व में अग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया। अपने सम्बोधन में प्रतिकुलाधिपति एवं राष्ट्रीय प्रेरकवक्ता डॉ.राजीव त्यागी ने जानकारी दी।



# 47 नेत्र रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां दीं

**मवाना,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। स्वर्गीय वीरेंद्र प्रकाश रस्तोगी सर्राफकी पुण्य स्मृति में भारत विकास परिषद मवाना विराट एवं संस्कार शाखा, कल्याणम करोति मेरठ एवं जिला अंधता निवारण समिति मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में लेंस की सुविधा के साथ निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन सोमवार को उत्सव मंडप मेरठ रोड मवाना के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें 47 नेत्र रोगियों की जांच कर सभी नेत्र रोगियों को निशुल्क दवाइयां वितरित करके 14 को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। सभी नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए कल्याणम करोति मेरठ द्वारा संचालित निशुल्क नेत्र चिकित्सालय कैंटोंमेंट जनरल अस्पताल मेरठ छावनी में भेजा गया। सभी ऑपरेशन डॉक्टर पीपी मित्तल एवं डॉक्टर सुशील कुमार द्वारा किए जाएंगे। शिविर में अनुराग दुबलिश , कुसुम रस्तोगी नीता दुबलिश, अदित, अरविंद, निधि रस्तोगी, डीके अग्रवाल, हरीभूषण अग्रवाल , मोहम्मद रिजवान, मीता एवं विजय आदि ने विशेष योगदान दिया।

# मवाना मिल ने किया कृषकों को 74.93 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान

**मवाना,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। मवाना चीनी मिल ने पेराई सत्र 2023-2024 का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य अंतर के साथ-साथ 15 जनवरी 24 तक का गन्ना मूल्य भुगतान सम्बंधित सहकारी गन्ना समितियों को भेज दिया है। सहकारी गन्ना समिति के माध्यम से सभी कृषकों के बैंक खातों में मंगलवार को 74.93 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य भुगतान भेज दिया जायेगा।

प्रदेश सरकार ने इस पेराई सत्र में गन्ने के दाम में 20 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। इस साल मवाना मिल कृषकों को 370 रुपए प्रति कुंतल गन्ना मूल्य भुगतान कर रहा है। मवाना मिल ने गन्ना मूल्य भुगतान का अंतर 12.87 करोड़ के साथ-साथ 15 जनवरी 24 तक का गन्ना मूल्य भुगतान 62.06 करोड़ रुपये सम्बंधत गन्ना समितियों को कर दिया है। मवाना चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 में एक जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक खरीदे गए गन्ने का अन्तर गन्ना मूल्य भुगतान सहित 74.93 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान समस्त गन्ना समितियों को भेज दिया गया है। मवाना चीनी मिल 28 जनवरी 2024 तक 96.74 लाख कुंतल गन्ने की खरीद कर चुकी है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्राण वायु को शुद्ध बनाये रखने के लिए ग्राम बैठक व अन्य प्रचार माध्यमों से कृषकों को गन्ने की पत्तियों को खेत में नहीं जलाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ साथ गन्ना विकास कार्य के अन्तर्गत विभिन्न प्रचार प्रसार के माध्यम जैसे वॉल पेटिंग, एसएमएस, पैम्पलेट, एवं ग्राम बैठकें कर कृषको को गन्ना प्रजाति को -0238 के लाल सड़न रोग से ग्रसित होने के बारे में जानकारी दी जा रही है। बसंतकालीन गन्ना बुवाई में को.-0238 के स्थान पर नई उन्नतशील गन्ना प्रजातियाँ जैसे को. 0118 व को.-15023 इत्यादि की बुवाई करने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

# बोर्ड परीक्षाओं में सफलता के लिए अखण्ड पाठ आयोजित



**मेरठ,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल मेरठ कैंट में आज दिनांक 29 जनवरी 2024 को विद्यार्थियों की बोर्ड/ वार्षिक परीक्षाओं की शुभकामनाओं के लिए रखे गए अखण्ड पाठ का समापन हुआ। गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, मेरठ कैंट में स्कूल के विद्यार्थियों की बोर्ड/वार्षिक परीक्षाओं में शुभकामनाओं के लिए रखे गए अखण्ड पाठ का समापन हुआ। समापन के बाद रागी जत्थे द्वारा सभी को गुरूबानी श्रवण कराई गई तथा सभी विद्यार्थियों की परीक्षा में सफलता की कामना की गई। तदोपरांत स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित सामूहिक लंगर (भोजन) को सभी ने छका। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी परीक्षा में सफल होने के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# तीन दिवसीय शूटिंग चौंपियनशिप का किया गया शुभारंभ

**मवाना,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। मवाना खुर्द स्थित रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को प्रथम प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय शूटिंग चौंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता तीन दिन चलेगी और 31 जनवरी को प्रतियोगिता का समापन होगा। प्रतियोगिता की शुरूआत अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दादी प्रकाशी तोमर ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर शूटिंग चौंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने निशानेबाजी भी की। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दादी प्रकाशी तोमर ने कहा कि रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल ने देहात क्षेत्र में रुद्रा स्पोर्ट्स एकेडमी की स्थापना करके सराहनीय कार्य किया है। रुद्रा स्पोर्ट्स एकेडमी के अंतर्गत देहात क्षेत्र के बच्चों को निशानेबाजी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, जूडो, कराटे तथा एथेलेटिक्स आदि खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे देहात क्षेत्र के बच्चों में छिपी प्रतिभा निखरेगी। उनके साथ पूर्व प्रधानाचार्य बीके शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य रमाशंकर गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर दयाल शर्मा, प्रधानाचार्या डॉक्टर शिवानी सिंह तथा एडमिशन व मार्केटिंग हैड सुमित काकरान ने भी शूटिंग चौंपियनशिप के शुभारंभ में सहयोग किया। संचालन एडमिन हैड मुकुल शर्मा ने किया। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अभिनव, अरविंद शर्मा, सुधीर, जितेंद्र, समीर त्यागी एडवोकेट आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक कोर्डिनेटर निशांक त्यागी, मुकुल, अमित सूद, खुशबू, कोच विशांत तोमर, दीपांशी नागर आदि का विशेष योगदान रहा।

■ **मवाना खुर्द स्थित रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल में हुआ प्रारंभ**

**आयोजन** *विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन*

# साक्षात्कार के बाद 111 अभ्यर्थियों का चयन, खिले चेहरे

**मेरठ,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत सोमवार को बीपी इण्टर कालेज, भराला, विकास खण्ड-दौराला, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

■ **निजी क्षेत्र की आठ कंपनियों ने किया प्रतिभाग**

■ **राज्यमंत्री ने 14 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र**

उक्त रोजगार मेले में 8 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंस/बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 10 हजार रूपए और अधिकतम 20 हजार रूपये मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेले में 155 अभ्यर्थियों में, जोकि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 111 अभ्यर्थियों का कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार उपरान्त चयन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सुनील भारद्वाज भराला, नि.अध्यक्ष राज्यमंत्री श्रम कल्याण परिषद, उप्र सरकार द्वारा किया गया। अपने उद्धबोधन में नि. अध्यक्ष राज्यमंत्री द्वारा युवाओं को प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भरता के लिए सतत् प्रयासरत रहने की सीख दी। रोजगार आपके द्वार रोजगार मेले के माध्यम से एक अच्छा प्रयास है। अब रोजगार के अनेक अवसर हैं युवाओं को इसका भरपूर लाभ लेना चाहिए।

युवाओ का आहवान करते हुए सुनील भराला ने कहा कि आपको लाभर्थीपरक योजनाओ की जानकारी लेकर उसे औरों को भी बताना चाहिए। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नि.अध्यक्ष राज्यमंत्री द्वारा चयनित 111 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 14 अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र वितरित किये। कार्यक्रम का संयोजन दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं उप्र कौशल विकास मिशन की जनपदीय इकाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक शशिभूषण उपाध्याय तथा जयभगवान ने सभी प्रतिभागी युवाओं की कैरियर कांउसलिंग की। सहायक निदेशक सेवायोजन शशिभूषण उपाध्याय ने विभागों की नीतियों पर भी प्रकाश डाला। कालेज के उपप्रधानाचार्य दिनेश द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी व अन्य जनपदीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।



# पुलिस मुठभेड़ में तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस नें मुठभेड़ के दौरान शातिर को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है। उसके बाद से तमंचा-कारतूस के साथ ही बाइक भी बरामद की है। थानाध्यक्ष कंपिल दिलीप कुमार कंचन ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले शातिर अभियुक्त विपिन उर्फ पवन पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी सूरजपुर चमरौआ कम्पिल को 1 देशी तमंचा व 4 जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक काले रंग की पल्सर मोटर साइकिल बिना नम्बर गिरफ्तार किया गया । आरोपी पर कुल दस मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें घटना का पुलिस लाइन सभागार में बताया की पुलिस पर जानलेवा हमले के आरोपी को तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

### इवेंट में कार्तिक आर्यन के प्रशंसकों ने तोड़े बैरिकेड, एक-दूसरे पर गिर पड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन उस समय सदमे में आ गए जब उन्होंने प्रशंसकों को बैरिकेड तोड़ते और एक-दूसरे पर गिरते देखा। इस घटना को एक सेलिब्रिटी पैपराजी विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। जहां कार्तिक ने कार्यक्रम में प्रवेश किया और अपने कुछ प्रशंसकों से हाथ मिलाने के लिए रुके। क्लिप में, 'धमाका' स्टार को रविवार को आयोजित एक अवार्ड शो के लिए रेड कार्पेट पर चलते हुए देखा गया। अभिनेता की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े। उन्होंने हाथ हिलाया और उनका अभिवादन भी किया। जैसे ही वह बैरिकेड के पीछे खड़े प्रशंसकों के झुंड की ओर बढ़े, भीड़ ने उनका स्वागत करने के लिए बैरियर तोड़ दिया। कार्तिक तुरंत पीछे हट गए।

# बढ़ती उम्र में दिमाग को हेल्दी रखने में मददगार हो सकता है म्यूजिक

### संगीत सुनने का संबंध बुजुर्गों के मस्तिष्क के बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ा



**लंदन,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि जीवन भर संगीत सुनने का संबंध बुजुर्गों के मस्तिष्क के बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ा है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ जेरिएट्रिक साइकिएट्री जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क स्वास्थ्य पर संगीत वाद्ययंत्र बजाने या गायन मंडली में गाने के प्रभाव को देखने के लिए 40 वर्ष से अधिक उम्र के 1,000 से अधिक वयस्कों के डेटा की जांच की।

10 वर्षों से चल रहे 'प्रोटेक्ट' नामक शोध के लिए 25,000 से अधिक लोगों ने साइन अप किया है। निष्कर्षों से पता चला कि पियानो जैसे संगीत वाद्ययंत्र बजाने से याददाश्त और काम करने की क्षमता में सुधार हो सकता है, एक कौशल जो आपको जटिल समस्याओं को हल करने में मदद करता है।

बाद के जीवन में इसे जारी रखने से और भी अधिक लाभ मिलते हैं। शोध में यह भी सुझाव दिया गया कि गायन बेहतर मस्तिष्क स्वास्थ्य से भी जुड़ा हुआ है, हालांकि, यह गायक मंडली या समूह का हिस्सा होने के सामाजिक कारकों के कारण भी हो सकता है। यूके स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर में डिमेंशिया रिसर्च की प्रो. ऐनी कॉर्बेट ने कहा कि हमारे प्रोटेक्ट शोध ने हमें वृद्ध वयस्कों के एक बड़े समूह में संज्ञानात्मक प्रदर्शन और संगीत के बीच संबंधों का पता लगाने का एक अनूठा अवसर दिया है। कुल मिलाकर हम सोचते हैं कि संगीतमय होना मस्तिष्क के लचीलेपन का उपयोग करने का एक तरीका हो सकता है, जिसे संज्ञानात्मक रिजर्व के रूप में जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध की जांच के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है, लेकिन, हमारे निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि संगीत शिक्षा को बढ़ावा देना मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए एक सुरक्षात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा, क्योंकि, यह वृद्ध वयस्कों को बाद के जीवन में संगीत की ओर लौटने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

इसके अलावा कॉर्बेट ने कहा कि संगीत समूह की गतिविधियां मनोभ्रंश से पीड़ित व्यक्तियों के लिए फायदेमंद साबित हुई हैं और इस दृष्टिकोण को वृद्ध वयस्कों के लिए स्वस्थ उम्र बढ़ने के पैकेज में शामिल किया जा सकता है ताकि उन्हें सक्रिय रूप से अपने जोखिम को कम करने और उनके मस्तिष्क स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद मिल सके।

### मस्तिष्क कनेक्टिविटी को लेकर वैज्ञानिकों का खुलासा

# कीबोर्ड पर टाइप करने की तुलना में हाथ से लिखने से होगा मस्तिष्क अच्छा

**लंदन,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। एक अध्ययन में मस्तिष्क कनेक्टिविटी को कैसे बढ़या जा सकता है, इसका खुलासा हुआ है। अध्ययन के अनुसार, यदि आप मस्तिष्क कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना चाहते हैं तो कीबोर्ड पर टाइप करने के बजाय हाथ से लिखें। कीबोर्ड का उपयोग करने की अनुशंसा की जाती है क्योंकि यह अक्सर हाथ से लिखने की तुलना में तेज होता है। हालांकि, हाथ से लिखने में स्पेलिंग सटीकता और मेमोरी रिकॉल में सुधार पाया गया है। नॉर्वे में शोधकर्ताओं ने यह पता लगाने के लिए कि क्या हाथ से अक्षर बनाने की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अधिक मस्तिष्क कनेक्टिविटी हुई, लेखन के दोनों तरीकों में शामिल अंतर्निहित तंत्रिका (नसों के) नेटवर्क की जांच की गई।

नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के मस्तिष्क शोधकर्ता प्रोफेसर ऑड्रे वैन डेर मीर ने कहा कि हम देखते हैं कि हाथ से लिखते समय, मस्तिष्क कनेक्टिविटी



- लेखन के दोनों तरीकों में शामिल अंतर्निहित तंत्रिका (नसों के) नेटवर्क की हुई जांच
- बच्चों का टैबलेट पर लिखना और पढ़ना सीखाना, उन्हें उन अक्षरों के बीच अंतर करने में हुई कठिनाई

पैटर्न कीबोर्ड पर टाइप करते समय की तुलना में कहीं अधिक कठिन होता है।

मस्तिष्क शोधकर्ता प्रोफेसर ने आगे कहा कि इस तरह की व्यापक मस्तिष्क कनेक्टिविटी को मेमोरी फॉर्मेशन और नई जानकारी को एन्कोड करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है और इसलिए, सीखने के लिए फायदेमंद है। फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में, टीम ने 36 विश्वविद्यालय के छात्रों से ईईजी डेटा एकत्र किया, जिन्हें बार-बार स्क्रीन पर दिखाई देने वाले शब्द को लिखने या टाइप करने के लिए प्रेरित किया गया था। लिखते समय, वे टचस्क्रीन पर सीधे कर्सिव में लिखने के लिए डिजिटल पेन का उपयोग करते थे। टाइप करते समय वे कीबोर्ड पर 'की' दबाने के लिए एक उंगली का उपयोग करते थे।

हाई-डेंसिटी वाले ईईजी, जो एक नेट में सिलकर सिर के ऊपर रखे गए 256 छोटे सेंसरों का उपयोग कर मस्तिष्क में विद्युत गतिविधि को मापा गया, प्रत्येक संकेत के लिए पांच सेकंड के लिए रिकॉर्ड किए गए। जर्नल फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी में प्रकाशित परिणामों से पता चलता है कि जब प्रतिभागियों ने हाथ से लिखा तो मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बढ़ गई, लेकिन टाइप करने पर नहीं बढ़ी। इससे यह भी पता चलता है कि जिन बच्चों ने टैबलेट पर लिखना और पढ़ना सीखा है। उन्हें उन अक्षरों के बीच अंतर करने में कठिनाई हो सकती है जो एक-दूसरे की दर्पण इमेज हैं, जैसे 'बी' और 'डी'। मस्तिष्क शोधकर्ता प्रोफेसर ने कहा कि उन्होंने वास्तव में अपने शरीर के साथ यह महसूस नहीं किया है कि उन अक्षरों को उत्पन्न करना कैसा लगता है।

# अब पहली बार प्रयोगशाला में विकसित होगा मछली का मांस

### समुद्री भोजन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ऐतिहासिक कदम

**कोच्चि,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। एक ऐतिहासिक कदम में आईसीएआर-सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमएफआरआई) ने भारत में पहली बार प्रयोगशाला में विकसित मछली के मांस को विकसित करने की अग्रणी पहल की है। परियोजना का उद्देश्य भारत को समुद्री मछली के मांस के क्षेत्र में प्रगति करने के लिए स्थापित करना है, जिससे समुद्री भोजन की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके और जंगली संसाधनों पर अत्यधिक दबाव कम किया जा सके। संवर्धित मछली का मांस या प्रयोगशाला में विकसित मछली का मांस मछली से विशिष्ट कोशिकाओं को अलग करके और उन्हें पशु मुक्त मीडिया घटक का उपयोग करके प्रयोगशाला सेटिंग में विकसित करके उत्पादित किया जाता है। अंतिम उत्पाद मछली के मूल स्वाद बनावट और पोषण गुणों को दोहराएगा।

प्रारंभिक चरण में संस्थान किंग फिश पोम्फ्रेट और सीयर मछली जैसी उच्च मूल्य वाली समुद्री मछलियों के सेल आधारित मांस को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

इसके अनुरूप सीएमएफआरआई ने इस पहल को सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड में शुरू करने के लिए 'नीट मीट बायोटेक' के साथ एक सहयोगात्मक अनुसंधान समझौता किया है, जो संवर्धित मांस विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीएमएफआरआई के निदेशक डॉ. ए. गोपालकृष्णन और नीट मीट बायोटेक के सह-



संस्थापक और सीईओ डॉ. संदीप शर्मा ने इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू के अनुसार सीएमएफआरआई उच्च मूल्य वाली समुद्री मछली प्रजातियों के प्रारंभिक सेल लाइन विकास पर अनुसंधान करेगा। इसमें आगे के अनुसंधान और विकास के लिए मछली कोशिकाओं को अलग करना और विकसित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त सीएमएफआरआई परियोजना से संबंधित आनुवंशिक, जैव रासायनिक और विश्लेषणात्मक कार्य संभालेगा। संस्थान बुनियादी सुविधाओं के साथ एक सेल कल्चर प्रयोगशाला से सुसज्जित है, जो सेलुलर जीव विज्ञान में अनुसंधान के लिए ठोस आधार प्रदान करता है।

सेल कल्चर तकनीक में अपनी विशेषज्ञता के साथ नीट मीट सेल अटैचमेंट के लिए मचान या माइक्रो कैरियर के सेल ग्रोथ मीडिया विकास के अनुकूलन और बायो-रिएक्टर के माध्यम से उत्पादन को बढ़ाने का नेतृत्व करेगा।

# जब आपकी निजी जिंदगी इस तरह से पर्दे पर आती है, तो आप कभी तैयार नहीं होते : मुनव्वर

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 17' के विजेता का खिताब अपने नाम करने वाले मुनव्वर फारुकी ने बताया कि कैसे उनकी निजी जिंदगी को राष्ट्रीय टीवी पर लाया गया। मुनव्वर ने कहा कि वह विवादास्पद शो में मनोरंजन के लिए गए थे, अपने जीवन के बारे में खुलकर बात करने के लिए नहीं। शो में अपने 105 दिनों के सफर के दौरान मुनव्वर को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से आयशा खान, जिन्होंने वाइल्ड कार्ड के रूप में शो में प्रवेश के दौरान दावा किया था कि स्टैंड-अप स्टार ने दो बार झूठ बोला था और सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए शो में प्रवेश करने से पहले एक लड़की के सामने रिश्ते का प्रस्ताव भी रखा था।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अपने सभी व्यक्तिगत विवरण सार्वजनिक करने से निशाना बनाया गया, मुनव्वर ने कहा कि आप निश्चित रूप से जीवन में ऐसी चीजों के लिए तैयार नहीं हैं। जब आपकी निजी जिंदगी में ऐसी परिस्थितियां आती हैं तो आप इसके लिए कभी तैयार नहीं होते। मैं शो में मनोरंजन के लिए गया था, मेरी निजी जिंदगी को इस तरह सामने लाने के लिए नहीं गया था। लेकिन ऐसी चीजों पर किसी का नियंत्रण नहीं है।

हालांकि, मुनव्वर अब एक समझदार इंसान की तरह महसूस करते हैं। उन्होंने ट्रॉफी



और 50 लाख रुपए की धनराशि के साथ बाहर कदम रखा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से, अपने जीवन का हर क्षण और हर चीज़ में मैं अच्छा महसूस करता हूं। उन्होंने कहा कि जो भी मुझे लगा कि मुझे अपने जीवन में बेहतरी या बदलाव की जरूरत है और मैं अब उस पर काम कर सकूंगा और उसका सामना कर सकूंगा। मुझे लगता है कि बिग बॉस ने मुझे एक बेहतर इंसान बनाया है।

अब जब शो खत्म हो गया है तो क्या वह बाकी 16 प्रतियोगियों के संपर्क में रहना चाहेंगे, जिनके साथ उन्होंने शो में प्यार और नफरत का रिश्ता देखा था। मुनव्वर ने कहा कि मैं द्वेष रखने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो चीजों को जाने देता है।

अब मुनव्वर दर्शकों के प्रति अपने प्यार का बदला मनोरंजन से देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने प्रशंसकों, उन दर्शकों का मनोरंजन करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया। मेरा सपना बदले में उन्हें मनोरंजन देना है। हालांकि, उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में अभिनय करने के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया।

मुनव्वर ने कंगना रनौत द्वारा होस्ट किए गए इसी तरह के कॉन्सेप्ट वाला एक और रियलिटी शो जीता था, उन्हें अक्सर इस बारे में बात करते हुए सुना जाता था कि वह ट्रॉफी को डोंगरी, मुंबई कैसे ले जाना चाहते हैं जहां से वह आते हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रॉफी केवल डोंगरी जाएगी। यह वास्तव में अच्छा लग रहा है। यह एक बहुत अच्छा एहसास है कि आपने इस तरह का शो जीता है और फिर उस शो का एक बड़ा संस्करण जीता है। जब आप टीवी पर राज करते हैं तो वह खुशी मापी नहीं जा सकती।

### 'बिग बॉस 17' एक यादगार यात्रा, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा : अंकिता लोखंडे



***मुंबई।*** *'बिग बॉस-17' में शीर्ष 5 तक जगह बनाने वाली अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने शो में अपनी यात्रा के बारे में बात की और बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को भी धन्यवाद दिया। ग्रैंड फिनाले में बाहर होने वाली दूसरी प्रतियोगी अंकिता ने फिनाले के एक दिन बाद इंस्टाग्राम पर ग्रैंड फिनाले से कई वीडियो और तस्वीरें शेयर की। उन्होंने लिखा कि एक यात्रा जिसे हमेशा याद रखा जाएगा और संजोया जाएगा, आपके दयालु शब्दों के लिए धन्यवाद। सलमान खान, ऑफिशियल जियो सिनेमा, कलर्स टीवी, एंडेमोल शाइन इंडिया को धन्यवाद। ग्रैंड फिनाले से एविक्शन के बाद उन्हें अपने परेशान प्रशंसकों और मीडिया की भीड़ का सामना करना पड़ा। अभिषेक कुमार और मुनव्वर फारुकी ने शीर्ष दो तक जगह बनाई।*

# रजनीकांत ने बेटी ऐश्वर्या का किया बचाव

### कहा कि मेरी बेटी ने 'संघी' शब्द का गलत अर्थ में इस्तेमाल नहीं किया

**मुंबई,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। तमिल मेगास्टार रजनीकांत, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'लाल सलाम' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, ने अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत का बचाव किया है, जिन्होंने उनके पिता को 'संघी' कहे जाने पर आपत्ति जताई थी। मेगास्टार ने कहा कि उनकी बेटी ने 'संघी' शब्द का गलत अर्थ में इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या ने कभी नहीं कहा कि संघी बुरा शब्द है। एक्टर ने मीडिया से कहा कि मेरी बेटी ने कभी नहीं कहा कि संघी बुरा शब्द है। उन्होंने केवल यह सवाल किया कि उनके पिता को इस तरह क्यों बदनाम किया जा रहा है,



जबकि वह आध्यात्मिकता में हैं।

इससे पहले, चेन्नई में 'लाल सलाम' के ऑडियो लॉन्च पर बोलते हुए, ऐश्वर्या ने कहा था, 'मैं आमतौर पर सोशल मीडिया से दूर रहती हूं, लेकिन, मेरी टीम अक्सर मुझे बताती रहती है कि क्या हो रहा है और कुछ पोस्ट दिखाती रहती है। उन्हें देखकर मुझे गुस्सा आता था। हम भी इंसान हैं। हाल के दिनों में, बहुत से लोग मेरे पिता को संघी कहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि मुझे इसका मतलब नहीं पता था। फिर मैंने किसी से पूछा कि संघी का मतलब क्या है, और उन्होंने कहा कि जो लोग किसी विशेष राजनीतिक दल का समर्थन करते हैं, उन्हें संघी कहा जाता है। मैं यहां यह स्पष्ट करना चाहूंगी कि मेरे पिता रजनीकांत संघी नहीं हैं। अगर वह होते तो 'लाल सलाम' जैसी फिल्म नहीं करते।

# 'राम' के जरिए कड़वाहट भरे रिश्तों में घुलती मिठास



**भोपाल,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद समाज में रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में अभिनव पहल हो रही है। एक पहल हुई है मध्य प्रदेश के सतना जिले मे, जहां पारिवारिक रिश्तों में आई कड़वाहट को खत्म करने 'राम' और 'रामायण' का सहारा लिया जा रहा है। समाज और परिवारों की शांति के साथ प्रगति में सबसे बड़ी बाधा रिश्तो में आई खटास और वैमनस्यता होती है। कई मामले पुलिस थानों से लेकर न्यायालय की दहलीज तक पहुंच जाते हैं, मगर सतना जिले में इस कड़वाहट को दूर करने का अभिनव प्रयोग शुरू हुआ है। यहां की एक संस्था मधुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन ने पारिवारिक विवाद को निपटाने के लिए संवाद का सहारा लिया। इस संस्था के लोग उन परिवारों से संपर्क करते हैं जिनके बीच किसी वजह से दूरियां बढ़ गई हैं, कड़वाहट आ गई है। दोनों ही पक्षों को राम का उदाहरण देते हुए हिदायत दी जाती है और मिलजुल कर रहने का संदेश दिया जाता है और कहा जाता है कि अब तो 500 साल के संघर्ष के बाद रामलला आ गए हैं तो हम क्यों आपस में दूर रहें। एक मामला है कोठी नगर परिषद के शिव वीर सिंह का। वे अपने माता-पिता की बात नहीं सुनते थे और अपनी मस्ती में मस्त रहते थे, मगर अब उन्होंने राम जी के चरित्र के पालन का फैसला लिया है और तय किया है कि अब अपने माता-पिता की हर बात मानेंगे और प्रभु श्री राम जी के आदर्श पर चलेंगे।

इसी तरह गौरैया की रेखा सिंह के अपनी सास से बेहतर रिश्ते नहीं चल रहे थे। संस्था के सदस्यों ने इन दोनों महिलाओं से संपर्क किया। उसका परिणाम यह हुआ कि बहू ने अपनी सास से न केवल माफी मांगी, बल्कि संकल्प लिया कि वह दोनों मिलकर राम राज्य की स्थापना के लिए अन्य लोगों के रिश्तों में आई कड़वाहट को खत्म करने में मदद करेगी। धुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन की संस्थापक डॉ स्वप्ना वर्मा का कहना है कि भगवान राम 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या आए हैं। ऐसे में हम सब का कर्तव्य है कि समाज में भी राम राज्य आए। यह तभी संभव है जब लोगों के बीच कड़वाहट न हो और वैमनस्यता खत्म हो। इसके लिए जिनके बीच विवाद है उन्हें राम, लक्ष्मण और सीता के त्याग की कहानी सुनाई जाती है, इसका असर भी हो रहा है। जहां भी पारिवारिक रिश्तों में खटास है उसे खत्म करने की हमारी संस्था के लोग प्रयास कर रहे हैं। प्रभु की कृपा से ही इस अभियान को सफलता मिल रही है।

# स्वस्थ जीवन शैली और आर्दश आहार करना दिल के लिए बेहतर : डॉ. कालरा



**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। हृदय रोग वैश्विक स्तर पर गंभीर स्वास्थ्य समस्या रही है, लगभग सभी उम्र के लोगों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। वैश्विक हेल्थ रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले दो-तीन दशकों में हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक एवं दिल मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा के अनुसार एक-दशक पहले तक हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्याओं के तौर पर देखा जाता रहा था, हालांकि अब कम उम्र के लोगों- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इसका खतरा देखा जा रहा है। इतना ही नहीं साल-दर साल यह जानलेवा रोग नई-नई चुनौतियां भी बढ़ाते जा रहा है। डॉ आर एन कालरा कहा कि हृदय रोगों और इसके कारण हुई समस्याओं पर एक नजर डाली जाए तो हम पाते हैं कि स्वस्थ जीवन शैली और आर्दश आहार गृहण करते हुए अगले साल और आने वाले वर्षों में हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है, इसपर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को पहले से ही क्रोनिक हार्ट की समस्या रही है उनके लिए भी ये मौसम काफी चुनौतीपूर्ण रहा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि कोरोना के कारण हुए हार्ट पर असर के अलावा लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की समस्याओं का जोखिम अधिक बढ़ा।

# चिल्लेकलां ने 40 दिन रूलाया, अब विदाई पर खुशी दे गया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। कश्मीर में सबसे भयानक ठंड की 40 दिनों की अवधि चिल्लेकलां ने इस बार कश्मीरियों को बहुत रूलाया है क्योंकि न ही इसकी शुरूआत पर कश्मीर में बर्फ गिरी और न ही बीच में। पर अब अंतिम दिन इसकी विदाई पर कश्मीर में बर्फबारी कश्मीरियों को खुशी जरूर दे रही है। यह खुशी इसलिए भी है क्योंकि चिल्लेकलां के समापन के साथ जो टूरिस्ट सीजन कश्मीर में खत्म हो जाया करता था इस बार उसकी शुरूआत अभी हुई है। यह सच है कि बर्फबारी को तरस रही कश्मीर की वादियां आखिरकार बर्फ की सफेद चादर में लिपटी हुई नजर आने लगी हैं। मौसम ने आखिरकार अपना मिजाज बदला, जिससे करीब 2 महीनों से सूखी ठंड के बाद कश्मीर के ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी देखने को मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक



बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। कश्मीर के गुलमर्ग में भी भारी बर्फबारी हुई है। अब यहां बर्फबारी इतनी ज्यादा हो रही है कि चारों ओर सिर्फ सफेद बर्फ की चादर दिखाई दे रही है। पहाड़ों पर दूर-दूर तक सिर्फ बर्फ दिखाई दे रही है। यही कारण था कि गुमर्ग में स्लेज खींचने वाले, घुड़सवार फिर से व्यस्त हो गए हैं। कश्मीर के गुलमर्ग में होटल व्यवसायी और विक्रेता फिर से मुस्कुरा रहे हैं क्योंकि ताजा बर्फबारी ने प्रसिद्ध स्की-रिसार्ट को फिर से जीवंत बना दिया है। गुलमर्ग के प्रसिद्ध स्की-रिसार्ट सहित कश्मीर के कई हिस्सों में लंबे समय से चला आ रहा सूखा का दौर आखिरकार रविवार रात को खत्म हो गया, जिससे उन लोगों को खुशी मिली, जो हिल स्टेशन के बंजर स्वरूप से

- बर्फबारी के साथ ही चिल्लेकलां का समापन और कश्मीर में टूरिज्म सीजन की हुई शुरूआत

निराश थे। मौसम में यह बदलाव कई पश्चिमी विक्षोभों के कारण जम्मू कश्मीर में तापमान और मौसम के पैटर्न पर असर पड़ने के बीच आया है। मौसम विभाग ने 3 फरवरी तक बारिश की भविष्यवाणी की है और कहा है कि तब तक तापमान में और गिरावट आने की उम्मीद है।

दरअसल सूखे का असर कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा था, जबकि असामान्य सर्दियों के बीच होटलों की अधिकांश बुकिंग रद्द कर दी गई थी या रोक दी गई थी, जिससे क्षेत्र का पर्यटन क्षेत्र घुटनों पर आ गया था। गुलमर्ग में 17 सालों से रहने वाले मंजूर अहमद पिछले 17 सालों से यहां एक रिजार्ट में मैनेजर हैं। मंजूर अहमद ने बिना बर्फबारी के यहां कोई मौसम नहीं देखा है। लेकिन अहमद का कहना है कि इस साल हालात कुछ अलग हैं जो पहाड़ बर्फ से ढंके और सफेद नजर आते थे वो अब तक वीरान थे और मटमैले थे। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा देखने को मिला थौ। यही वजह है कि पर्यटकों ने भी होटल में रिजर्वेशन करना बंद कर दिया था। पर अब प्रसिद्ध स्की-रिसार्ट के फिर से बर्फ से ढकने से यहां के लोगों, खासकर पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों में फिर से उम्मीद जगी है। प्रशासन ने यात्रियों और आगंतुकों को टंगमर्ग से गुलमर्ग की ओर जाने से पहले अपने वाहनों पर चेन का उपयोग करने की सलाह दी है। गैर-4बाय 4 वाहनों को अनुमति मिलने की संभावना कम है अगर उनकी कारों के टायरों में जंजीर नहीं बंधी हो।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | 6.86 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.62 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.40 प्रतिशत |
| एलटी | 3.25 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 3.18 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 1.20 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.89 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.59 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.53 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.18 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4550-4650 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5650 |
| दाल चना | 6550-6650 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9700-9800 |
| अरहर दाल | 11500-11600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



नई दिल्ली 29 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि सात फीसदी रहने का अनुमान : रिपोर्ट




**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा किये गये सुधारों और उपायों से उत्पन्न मजबूत आर्थिक गतिविधियों की बदौलत, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत के करीब बढ़ने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किये जाने से कुछ दिन पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में वृद्धि सात या सात प्रतिशत से अधिक रहेगी। वित्त मंत्रालय की इस रिपोर्ट में सुधारों को गांव स्तर पर ले जाकर उस स्तर तक शासन को नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-अनुकूल बनाने पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी 2024 को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। यह रिपोर्ट आर्थिक मामलों के विभाग ने तैयार की है लेकिन इसे परंपरागत आर्थिक समीक्षा नहीं कहा गया है। 'द इंडियन इकोनॉमी : ए रिव्यू' (भारतीय अर्थव्यवस्था: एक समीक्षा) शीर्षक इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी )के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, सरकार ने भारत के समक्ष 2047 तक विकसित देश बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सोमवार को जारी की गयी रिपोर्ट भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और पिछले 10 वर्षों में इसकी यात्रा का जायजा लेती है और आने वाले वर्षों में अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण का एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करती है।

रिपोर्ट के प्रारंभ में बताया गया है, यह (समीक्षा रिपोर्ट) आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार किया गया है पर यह भारत का आर्थिक सर्वेक्षण नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण आम चुनाव के बाद पूर्ण बजट से पहले आयेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब इसकी पूरी संभावना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत या इससे ऊंची रहेगी। इसमें कहा गया है, अब इस बात की बहुत संभावना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2014 के लिए सात प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि दर हासिल करेगी, और कुछ अनुमान यह भी है कि है कि यह वित्त वर्ष 2024-25 में भी अर्थव्यस्था सात प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि हासिल करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि वित्त वर्ष 2024-25 के लिये पूर्वानुमान सही साबित होता है ठीक है, यह महामारी के बाद चौथा वर्ष होगा जब भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत या उससे अधिक की दर से बढ़ेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकारों की पूर्ण भागीदारी से चल रहे सुधार अधिक उद्देश्यपूर्ण और फलदायी होंगे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सुधारों में राज्यों की भागीदारी तब पूर्ण होगी जब इन सुधारों में जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर शासन में बदलाव भी शामिल होंगे, जिससे उन्हें (जमीनी स्तर के शासन को) नागरिकों-अनुकूल और छोटे व्यवसाय-अनुकूल बनाया जायेगा और राज्यों में स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि और श्रम जैसे क्षेत्रों में बदलाव किया जायेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सुधारों को आगे बढ़ाने के इस काम में राज्यों एक बड़ी भूमिका निभानी है।

# उज्जैन विक्रम व्यापार मेला में मिल सकती है पंजीयन व रोड टेक्स पर 50 फीसदी की छूट




**उज्जैन,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में एक मार्च को विक्रम व्यापार मेला, इंवेस्टर्स समिट एवं विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां शुरु हो गई हैं। इस आयोजन में विक्रय होने वाले गैर-परिवहन वाहनों तथा छोटे परिवहन वाहन पर पंजीयन शुल्क एवं रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट देने का प्रावधान किया जा सकता है।

उज्जैन में होने वाले विक्रमोत्सव, व्यापार मेला एवं इंवेस्टर्स समिट में प्रस्तावित गतिविधियों की सूची बनाई जा रही है। इंवेस्टर्स समिट में आमंत्रित उद्योगपतियों और उनकी उदयोग इकाइयों की जानकारी अपडेट की जा रही है। इंवेस्टर्स का फोकस विशेषतौर पर उज्जैन होगा। आयोजन का एक पार्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा। उज्जैन एवं मालवा की सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जायेगी। मालवा का फूड एवं अन्य विशेषताएं प्रमुखता से प्रदर्शित की जायेगी।

एमपीआईडीसी के एमडी नवनीत कोठारी ने इंवेस्टर्स समिट के लिये चयनित स्थान बैठक की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। एक सेक्टर उज्जैन पर केन्द्रित होगा जहां इलेक्ट्रॉनिक एवं ऑटोमोबाइल का प्रमोशन किया जायेगा। अन्य सेक्टर में व्यावसायिक दुकानें, फूड झोन होगा। वाणिज्यिक कर विभाग को इलेक्ट्रॉनिक एवं घरेलू उपकरणों के विक्रय पर एसजीएसटी में छूट सम्बन्धी प्रावधान का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन विभाग से समन्वय कर महाकाल दर्शन एवं होटलों में रियायती दर स्टे उपलब्ध कराया जायेगा।

मेले में विक्रय होने वाले गैर-परिवहन वाहनों तथा छोटे परिवहन पर पंजीयन शुल्क एवं रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव मंत्री परिषद के समक्ष रखा जायेगा। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आयोजन स्थल पर निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध करायेगा।

## अंतरिम बजट का बाजार पर बड़े पैमाने पर असर पड़ने की संभावना नहीं : विश्लेषक

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। इस सप्ताह दो महत्वपूर्ण घटनाएं होने वाली हैं- अंतरिम बजट और दर निर्णय पर फेड की बैठक। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार कहते हैं, लेकिन इन घटनाओं का बाजार पर बड़े पैमाने पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, बजट बाजार को प्रभावित करने में सक्षम बड़ी घोषणाओं के बिना लेखानुदान होगा। फेड के फैसले के संबंध में, दर में कटौती की उम्मीद नहीं है, लेकिन टिप्पणी पर उत्सुकता से नजर रखी जाएगी। लाल सागर में अशांति एक गंभीर मुद्दा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर तक पहुंच गया है। तीसरी तिमाही के नतीजों और समाचारों के जवाब में स्टॉक विशिष्ट कार्रवाई की संभावना है। एलआईसी को एचडीएफसी बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आरबीआई की मंजूरी मिलना बाद के लिए सकारात्मक है। उन्होंने कहा, चूंकि एफआईआई की बिकवाली कायम है और ऊंची है इसलिए मंदड़िये बिकवाली के लिए रैलियों का सहारा लेंगे। बीएसई सेंसेक्स 1.24 फीसदी की भारी बढ़त के साथ 876 अंक ऊपर 71,577.23 अंक पर है। पावरग्रिड 3 फीसदी ऊपर है, कोटक महिंद्रा बैंक 2 फीसदी ऊपर है, रिलायंस इंडस्ट्रीज 2 फीसदी ऊपर है, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, सन फार्मा 2 फीसदी ऊपर हैं।

# स्पाइसजेट को ईसीएलजीएस के जरिए मिले 160 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। स्पाइसजेट ने 744 करोड़ रुपये के अलावा, इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) के जरिए 160 करोड़ रुपए भी सुरक्षित किए हैं, जिसके पास अब 900 करोड़ रुपये का पर्याप्त बैंक बैलेंस है। एयरलाइन सूत्र ने सोमवार को आईएएनएस को बताया।

पिछले हफ्ते, स्पाइसजेट ने पहली किश्त में कुल 744 करोड़ रुपये के शेयर और वारंट आवंटित किए थे। यह फैसला कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 25 जनवरी को लिया गया, जो स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सूत्र ने आगे कहा कि एयरलाइन के सीएमडी अजय सिंह व्यक्तिगत रूप से सभी प्रमुख खर्चों की निगरानी करेंगे।

सूत्रों ने कहा, प्रत्येक रुपये की सावधानीपूर्वक जांच की जाएगी, मंजूरी के बिना किसी भी व्यय की अनुमति नहीं होगी। सिंह ने स्पष्ट किया कि खराब प्रदर्शन करने वालों को स्पाइसजेट में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। एक एयरलाइन अधिकारी ने कहा कि फंड इन्फ्यूजन के साथ, कंपनी फ्लीट अपग्रेड, टाइम परफॉर्मेंस को बढ़ाने और कस्टमर्स को प्राथमिकता देगी।

इसके अलावा, संचालन को सुव्यवस्थित करने और दक्षता बढ़ाने के लिए लागत में कटौती के उपायों की एक श्रृंखला लागू की जाएगी। कंपनी को उम्मीद है कि फाइनेंसिंग के लिए वह पर्याप्त पूंजी जुटाएगी।

स्पाइसजेट को शेष सब्सक्राइबर्स से इक्विटी/वारंट जुटाने की एक और किश्त पूरी करनी है और उन्होंने मौजूदा तरजीही मुद्दे के तहत प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से अतिरिक्त समय का अनुरोध किया है, जैसा कि 10 जनवरी, 2024 को कंपनी के शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था।

## सार संक्षेप

### मेरा सिर खून से लथपथ है, पर झुका हुआ नहीं : रवींद्रन

**नई दिल्ली।** संकटग्रस्त एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक और सीईओ बायजू रवींद्रन ने शेयरधारकों को लिखे अपने पत्र में विलियम अर्नेस्ट हेनले की एक छोटी कविता इनविक्टस की पंक्ति उद्धृत करते हुए कहा, मेरा सिर खून से लथपथ है, लेकिन नतमस्तक नहीं हूं। शेयरधारकों को लिखे पत्र में रवींद्रन ने कहा कि कंपनी चल रहे पूंजीगत व्यय को वित्तपोषित करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए 20 करोड़ डॉलर का राइट्स इश्यू लॉन्च कर रही है। उन्होंने लिखा, मैं न तो परिस्थिति के दबाव में रोया और न ही मौके के दबाव में। मेरा सिर खून से लथपथ है, लेकिन झुका हुआ नहीं है। रवींद्रन ने कहा, हमारा मानना है कि शीघ्र पूंजी जुटाने से कंपनी को पुनर्निर्माण और विस्तार के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे। इसका उपयोग व्यवसाय संचालन को जारी रखने, दायित्वों का प्रबंधन करने और कंपनी को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीने कठिन रहे हैं, क्योंकि बायजू को कुछ ही कंपनियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। संस्थापक ने कहा, हालांकि वृहद परिवेश के संदर्भ में बहुत कुछ बदल गया है, कंपनी के मिशन में हमारा संकल्प और विश्वास अपरिवर्तित है। इस अनिश्चित समय में हम कंपनी के सर्वोत्तम हित में कई कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटे हैं, और हम आने वाले महीनों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे।

### 'रियलमी भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को बढ़ाना जारी रखेगा'

**कोलंबो।** ग्लोबल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड रियलमी, जिसने पिछले पांच सालों में भारतीय बाजार में अपनी उल्लेखनीय पहचान बनाई है, घरेलू बाजार में अपनी जड़ें मजबूत करना जारी रखेगा। रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी के लॉन्च के साथ, कंपनी ने भारत में युवा उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक और कदम उठाया है। भारत में कंपनी की उपस्थिति के संबंध में, रियलमी के उपाध्यक्ष चेज जू ने आईएएनएस को बताया कि वे देश में ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना जारी रखेंगे। जू ने कहा कि रियलमी ने मेक इन इंडिया की तर्ज पर सहयोग करते हुए भारतीय तकनीकी परिदृश्य में निवेश करने के अलावा 13,000 नौकरियां दी हैं। इसका रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर गुरुग्राम में स्थित है और कंपनी भारतीय बाजार में अपनी जड़ें और मजबूत करना चाहती है। ब्रांड को आधिकारिक तौर पर 4 मई, 2018 को स्मार्टफोन इंडस्ट्री एक्सपीरियंस वाली युवा और मजबूत टीम द्वारा स्थापित किया गया था। फिलहाल भारत में रियलमी के 70 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं। आईडीसी की रिपोर्ट के अनुसार, रियलमी 2022 में 24 प्रतिशत की मजबूत सालाना वृद्धि (टॉप-5 ब्रांड्स में सबसे अधिक) के साथ दूसरी बार दूसरे स्थान पर पहुंच गया। कंपनी ने 23 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ ऑनलाइन चैनल में अपना दूसरा स्थान मजबूत किया।

# रिलायंस के चढ़ने से शेयर बाजार में तूफानी तेजी




**मुंबई** 29 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद, बांड यील्ड में गिरावट और चीन के बाज़ार को समर्थन देने के लिए उपाय शुरू करने के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के करीब सात प्रतिशत तक चढ़ने से आज शेयर बाजार ने ऊंची छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1240.90 अर्थात् 1.76 प्रतिशत की उड़ान भरकर 71 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 71,941.57 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 385 अंक यानी 1.8 प्रतिशत की छलांग लगाकर 21,737.60 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.68 प्रतिशत उछलकर 38,380.66 अंक और स्मॉलकैप 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 44,819.28 अंक पर पहुंच गया।

बीएसई कुल 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2262 में लिवाली जबकि 1659 में बिकवाली हुई वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों में तेजी जबकि 10 में गिरावट रही। बीएसई में एफएमसीजी, टेक और आईटी समूह की 0.11 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 17 समूहों में तेजी का रुख़ रहा। इससे ऊर्जा 5.29, तेल एवं गैस 4.94, यूटिलिटीज 3.59, पावर 3.03, सर्विसेज 2.82, इंडस्ट्रियल्स 2.17, कैपिटल गुड्स 2.13, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.93, धातु 1.73 और कमोडिटीज समूह के शेयर 1.50 प्रतिशत चढ़ गए।

विश्व बाजार का रुख मिलाजुला रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.13, जापान का निक्केई 0.77 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 प्रतिशत मजबूत रहा वहीं जर्मनी का डैक्स 0.49 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.92 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 267 अंक की तेजी के साथ 70,968.10 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 70,880.54 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 72,010.22 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 70,700.67 अंक के मुकाबले 1.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 71,941.57 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 81 अंक बढ़कर 21,433.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,429.60 अंक के निचले जबकि 21,763.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,352.60 अंक की तुलना में 1.80 प्रतिशत उछलकर 21,737.60 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 25 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों ने सबसे अधिक 6.86 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा मोटर्स 3.62, पावरग्रिड 3.40, एलटी 3.25, कोटक बैंक 3.18, एनटीपीसी 3.11, अल्ट्रासिमको 2.92, टाइटन 2.33, सन फार्मा 1.77, एक्सिस बैंक 1.76, एसबीआई 1.63, एचसीएल टेक 1.54, बजाज फाइनेंस 1.44, एचडीएफसी बैंक 1.42, मारुति 1.10, टाटा स्टील 1.01, इंडसइंड बैंक 0.94, एशियन पेंट 0.91, आईसीआईसीआई बैंक 0.74, नेस्ले इंडिया 0.68, विप्रो 0.64, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.59, बजाज फिनसर्व 0.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.22 और भारती एयरटेल के शेयर भी 0.19 प्रतिशत के लाभ में रहे। वहीं, आईटीसी 1.20, इंफ़ोसिस 0.89, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.59, टेक महिंद्रा 0.53 और टीसीएस के शेयर 0.18 प्रतिशत टूट गए।

# सत्या नडेला फरवरी में करेंगे भारत का दौरा, एआई के साथ नए अवसरों पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला अपनी वार्षिक यात्रा के तहत 7 और 8 फरवरी को भारत का दौरा करेंगे। इस दौरान वह एआई के साथ नए अवसरों पर चर्चा कर सकते हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला एआई के साथ नए अवसरों की तलाश में भारत के डेवलपर कम्युनिटी और टेक्नोलॉजिस्ट को संबोधित करेंगे। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष, पुनीत चंडोक ने कुछ हफ्ते पहले इंटरनल ईमेल में कहा था कि नडेला की यात्रा देश में अवसरों को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की माइक्रोसॉफ्ट के समर्पण की पुष्टि करती है।

पिछले साल जून में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान नडेला, अल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और एप्पल के सीईओ टिम कुक सहित उल्लेखनीय अमेरिकी और भारतीय तकनीकी अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद, नडेला के कार्यालय ने एक बयान जारी कर पीएम के साथ उनकी मुलाकात की रूपरेखा बताई। माइक्रोसॉफ्ट के बयान में कहा गया, महत्वपूर्ण विषय भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति था। इसमें कहा गया है, भारत दुनिया में सबसे जीवंत डेवलपर और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में से एक है। माइक्रोसॉफ्ट भारतीय प्रौद्योगिकी के विकास के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है, जो भारत और दुनियाभर के बाजारों दोनों को प्रभावित करेगा। इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट प्रतिष्ठित 3 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच गया है और यह उपलब्धि हासिल करने वाली एप्पल के बाद दूसरी कंपनी बन गई है।

# अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी, दालें महंगी



**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही और दालें भी महंगी हो गईं वही अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा चार रिंगिट बढ़कर 3967 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.48 सेंट की गिरावट के साथ 46.45 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 146 रुपये, मूंगफली तेल 147 रुपये और सोया रिफाइंड 146 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये, मूंग दाल 200 रुपये, उड़द दाल 450 रुपये और अरहर दाल 200 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मसूर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10450-10550, अरहर दाल 11700-11800 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# 4 में से 1 कंपनी ने प्राइवेसी, डेटा सिक्योरिटी जोखिम को लेकर जेनएआई पर लगाया प्रतिबंध




■ **90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेनएआई को डेटा और जोखिम प्रबंधन के लिए नई तकनीकों की आवश्यकता है**

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। चार में से एक से ज्यादा आर्गेनाइजेशन ने प्राइवेसी और डेटा सिक्योरिटी जोखिमों को लेकर जेनएआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

सिस्को 2024 डेटा प्राइवेसी बेंचमार्क स्टडी के अनुसार, अधिकांश कंपनियां डेटा प्राइवेसी और सिक्योरिटी मुद्दों पर जेनरेटिव एआई (जेनएआई) के उपयोग को सीमित कर रही हैं और 27 प्रतिशत ने अस्थायी रूप से इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

व्यवसायों ने आर्गेनाइजेशन के कानूनी और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अधिकारों (69 प्रतिशत) के खतरों और निजी जानकारी के खुलने के जोखिम (68 प्रतिशत) का हवाला दिया।

48 प्रतिशत ने जेनएआई टूल्स में नॉन-पब्लिक कंपनी की जानकारी दर्ज करने की बात स्वीकार की, 91 प्रतिशत व्यवसायों ने माना कि उन्हें कस्टमर्स को आश्वस्त करने के लिए और अधिक करने की आवश्यकता है कि उनके डेटा का उपयोग एआई में वैध उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

लगभग 98 प्रतिशत ने कहा कि एक्सटर्नल प्राइवेसी सर्टिफिकेशन उनके खरीदारी निर्णयों में एक महत्वपूर्ण फैक्टर है, जो सालों में उच्चतम स्तर है।

सिस्को के मुख्य कानूनी अधिकारी देव स्टाहल्कॉफ ने कहा, आर्गेनाइजेशन जेनएआई को एक मौलिक रूप से अलग टेक्नोलॉजी के रूप में देखते हैं, जिसमें नई चुनौतियों पर विचार करना होगा।

स्टाल्कोफ ने कहा, 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेनएआई को डेटा और जोखिम प्रबंधन के लिए नई तकनीकों की आवश्यकता है। कस्टमर्स का विश्वास बनाए रखना इस पर निर्भर करता है। अधिकांश संगठन भी इन जोखिमों से अवगत हैं और जोखिम को सीमित करने के लिए नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं।

लगभग 63 प्रतिशत ने इस पर सीमाएं स्थापित की हैं कि कौन सा डेटा दर्ज किया जा सकता है और 61 प्रतिशत ने सीमाएं स्थापित की हैं कि कर्मचारियों द्वारा जेनएआई टूल का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है।

उपभोक्ता आज अपने डेटा से जुड़े एआई के उपयोग को लेकर चिंतित हैं, और फिर भी 91 प्रतिशत आर्गेनाइजेशन मानते हैं कि उन्हें अपने कस्टमर्स को आश्वस्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है कि उनके डेटा का उपयोग एआई में केवल वैध उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पिछले साल के स्तर के समान है, जिससे पता चलता है कि बहुत अधिक प्रगति हासिल नहीं हुई है।

## मेलबर्न स्टार्स के साथ 2026-27 तक जुड़े रहेंगे मार्कस स्टोइनिस

**केप टाउन,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न स्टार्स के साथ अपना अनुबंध तीन साल तक बढ़ा दिया है। यानी वो अब 2026-27 तक स्टार्स से जुड़े रहेंगे। मार्कस स्टोइनि का मेलबर्न स्टार्स के साथ बने रहने का निर्णय सस्पेंस में था। कई क्लबों ने इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने में रुचि व्यक्त की थी। पर्थ स्कॉर्चर्स स्टोइनिस की प्रारंभिक बीबीएल टीम थी जहां उन्होंने 2012-13 सीज़न में तीन मैच खेले थे। उन्हें फिर से अपने साथ शामिल करना चाहती थी। हालांकि, स्टोइनिस ने स्टार्स के साथ अपनी यात्रा जारी रखने का फैसला किया। स्टार्स के प्रति उनकी प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। स्टोइनिस एक बड़े रिकॉर्ड के करीब हैं जिसे केवल कुछ चुनिंदा लोग ही हासिल कर पाते हैं।



# रवींद्र जडेजा व केएल राहुल का चोट के चलते दूसरे टेस्ट से बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। धुरंधर ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और बल्लेबाज केएल राहुल चोट के चलते इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की क्रिकेट सीरीज के विशाखापट्टनम में 2 फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से भारतीय टीम बाहर हो गए हैं। रवींद्र जडेजा की जांघ की मांसपेशी में भारत के हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट के चौथे दिन खिंचाव आ गया था वहीं केएल राहुल से दाएं 'क्वाड्रीसेप्स'(चार सिर वाली मांसपेशी) में दर्द की शिकायत की है। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने सोमवार को दी। सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति ने जडेजा और केएल राहुल के दूसरे टेस्ट से बाहर होने पर सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भारतीय टीम से जोड़ा है। बहुत उम्मीद यही है कि बतौर बल्लेबाज भारत दूसरे टेस्ट के लिए केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार को ही एकादश को शामिल करेगा

इंग्लैंड से हैदराबाद में सीरीज का पहला टेस्ट 28 रन से हारने के बाद दूसरा टेस्ट जीत सीरीज में बराबरी की आस लगाने वाले भारत के लिए रवींद्र जडेजा और केएल राहुल का चोट के चलते बाहर होना बड़ा झटका है। वहीं निजी कारणों से धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली भी दूसरे टेस्ट से पहले ही बाहर हैं।

उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर इससे पहले दिसंबर, 2022 में भारतीय टीम के बांग्लादेश दौरे के लिए टीम में चुने गए थे तब उन्हें अपने टेस्ट करियर का आगाज करने का मौका नहीं मिला। सौरभ पूरे रंग में गेंदबाजी कर रहे हैं और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया %ए' के लिए खेलते हुए उन्हाने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए। इंडिया %ए' के लिए इसी मैच में सरफराज खान ने शतक जड़ा था। वहीं वाशिंगटन सुंदर अब तक भारत के लिए चार टेस्ट मैच खेल कर तीन अर्द्धशतक जड़ चुके हैं।



■ **सौरभ कुमार, सुंदर और सरफराज को भारतीय टीम से जोड़ा गया**

चार टेस्ट में हालांकि बतौर ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर ने छह विकेट ही लिए हैं। भारत यदि जडेजा की जगह प्रमुख स्पिनर को ही दूसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में शामिल करने की सोचता है फिर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के रूप में उसके पास एक अच्छा विकल्प है।कलदीप यादव अब तक 34 टेस्ट विकेट चटका चुके है।

**इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए अब अपडेटेड भारतीय टीम :** रोहित शर्मा(कप्तान), शुभमन गिल , यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल(विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), रजत पाटीदार, सरफराज खान,वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार, आवेश खान।

## आईसीसी ने पोप से कंधा टकराने के आरोप में बुमराह को एक डिमेरिट अंक

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के बल्लेबाज ऑली पोप को जान बूझकर कंधा टकराने के आरोप में एक डिमेरिट अंक दिया हैं। आईसीसी ने इसे आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन माना है और इसके लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आधिकारिक फटकार लगाते हुए उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया है और उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया है। आईसीसी की खिलाड़ी आचार संहिता की धारा 2.12 के अनुसार किसी भी खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या फिर किसी दर्शक से भी अनुचित रोप्प से शारीरिक संपर्क करना दंडनीय अपराध है। यह पिछले 24 महीने में बुमराह की पहली गलती है और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। इसलिए इसकी कोई सुनवाई नहीं होगी। मैच रेफ़री रिची रिचर्डसन ने उन्हें एक डिमेरिट अंक की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है कि हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान 81वें ओवर में यह घटना उस समय हुई जब पोप ऑफ साइड में खेले गए एक शॉट पर रन लेना चाहते थे। पोप ने आरोप लगाया गया कि बुमराह जान बूझकर रास्ते में खड़े हो गए, जिसके कारण यह टक्कर हुई। पोप ने तुरंत ही इस घटना की शिकायत मैदानी अंपायर से की थी।

## भारत की पुरुष टीम हॉकी 5 विश्व कप के क्वॉर्टर फाइनल में

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (देशबन्धु)। मनिंदर सिंह के दोनों हाफ में दो-दो गोल सहित दागे चार, मोहम्मद रहील , मंजीत व मनदीप मोर के दो -दो तथा उत्तम सिंह, पवन राजभर और गुरजोत सिंह के एक-एक गोल से भारत की पुरुष टीम ने अपने पूल बी के आखिरी मैच में जमैका को सोमवार को 13-0 से करारी शिकस्त के साथ मस्कट (ओमान) में एफआईएच हॉकी 5 विश्व में पूल बी में तीन मैचों दूसरी जीत के साथ क्वॉर्टर फाइनल में स्थान पा लिया। भारत की टीम पूल बी में रविवार को अपने पहले मैच में स्विटजरलैंड को 9-1 से हराने के बाद मिस्र से 6-8 से हार गया था। मनिंदर सिंह के दूसरे मिनट में दागे दो दनादन गोल, उत्तम सिंह और मंजीत सिंह के पांचवें मिनट में दागे एक एक गोल से भारत ने छह मिनट में 4-0 की बढ़त लेने के बाद जमैका के गोल पर लगातार हमले जारी रखे। पवन राजभर ने नौवें और गुरजोत सिंह के 14 वें मिनट में दागे एक एक गोल से हाफ टाइम तक भारत ने 6-0 की बढ़त ले ली थी। मोहम्मद रहील (16 वें , 27 वें मिनट) , मंदीप मोर (23 वें व 27 वें मिनट), मनिंदर सिंह (28 वें व 29 वें मिनट ) के दो-दो तथा मंजीत (24 वें मिनट) के दूसरे हाफ में दागे एक गोल से भारत ने मैच 13-0 से जीत लिया।



### महिला टीम नीदरलैंड से 2-7 से हारी

भारतीय महिला हॉकी टीम मस्कट में एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के अहम फाइनल में रविवार रात नीदरलैंड से 2-7 हार कर खिताब जीतने चूक गई। भारतीय महिला हॉकी के लिए फाइनल में ज्योति छतरी (20 वें मिनट) और ॠतुजा डडासो पिसल (23 वें मिनट) ने ही एक-एक गोल किया। विजेता नीदरलैंड के लिए यॉन्की वान डी वेनी(दूसरे व 14 वें मिनट) , बेंटे वान डेर वेट (चौथे व आठवें मिनट) , लाना कासी (11 वें 27 वें मिनट) ने दो दो तथा सोशा बेनिंगा(13 वें मिनट) ने एक गोल किया। हॉकी इंडिया ने हॉकी 5 विश्व कप में उपविजेता रही भारतीय महिला हॉकी टीम को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हर खिलाड़ी को तीन -तीन लाख रुपये और सपोर्ट स्टाफ के ही सदस्य को डेढ़ -डेढ़ लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। फाइनल में दोनों टीमों ने पूरा जोर गोल करने के मौके तलाशने पर लगा दी। यान्की वॉन वेनी ने दूसरे मिनट में तेज शॉट शॉट लगाया और गेद भारत की गोलरक्षक रजनी इतिमारपू के पैड से लग कर गोल मे चली गई और नीदरलैंड को 1-0 की बढ़त मिल गई। बेंटे वान डेर वेट ने भारत के गोल के सामने चौथे मिनट में तेज शॉट जमा गोल कर नीदरलैंड की बढ़त 2-0 और चार मिनट बेंटे ने मैच का अपना दूसरा गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर दिया। पहला पहला हाफ खत्म होने से चार मिनट पहले लाना कासी ने नीदरलैंड को 4-0 से तथा दो मिनट बाद सोशा बेनिंगा ने गोल कर अपनी टीम को 5-0 तथा अगले ही मिनट यॉन्की वान ने अपना दूसरा गोल कर 6-0 से आगे कर दिया । भारत की ज्योति छतरी ने 20 वें मिनट और ॠतुजा डडासो पिसल ने तीन मिनट कर स्कोर 2-6 कर दिया। लाना कासी ने खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले अपना मैच का दूसरा गोल कर नीदरलैंड को 7-2 से मैच जिता दिया।

## दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ जीता स्वर्ण पदक

**काहिरा** 29 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के दिव्यांश सिंह पंवार ने आईएसएसएफ विश्व कप 2024 में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

रविवार को खेले गये मुकाबले में टोक्यो ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार ने क्वालिफिकेशन राउंड में 632.4 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया और हमवतन अर्जुन बाबुता के साथ पदक राउंड के लिए क्वालीफाई किया, जो 630.7 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग राउंड में चौथे स्थान पर रहे। संदीप सिंह 630.4 के स्कोर के साथ सातवें, रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल 629.3 के साथ 11वें स्थान पर रहे।

फाइनल में, दिव्यांश सिंह पंवार 253.7 के स्कोर के साथ एक बार फिर शीर्ष पर रहते हुए एक वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर बनाया। इटली के डेनिलो डेनिस सोलाज़ो ने 251.8 के साथ रजत पदक जीता, जबकि सर्बियाई निशानेबाज लज़ार कोवासेविक को 230.6 के साथ कांस्य पदक मिला। अर्जुन बाबुता 166.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे।






एक अन्य मुकाबले में सोनम उत्तम मस्कर ने अपने पहले आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करते हुए मिस्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक सिटी शूटिंग रेंज में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।

सोनम ने फाइनल में 252.1 का स्कोर किया और जर्मनी की अन्ना जानसेन से 0.9 पीछे रहीं। पोलैंड की एनेटा स्टैंकीविक्ज़ (230.4) ने भारत की नैंसी (209.5) को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। सोनम और नैन्सी ने क्रमश: 632.7 और 633.1 के स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई थी और 60-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड को क्रमश: पांचवें और चौथे स्थान पर समाप्त किया था।

भारत की तिलोत्तमा सेन 627.6 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में 29वें स्थान पर थीं, जबकि आरपीओ के लिए खेल रही रमिता 632.0 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहीं।

दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ भारत पहले आईएसएसएफ विश्वकप की पदक तालिका में शीर्ष पर है।

## भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में पांचवें पायदान पर पहुंच

**दुबई** 26 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ मिली 28 रनों की हार के कारण भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में तीन स्थान नीचे खिसक कर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है।

भारत दो बार डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेल चुका है और वह तालिका में दूसरे स्थान पर था। भारत इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बंगलादेश से नीचे चला गया है। इस हार के बाद भारत का अंक प्रतिशत 54.16 से अब 43.33 हो गया है। पिछले बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया तालिका में शीर्ष पर है।

दक्षिण अफ्रीका को केपटाउन टेस्ट में दो दिन के भीतर हराने के बाद भारत कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर भी था। लेकिन इसके ठीक दो दिन बाद ही पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया और वह पहले स्थान पर पहुंच गया।




उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र (2023-25) में भारत ने पांच टेस्ट मैच खेले हैं और उसमें उसे दो में जीत मिली है जबकि एक मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ है।

हालांकि भारत को हराने के बावजूद इंग्लैंड भी तालिका में एक पायदान नीचे खिसक गया। इसकी वजह गाबा में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत रही। वेस्टइंडीज अब तालिका में सातवें स्थान पर है जबकि इंग्लैंड आठवें पायदान पर है।

## सार संक्षेप

### इंग्लैंड ने भारत की टेंशन बढ़ा दी : मार्क वुड

**हैदराबाद।** इंग्लैंड के तूफानी तेज गेंदबाज मार्क वुड का कहना है कि राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पहले टेस्ट में टीम की 28 रनों की जीत ने भारत को श्रृंखला के दूसरे मैच से पहले सोचने के लिए बहुत कुछ दिया है। सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने शुरुआती दिनों में दबदबा बनाए रखा, लेकिन, ओली पोप की शतकीय पारी भारतीय टीम पर हावी रही। ओली पोप की 196 रनों की शानदार पारी ने मैच की गति बदल दी, जिससे भारत को 231 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला। फिर, भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप को टॉम हार्टले ने तहस-नहस कर दिया। युवा स्पिनर ने अंतिम पारी में 7 महत्वपूर्ण विकेट लिए और भारत को हार की तरफ धकेल दिया। टीम इंडिया अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 202 रन पर ऑल आउट हो गई, और इंग्लैंड ने 28 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। जिससे उन्हें पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिली। वुड ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा, उन्हें अब एक अलग योजना के साथ आना होगा। हमने केवल एक मैच जीता है और श्रृंखला में पांच हैं। हमने भारत को साबित कर दिया है कि यह एक लड़ाई होगी और हम हार नहीं मानने वाले हैं। कई लोग हमें लेकर कई तरह के सवाल उठा रहे थे, लेकिन, टीम को हमेशा खुद पर विश्वास था। हम जानते थे कि यह एक बहुत बड़ा काम होने वाला था, लेकिन यह एक बड़ी उपलब्धि है।

### गिल को जो मौके मिले हैं, वह पुजारा को भी नहीं मिले थे : कुंबले

**हैदराबाद।** टेस्ट क्रिकेट में शुभमन गिल के लगातार फ्लॉप शो पर भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने कहा कि दाएं हाथ के बल्लेबाज को जो मौके मिले हैं, वो शायद अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को भी नहीं मिला। अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत और तीसरे नंबर पर आने के बाद शुभमन गिल की राह थोड़ी मुश्किल हो गई है। हैदराबाद में शुभमन गिल को पहली पारी में मात्र 23 रन पर डेब्यूटेंट टॉम हार्टले ने चलता किया। दूसरी पारी में जब भारत के सामने 231 रन का टारगेट था तब गिल बिना खाता खोले हार्टले के खिलाफ शून्य पर आउट हो गए। 24 वर्ष के गिल ने पिछली 11 टेस्ट पारियों में अर्धशतक नहीं लगाया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल मार्च में पहली पारी में 128 रन बनाए थे। उसके बाद से उनका सर्वोच्च स्कोर 36 रन रहा है। गिल ने अपनी पिछली 11 टेस्ट पारियों में 17.30 की औसत से 173 रन बनाए हैं। यह उनके वनडे में 1000 प्लस रन बनाने और पिछले साल आईपीएल 2023 में शीर्ष रन-स्कोरर बनने के बिल्कुल विपरीत है।

## इंग्लैंड की टीम से उलझना नहीं चाहिए : नासिर हुसैन



**हैदराबाद,** 29 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मैच में भारत को 28 रन से हराने के बाद बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड ने दिखाया है कि वे एक बेहतरीन टीम हैं और उनसे उलझना नहीं चाहिए। उप-कप्तान ओली पोप के शानदार 196 रनों की मदद से इंग्लैंड ने भारत को 28 रनों से हराया। भारत को जीत के लिए 231 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला, लेकिन, भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप को टॉम हार्टले ने तहस-नहस कर दिया। युवा स्पिनर ने अंतिम पारी में 7 महत्वपूर्ण विकेट लिए और भारत को हार की तरफ धकेल दिया। टीम इंडिया अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 202 रन पर ऑल आउट हो गई, और इंग्लैंड ने 28 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत से इंग्लैंड को पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिल गई है, जिससे टीम का यह विश्वास भी बढ़ गया है कि उनकी अल्ट्रा-अटैकिंग बैजबॉल थ्योरी भारतीय परिस्थितियों में अच्छा काम करने में सक्षम है।

हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स के लिए अपने कॉलम में लिखा, कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में टीम का रोमांचक सफर जारी है। इससे पता चलता है कि उनमें गजब का आत्मविश्वास है। जिस तरह से वे खेल रहे हैं। उसमें उन्हें बहुत विश्वास है और वे चीजों को अपने तरीके से करते हैं। वे बाहरी शोर के बारे में चिंता नहीं करते हैं। मुझे इस टीम में जो बात पसंद है, वह है, उनकी जिद। यदि आप उन पर संदेह करेंगे, तो वे और खतरनाक हो जाते हैं।

## महान टेस्ट बल्लेबाज बनने के लिए गिल को रक्षात्मक खेल बेहतर करना होगा : मांजरेकर

**हैदराबाद** 29 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि शुभमन गिल को महान टेस्ट बल्लेबाज बनने के लिए अपनी बल्लेबाजी के रक्षात्मक स्तर के खेल को बेहतर करना होगा।

मांजरेकर ने यह टिप्पणी रविवार को पहला टेस्ट की समाप्ति के बाद की। उन्होंने कहा, मैंने सीरीज़ की शुरुआत में भी कहा था कि शुभमन गिल को टेस्ट में अपना रिकॉर्ड बेहतर करने और एक महान टेस्ट खिलाड़ी बनने के लिए क्या करना होगा। सबसे पहले तो उन्हें अपने रक्षात्मक खेल पर काम करने की आवश्यकता है। हमने दक्षिण अफ्रीका और विश्वकप फाइनल में भी देखा कि वह रक्षात्मक शॉट खेलते हुए आउट हुए। टेस्ट क्रिकेट में रक्षात्मक खेल के बिना काम नहीं चलता, इस प्रारूप में आपका रक्षात्मक होना आवश्यक है। टेस्ट क्रिकेट में आप बार बार काउंटर अटैक नहीं कर सकते। तो कहीं ना कहीं उन्हें अभी इस पहलू पर काफ़ी काम करना होगा। उन्होंने कहा कि तेज गेंदबाजी के खिलाफ गिल का डिफेंस अच्छा है लेकिन स्पिन खेलने के लिए टीम मैनेजमेंट और सपोर्ट स्टाफ को गिल की मदद करनी चाहिए।



उन्होंने कहा, यह गिल की ज़िम्मेदारी नहीं है। जो सपोर्ट स्टाफ हैं, बल्लेबाजी कोच हैं, मुख्य कोच हैं, उन्हें गिल को ऐसा अभ्यास कराना चाहिए कि स्पिन के खिलाफ उनका रक्षात्मक खेल बेहतर हो सके। पेस और बाउंस के खिलाफ उनका रक्षात्मक खेल काफी ठीक है लेकिन स्पिन के खिलाफ उन्हें थोड़ा बैकफुट को भी प्ले में लाना होगा और फ्रंटफुट पर आकर हल्के हाथों से भी खेलने का प्रयास करना होगा, एक दो रन निकालने के बारे में सोचना होगा। जिस तरह से ऑली पोप ने अपनी पारी की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि गिल ने अपने अब तक के टेस्ट करियर में कुल 39 पारियों में दो शतक के साथ 29.52 की औसत से 1063 रन बनाए हैं। पिछले वर्ष वेस्टइंडीज़ के टेस्ट दौरे के बाद से ही गिल नियमित तौर पर नंबर तीन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने नंबर तीन पर अब तक कुल 10 पारियां में 21 की औसत से 189 रन बनाए हैं। इस दौरान 47 रन उनका उच्चतम स्कोर रहा है।

# भारत ने अमेरिका को हरा अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप ग्रुप ए में लगातार तीसरी दर्ज की

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

नई दिल्ली, 29 जनवरी (देशबन्धु)। ऑलराउंडर सलामी बल्लेबाज मैन ऑफ द मैच अर्शिन कुलकर्णी के शानदार शतक व मुशीर खान के अर्द्बशतक तथा बाएं हाथ के तेज गेदबाज नमन तिवारी (4/20)) की रफ्तार के साथ धार की बदौलत की पांच बार के चैंपियन भारत ने अमेरिका को ब्लोमफोंटेन में रविवार को आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप ए के मैच मे 201 रन के बड़े अंतर से हराकर ग्रुप लगातार तीसरी जीत के साथ अजेय और शीर्ष पर रह सुपर सिक्स में जगह बना ली। भारत के लिए उपकप्तान बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य कुमार पांडे ने बेहद कसी गेंदबाजी की और उनका गेंदबाजी विश्लेषण रहा 10-2-13-1। पांडे ने अपने अंतिम और मैच के अंतिम ओवर में आरिन नाडकर्णी(20 रन, 44 गेंद, दो छक्के) को लिंबानी के हाथों मिड ऑन पर कैच उनकी और अमोघ अरापल्ली (27 रन, 71 गेंद, दो चौके) की आठवें विकेट की 31 रन की भागीदारी को तोड़ा। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी (108, 118 गेंद, 3 छक्के, आठ चौके)की चौथे बल्लेबाज के रूप में आउट होने से पहले अपने सलामी जोड़ीदार आदर्श सिंह (25 रन, 4 चौके, 37 गेंद) के साथ पहले विकेट की 46, ,दूसरे विकेट के लिए मुशीर (73 रन, 76 गेंद, एक छक्का ,छह चौके) के साथ 155 , कप्तान उदय सहारन ((35 रन, 27 गेंद, दो छक्के, एक चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की भागीदारियों की बदौलत पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर भारत ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 326 का पहाड़ का स्कोर बनाया। प्रियांशु मोलिया 19 गेंद खेल कर दो चौकों की मदद से 27 रन बनाकर और अरावली अविनाश सात गेंद खेल कर एक छक्के की मदद से 13 रन बनाकर अविजित रहे। मोलिया ने पांचवें विकेट के लिए सचिन दास (20 रन, 16 गेंद, एक छक्का) के साथ 37 व अविनाश के साथ छठे विकेट की 30 रन का भी योगदान रहा। तेज गेंदबाज नमन तिवारी (4/20) ने उत्कर्ष श्रीवास्तव (40 रन, 73 गेंद, चार चौके) की सिद्धार्थ कप्पा(18 रन, 60 गेंद, दो चौके) के साथ चौथे विकेट की 43 तथा विकेटकीपर अमोघ अरापल्ली (अविजित 27, 71 गेंद, दो चौके) के साथ पांचवें विकेट की 20 रन की भागीदारी के बावजूद अमेरिका को 50 ओवर में आठ विकेट पर 125 रन पर रोक कर भारत को बड़ी जीत दिलाई। नमन तिवारी ने सलामी बल्लेबाज भव्य मेहता(0) को बोल्ड किया, कप्तान ॠषि रमेश (8) को शार्ट गेंद पर अभिषेक के हाथों स्कवॉयर लेग पर, उत्कर्ष को कटर पर कवर में दास के हाथों कैच करा अपना तीसरा और मानव नायक (0) को कुलकर्णी के हाथों कैच करा अपना चौथा विकेट चटका कर 30 ओवर में अमेरिका का स्कोर छह विकेट पर 79 कर दिया। राज लिम्बानी ने सलामी बल्लेबाज प्रणव चेट्टिपालयम (2) को, प्रियांशु मोलिया ने सिद्धार्थ कप्पा को पांडे के हाथों मिड ऑफ तथा आफ स्पिनर मुरुगन अभिषेक ने पार्थ पटेल (2) को कप्तान उदय सहारन के हाथों पॉइंट पर कैच कराया। वही मोलिया के चौथे ओवर में नाडकर्णी ने दो बड़े छक्के जड़ने सहित पारी के 44 वें ओवर में 14 रन लिए।




■ **भारत की जीत में जीत में कुलकर्णी का शतक, नमन का गेंद से चौका**